राष्ट्रीय दैनिक

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित



# प्रात·किरण



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़



11 डब्ल्यूसीएल में एक साथ खेलेंगे...

अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में पिछड़ी... 12



वर्ष : 11 | अंक : 261 | पटना, शनिवार, 03 फरवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


## पहली बार राफेल लड़ाकू विमान देश के भीतर ऑपरेशनल अभ्यास में हिस्सा लेगा

# भारत-पाकिस्तान सीमा के पास वायु सेना 17 फरवरी को करेगी वायु शक्ति अभ्यास

- दो घंटे तक चलने वाले इस अभ्यास में वायु सेना दिखाएगी भारत की युद्धक क्षमता

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारतीय वायु सेना भारत-पाकिस्तान सीमा के नजदीक पोखरण फायरिंग रेंज राजस्थान में 17 फरवरी को ह्यवायु शक्तिह्न अभ्यास करके अपनी युद्धक तथा प्रहार क्षमताओं को प्रदर्शित करेगी। इसमें कुल 77 लड़ाकू विमान, 41 हेलीकॉप्टर, 5 परिवहन विमान और 12 मानव रहित प्लेटफार्म भाग लेंगे। लड़ाकू विमान राफेल और प्रचंड हेलीकॉप्टर पहली बार देश के भीतर होने वाले अभ्यास में हिस्सा लेंगे। सतह से हवा में मार करने वाली हथियार प्रणाली समर का भी पहली बार इस अभ्यास में इस्तेमाल किया जायेगा। भारतीय वायु सेना के उप प्रमुख एयर मार्शल एपी सिंह ने शुक्रवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि हम इस अभ्यास में सेना की बंदूकें भी एयरलिफ्ट करेंगे। राफेल लड़ाकू जेट और अटैक हेलीकॉप्टर प्रचंड सहित सभी फ्रंटलाइन विमान वायु शक्ति अभ्यास में भाग लेंगे। यह अभ्यास 1954 से चल रहा है और हम इस अभ्यास में लक्ष्य पर सटीक बमबारी करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। भारत में निर्मित एलसीए तेजस और एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर भी इस अभ्यास में अपनी ताकत का प्रदर्शन करेंगे। एयर मार्शल एपी सिंह ने बताया कि दो घंटे तक चलने वाले इस अभ्यास के दौरान एक से दो किमी. के दायरे में लगभग 40-50 टन आयुध



गिराएंगे। अभ्यास के दौरान सेना रुद्र हेलीकॉप्टर से हथियार दागेगी और सेना के अल्ट्रा लाइट होवित्जर को चिनूक हेलीकॉप्टर के नीचे लटका कर प्रदर्शित किया जाएगा। सतह से हवा में मार करने वाली हथियार प्रणाली समर भी पहली बार अभ्यास में हिस्सा लेगी। इस अभ्यास में 120 से अधिक हवाई संपत्ति का प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें कुल 77 लड़ाकू विमान, 41 हेलीकॉप्टर, 5 परिवहन विमान और 12 मानव रहित प्लेटफार्म होंगे। वायु सेना के उप प्रमुख ने बताया कि हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों में राफेल की मीका मिसाइल और एलसीए तेजस से आर-73 मिसाइलें दागी जाएंगी। यह प्रति तीन वर्ष में एक बार आयोजित होने वाला त्रैवार्षिक अभ्यास है। इसका उद्देश्य पूर्ण स्पेक्ट्रम संचालन के लिए भारतीय वायुसेना की क्षमता का प्रदर्शन और विमान एवं हेलीकॉप्टर, परिवहन विमान एवं मानव रहित हवाई वाहनों की भागीदारी प्रदर्शित करना है। वायु शक्ति का अंतिम संस्करण फरवरी 2019 में आयोजित किया गया था। इसके बाद 2022 में 07 मार्च को जैसलमेर के पोकरण रेंज में होने वाला अभ्यास रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष के चलते स्थगित कर दिया गया था।

अधिकतम तापमान 16°C
न्यूनतम तापमान 10°C

**बाजार**

सोना 64,775
चांदी 78,900
सेंसेक्स 71,139
निफ्टी 21,522

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री 3 और 4 फरवरी को ओडिशा और असम का करेंगे दौरा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 3 और 4 फरवरी को ओडिशा और असम का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से शुक्रवार को दी गई जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री 3 फरवरी को दिन में दो बजे के करीब ओडिशा के संबलपुर में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान 68 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री असम की यात्रा करेंगे। प्रधानमंत्री 4 फरवरी को सुबह गुवाहाटी में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान 11 हजार करोड़ रुपये से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। ऊर्जा क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई परियोजनाओं का उद्घाटन, राष्ट्र को समर्पण और शिलान्यास ओडिशा के संबलपुर में सार्वजनिक कार्यक्रम में किया जाएगा।

### झारखंड की चुनी हुई सरकार को गिराना चाहती है केन्द्र : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि केंद्र की मोदी सरकार झारखंड की चुनी हुई सरकार को गिराना चाहती है। मोदी सरकार को लोकतांत्रिक मूल्यों की परवाह नहीं है। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि आईएनडीआईए गठबंधन के सांसदों ने लोकसभा में झारखंड के मुद्दे को उठाने की कोशिश की लेकिन अध्यक्ष ने हमारी बात नहीं सुनी। इसके बाद आईएनडीआईए गठबंधन के सांसदों ने सदन से वॉक आउट किया। गोगोई ने कहा कि झारखंड में चुनी हुई सरकार को गिराया जा रहा है। राज्य के लोकप्रिय मुख्यमंत्रियों को जेल भेजा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पांच दिन की प्रवर्तन निदेशालय हिरासत में भेज दिया गया है। उन्हें 31 जनवरी को कथित भूमि घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था।

### मुंबई में सीरियल बम ब्लास्ट की धमकी, पुलिस सतर्क

मुंबई। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में सिलसिलेवार बम विस्फोट की धमकी के बाद पुलिस ने संवेदनशील स्थलों की सुरक्षा बढ़ा दी है। मुंबई पुलिस ने धमकी देने वाले अज्ञात शख्स के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में किसी शख्स ने फोन कर कहा कि शहर में छह जगह बम लगाए गए हैं। यह बम सिलसिलेवार फटेंगे। इसके बाद इस व्यक्ति ने कॉल डिस्कनेक्ट कर दी। पुलिस का कहना है कि कॉल करने वाले की तलाश की जा रही है।

**झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने पद और गोपनीयता की दिलाई शपथ**

# चंपई सोरेन बने झारखंड के 12वें नये मुख्यमंत्री

**शपथ**

- सोरेने के अलावा दो अन्य मंत्रियों ने ली शपथ

प्रात : किरण

रांची/एजेंसी। विगत कई दिनों से चल रहे सियासी उठापटक के बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता चंपई सोरेन झारखंड के 12वें मुख्यमंत्री बने। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को दोपहर बाद चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री के पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। राजभवन के दरबार हॉल में यहां आयोजित एक सादे समारोह में चंपई सोरेन ने झारखंड के 12 वें मुख्यमंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। राज्यपाल ने इसके अलावा कांग्रेस के आलमगीर आलम को झारखंड के मंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। साथ ही राज्यपाल ने राजद के सत्यानंद भोक्ता को भी झारखंड के मंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। श्री सोरेन के अलावा केवल दो विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के साथ कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल झामुमो गठबंधन दल में शामिल हैं। दोनों दलों के एक-एक विधायक को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई है।

राजभवन में इस अवसर पर राज्यसभा सांसद महुआ मांझी, झारखंड के कांग्रेस प्रभारी गुलाब अहमद मीर, पूर्व सांसद सरफराज अहमद, राज्य के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह समेत राज्य सरकार के वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक सेवा के अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने शपथ लेने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि वह राज्य के मूलवासी और आदिवासी के कल्याण के लिए कार्य करते रहेंगे। श्री सोरेन राज्य के 12वें मुख्यमंत्री बने हैं। राज्य में रघुवर दास को छोड़कर कोई मुख्यमंत्री अपना 5 साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाया। वैसे अलग-अलग अवधियों को जोड़कर सबसे अधिक समय तक मुख्यमंत्री रहने का रिकॉर्ड अर्जुन मुंडा के नाम दर्ज है। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल ने कल देर रात झारखंड मुक्ति मोर्चा गठबंधन विधायक दल के नेता चंपई सोरेन को को मनोनीत मुख्यमंत्री के रूप में नियुक्त करते हुए शपथ ग्रहण करने के लिए आमंत्रित किया था। हेमंत सोरेन के जेल जाने के कारण उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और इसी के कारण चंपई सोरेन को झामुमो गठबंधन विधायक दल का नया नेता चुना गया।



### गठबंधन के सभी विधायक पहुंचे हैदराबाद

रांची। शपथ ग्रहण समारोह के कुछ ही देर बाद ही झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन के विधायक हैदराबाद पहुंच गए हैं। हैदराबाद एयरपोर्ट से उन्हें बसों द्वारा एक रिसॉर्ट में ले जाया गया है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि हमें सरकार का बहुमत साबित करने के लिए 10 दिन का समय दिया गया था। हम इस दौरान कोई जोखिम नहीं ले सकते, क्योंकि भाजपा हमारे विधायकों से संपर्क करने की कोशिश कर सकती है। गुरुवार को झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन द्वारा जारी एक वीडियो में 81 सदस्यीय झारखंड विधानसभा में 43 विधायकों का समर्थन दिखाया गया।

# सुप्रीम कोर्ट में सोरेन की याचिका खारिज
## हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने को कहा

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ दायर उनकी याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की विशेष पीठ ने याचिका खारिज करते हुए सोरेन को अपनी जमानत के लिए झारखंड उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को कहा। सोरेन को झारखंड में कथित भूमि घोटाले से संबंधित धन शोधन के एक मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को एक नाटकीय घटनाक्रम के बाद में गिरफ्तार किया था। उन्होंने बुधवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया था। राज्य की विशेष अदालत ने गुरुवार को उन्हें एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। शीर्ष अदालत की पीठ ने शुक्रवार को याचिका खारिज करते हुए याचिकाकर्ता का पक्ष रख रहे वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल से पूछा, आपको उच्च न्यायालय क्यों नहीं जाना चाहिए? अदालतें सभी के लिए खुली हैं। विशेष पीठ वकील से यह भी कहा, उच्च न्यायालय भी संवैधानिक अदालतें हैं। यदि हम एक व्यक्ति को अनुमति देते हैं तो हमें ऐसा सभी देनी होगी। सोरेन की ओर से वरिष्ठ वकील ए एम सिंघवी ने भी दलील दी कि शीर्ष अदालत को मामले पर विचार करने का समवर्ती क्षेत्राधिकार मिला हुआ है। श्री सिब्बल



ने कहा कि यह अदालत हमेशा अपने विवेक का इस्तेमाल कर सकती है। पीठ पर इन दलीलों का कोई असर नहीं पड़ा और उसने याचिका खारिज कर दी। इसके बाद श्री सिब्बल ने पीठ से गुहार लगाते हुए कहा कि उच्च न्यायालय द्वारा मामले की सुनवाई के लिए एक समय सीमा तय कर दी जाए। इस पर पीठ ने कहा, हम उच्च न्यायालय को नियंत्रित नहीं करने जा रहे हैं। ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने दलील दी कि तत्काल मामले की सुनवाई के लिए एक विशेष पीठ का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी को ऐसा लाभ कभी नहीं मिलेगा। इस पर श्री सिब्बल ने कहा कि उन्होंने (केंद्र ने) सोरेन की सरकार को गिराने की कोशिश की। पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन गुरुवार को दायर अपनी याचिका में गुहार लगाते हुए अपनी गिरफ्तारी को अनुचित, मनमाना और उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन घोषित करने का अनुरोध शीर्ष अदालत से किया था। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने सोरेन की याचिका पर शीघ्र सुनवाई के लिए गुरुवार को उनकी गुहार स्वीकार करते कहा था कि वह शुक्रवार को सुनवाई करेगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में एक नाटकीय घटनाक्रम में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ एक दिन बाद गुरुवार को शीर्ष अदालत में एक याचिका दायर की थी।

### सोरेन से पांच दिनों तक पूछताछ करेगी ईडी

रांची। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से प्रवर्तन निदेशालय पांच दिनों तक पूछताछ करेगी। कोर्ट ने इसकी इजाजत दे दी है। ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट ने शुक्रवार को हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिए पांच दिनों की रिमांड पर ईडी को सौंपने का निर्देश दिया है। रिमांड की अवधि आज से शुरू होगी। इससे पहले गुरुवार को ईडी ने हेमंत से पूछताछ के लिए 10 दिनों की रिमांड का आग्रह किया था। एक घंटा 32 मिनट की बहस के बाद कोर्ट ने आदेश के लिए शुक्रवार की तिथि निर्धारित की थी। हेमंत सोरेन की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने और ईडी की ओर से हाई कोर्ट के वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की थी। दरअसल, बड़गाड़ी अंचल में 8.46 एकड़ जमीन कब्जा करने के मामले में हेमंत सोरेन आरोपित हैं।

## हिरण हत्या मामलें में दोषी थानाध्यक्ष को डीआईजी ने किया बर्खास्त

प्रात : किरण संवाददाता

डेहरी (रोहतास)। रोहतास में काले हिरण मामले में चेनारी के तात्कालीन थानाध्यक्ष शंभू कुमार-2 को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। शुक्रवार को प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए शाहाबाद डीआईजी नवीन चंद्र झा ने बताया कि बीते 15 सितंबर 2023 को रोहतास जिले के चेनारी थाना क्षेत्र के लॉजी गांव से गुप्त सूचना पर काला हिरण के मांस सहित सिंग के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था। वही गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान चेनारी थाना क्षेत्र के लॉजी गांव निवासी राजू बेग के रूप में की गई। चेनारी के तत्कालीन थानाध्यक्ष शंभू कुमार-2 के द्वारा इस मामले में कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई और अपने वरीय पदाधिकारियों एवं वन विभाग को भी सूचित नहीं किया गया। निजी लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से काला हिरण के मांस की बात को छुपाते हुए गिरफ्तार व्यक्ति राजू बेग को पीआर बॉण्ड पर थाने से ही छोड़ दिया गया था। इसके बाद इस घटना की सूचना रोहतास वन विभाग को हुई तो वन विभाग के द्वारा चेनारी थाना परिसर से ही काला हिरण का 05 किलो मांस एवं मांस लगा काले हिरण का सिंग बरामद किया गया। इस संबंध में वन विभाग के द्वारा प्राथमिकी दर्ज करते हुए तत्कालीन थानाध्यक्ष शंभू कुमार-2 को भी अभियुक्त बनाया गया।

## प्रधानमंत्री सीएलईए-कॉमनवेल्थ अटॉर्नी और सॉलिसिटर जनरल कांफ्रेंस 2024 आज करेंगे उद्घाटन

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को राजधानी स्थित विज्ञान भवन में कॉमनवेल्थ लीगल एजुकेशन एसोसिएशन-कॉमनवेल्थ अटॉर्नी और सॉलिसिटर जनरल कांफ्रेंस 2024 का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी। उसके मुताबिक, इस अवसर पर प्रधानमंत्री उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी करेंगे। इस सम्मेलन का विषय न्याय वितरण में सीमा-पार चुनौतियां है। इसमें कानून और न्याय से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों जैसे न्यायिक परिवर्तन



और कानूनी कार्य प्रणाली के नैतिक आयाम, कार्यकारी जवाबदेही और अन्य बातों के अलावा आधुनिक कानूनी शिक्षा पर पुनः ध्यान देने के बारे में विचार-विमर्श किया जाएगा। पीएमओ के मुताबिक, इस सम्मेलन में विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडलों के साथ-साथ एशिया-प्रशांत, अफ्रीका और कैरेबियन में फैले राष्ट्रमंडल देशों के अटॉर्नी जनरल और सॉलिसिटर शामिल होंगे। यह सम्मेलन राष्ट्रमंडल देशों की कानूनी बिरादरी के विभिन्न हितधारकों में बातचीत के लिए एक विशिष्ट मंच के रूप में कार्य करता है। इस सम्मेलन में कानूनी शिक्षा और अंतरराष्ट्रीय न्याय वितरण में चुनौतियों का समाधान करने के लिए एक व्यापक रोडमैप विकसित करने के उद्देश्य से अटॉर्नी और सॉलिसिटर जनरलों के लिए एक विशेष गोलमेज सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा।

## डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए नये आपराधिक कानून में विशेष प्रावधान : मांडविया

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि नये आपराधिक कानून में डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। श्री मांडविया ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि देश में चिकित्सक को भगवान के रूप में माना जाता है। हमारे देश की यह यह रीति-नीति रही है। डॉक्टरों पर कई बार आरोप लगा दिए जाते हैं। मरीजों की मृत्यु होने पर लोग चिकित्सकों को दोषी ठहराते हैं। उन्होंने कहा, हमने कोरोना के समय चिकित्सकों की सुरक्षा के लिए कानूनी प्रावधान किए थे। अब नए आपराधिक कानून में चिकित्सकों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रावधान किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आज के दिन में जो प्रावधान किए गए हैं उनसे चिकित्सकों को सुरक्षा मिलेगी। डॉक्टरों के खिलाफ हिंसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। कांग्रेस के शशि थरूर के चिकित्सकों की सुरक्षा के लिए अलग कानून बनाने की मांग पर विचार करने का आग्रह करने के जवाब में स्वास्थ्य मंत्री ने यह टिप्पणी की।

## हर दिन 100 किमी हो रही है भारत जोड़ो न्याय यात्रा : राहुल गांधी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। मणिपुर से महाराष्ट्र के लिए भारत जोड़ो न्याय यात्रा कर रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि वह हर दिन 100 किलोमीटर की दूरी तय कर रहे हैं और इस यात्रा में वह न्याय के पांच स्तंभ पर लोगों की समस्याओं को सुन रहे हैं। श्री गांधी ने फेसबुक पोस्ट पर आज कहा, प्रतिदिन हमारी यात्रा करीब 100 कि.मी. की दूरी तय कर रही है। लाखों लोग जुड़ते हैं, मिलते हैं, बातें करते हैं और उनकी समस्याएं जान कर पांच न्याय का महत्व रेखांकित होता है। यात्रा रिहायशी इलाकों से गुजरती है तो मध्यम वर्गीय परिवारों से मिलने का मौका मिलता है जो सबसे जटिल समस्या, महंगाई, से जूझ रहे हैं। साथ ही देश की चरमराती अर्थव्यवस्था को संभालने का भार भी सरकार ने उनके कंधों पर डाल रखा है जीएसटीऔर



अन्य करों के माध्यम से। उन्होंने कहा, ग्रामीण इलाकों और बस्तियों से गुजर कर दिखता है कि किस प्रकार वहां से आने वाले किसानों, मजदूरों और हाथ से काम करने वाले हर श्रमिक को आगे बढ़ने और अपने जीवन का स्तर ऊपर उठाने के हर माध्यम से वंचित रखा गया है। हजारों युवा सड़कों पर आ कर यात्रा के साथ चल रहे हैं, क्योंकि उन्हें रोजगार की जरूरत है और अपनी आवाज उठाने का बस यही एक जरिया बचा है। महिलाओं और वंचितों की भागीदारी को समाज से दरकिनार कर दिया गया है। गांधी ने पांच न्याय की बात करते हुए कहा, किसान न्याय, मजदूर न्याय, युवा न्याय, नारी न्याय और भागीदारी न्याय, हमारे यह पांच न्याय सभी के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक अधिकारों की नींव बनेंगे। ऐसी व्यवस्था का निर्माण करेंगे जहां अन्याय की कोई जगह नहीं होगी - न्याय सीधा आपके दरवाजे पहुंचे।

**सुरक्षा** | **प्रस्तावित बिक्री से अमेरिका-भारत के रणनीतिक संबंधों को मिलेगी मजबूती**

## भारत को 31 एमक्यू-9बी सशस्त्र ड्रोन की बिक्री को अमेरिका ने दी मंजूरी

प्रात : किरण

वाशिंगटन/एजेंसी। भारत और अमेरिका के बीच मजबूत होते द्विपक्षीय रिश्तों की ताजा कड़ी में एक और रक्षा सौदे को अंतिम मंजूरी मिली है। अमेरिका ने बृहस्पतिवार को 3.99 अरब अमेरिकी डॉलर की अनुमानित लागत पर भारत को 31 एमक्यू-9बी सशस्त्र ड्रोन की बिक्री को मंजूरी दे दी। इससे समुद्री मार्गों में मानवरहित निगरानी और टोही गश्त के जरिये वर्तमान और भविष्य के खतरों से निपटने के लिए भारत की क्षमता को बढ़ेगी। इस ड्रोन सौदे की घोषणा जून 2023 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ऐतिहासिक राजकीय यात्रा के दौरान की गई थी। रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी ने यहां एक बयान में कहा, विदेश विभाग ने 3.99 अरब अमेरिकी डॉलर की अनुमानित लागत पर एमक्यू-9बी एयरक्राफ्ट और संबंधित उपकरणों को भारत सरकार को बेचने को मंजूरी देने का निर्णय लिया है। एजेंसी ने कहा कि उसने बृहस्पतिवार को कांग्रेस को इस संभावित बिक्री के बारे में सूचित करते हुए आवश्यक प्रमाणीकरण दे दिया है। एजेंसी ने कहा, इस प्रस्तावित बिक्री से



अमेरिका-भारत के रणनीतिक संबंधों को मजबूती मिलेगी और हिंद-प्रशांत तथा दक्षिण एशियाई क्षेत्र में आर्थिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त होगा। इसने कहा, प्रस्तावित बिक्री से परिचालन के समुद्री मार्गों में मानवरहित निगरानी और टोही गश्त को सक्षम बनाकर वर्तमान और भविष्य के खतरों से निपटने की भारत की क्षमता में सुधार होगा। भारत अपने सशस्त्र बलों की निगरानी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए, विशेष रूप से चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा पर, लंबे समय तक संचालिल होने वाले ड्रोन खरीद रहा है। तीन अरब अमेरिकी डॉलर के सौदे के तहत, भारत को 31 अत्याधुनिक ड्रोन मिलेंगे। उनमें से 15 सी-गार्जियन ड्रोन नौसेना को मिलेंगे, जबकि थलसेना और वायुसेना को आठ-आठ स्काई-गार्डियन ड्रोन मिलेंगे। डीएससीए ने इस बात की सराहना कि भारत ने अपनी सेना के आधुनिकीकरण के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। इसने कहा कि भारत को इन सेवाओं को अपने सशस्त्र बलों में शामिल करने में कोई कठिनाई नहीं होगी। रक्षा क्षेत्र की प्रमुख अमेरिकी कंपनी जनरल एटॉमिक्स सिस्टम से ड्रोन की खरीद होगी। इससे पूर्व विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि पिछले साल जून में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ऐतिहासिक राजकीय यात्रा के दौरान प्रस्तावित ड्रोन सौदे की घोषणा की गई थी, जिसमें क्षेत्र में सैन्य सहयोग और द्विपक्षीय रणनीतिक प्रौद्योगिकी सहयोग को आगे बढ़ाने की महत्वपूर्ण संभावना है। मिलर भारतीय मीडिया में आयी इस खबर को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे कि बाइडन प्रशासन ने एक खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या की कथित साजिश में एक भारतीय अधिकारी के शामिल होने के आरोपों की जांच होने तक भारत को सशस्त्र ड्रोन की बिक्री पर रोक लगा दी है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### बजट को भाजपा ने विकासोन्मुख तो राजद ने जुमलाबाजी बताया

फतुहा। भाजपा फतुहा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लोकसभा में पेश किए गये बजट को विकास मुखी और गरीबों -मजदूरों- किसानों के साथ मध्यमवर्गीय लोगों के लिए फायदेमंद बताया। उन्होंने बताया की विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने वाला बजट है। वहीं राजद नगर अध्यक्ष दयानंद प्रसाद सिंह ने बताया कि केंद्रीय बजट में आम लोगों के लिए कुछ भी खास नहीं है। कुल मिलाकर यह बजट चुनावी बजट है और इसमें जुमला ज्यादा है। पिछले बजट का ही बहुत सारा काम नहीं हो पाया है।

### पर्यावरण रक्षा को जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

पटना सिटी (प्राकि)। विश्व आद्र भूमि दिवस पर गंगा सेवा दल समन्वय समिति के सहयोग से कंगन घाट पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा व भारतीय वन्य जीव संस्थान के जलज परियोजना के सहायक समन्वयक मयंक ओझा ने लोगों को जीव की रक्षा, पर्यावरण संतुलन व उपयोगिता पर जागरूक किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष डॉ राजीव गंगौल और संचालन महासचिव पंडित राजेश शुक्ला टिल्लू ने कियी। आयोजन में पूर्व डीएसपी विजय कुमार यादव, राजेंद्र यादव, शानू कुमार आदि उपस्थित थे।

### पूर्व महापौर का स्मृति पर्व मना

पटना सिटी (प्राकि)। पूर्व महापौर स्वर्गीय रामेश्वर प्रसाद गोलवारा के स्मृति पर्व पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मच्छरहट्टा के मौरी गली स्थित गोलवारा हाउस में आयोजित सभा की अध्यक्षता दीनानाथ जेटली ने की। इसमें डॉ त्रिलोकी प्रसाद गोलवारा, जर्नादन अग्रवाल, नवीन रस्तोगी, गजेंद्र प्रसाद गुप्ता, प्रभात कुमार बरेरिया, संत लाल गोलवारा, रमेश शर्मा, राजकिशोर, दिलीप कुमार, संजय गोलवारा, वरुण गोलवारा, रामनारायण प्रसाद, डॉ अभिषेक गोलवारा, बसंत लाल और अरुण कुमार आदि शामिल हुए। वक्ताओं ने उनके कृतित्व पर प्रकाश डाला।

### संत समागम को ले अखंड पाठ

पटना सिटी (प्राकि)। तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में संत बाबा भाग सिंह, करतार सिंह, त्रिलोचन सिंह व संत बाबा गुरचरण सिंह की स्मृति पर आयोजित होने वाले संत समागम को लेकर तख्त साहिब में 28 लड़ियों में श्री गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ रखा गया। इसका समापन चार फरवरी को होगा। इससे पहले चल रहे अखंड पाठ की समाप्ति के बाद भोग पड़ा। पाठ पंजाब के कपूरथला के गुरुनानक बेवे चैरिटेबल ट्रस्ट वाले संत बाबा अवतार सिंह व जसपाल सिंह की देखरेख में आरंभ हुआ है। आठ फरवरी को अखंड पाठ की समाप्ति के बाद संत समागम पर विशेष दीवान सजेगा।

### सद्गुरु कबीर ने पढ़ाया सत्य अहिसा, एकता का पाठः रत्नेश

पटना। कबीर पंथी आश्रम मीठापुर में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन मंहत ब्रजेश मुनि महाराज के सानिध्य में आयोजित हुआ। इस अवसर पर कबीर साई मन्दिर में संतों के बीच पधारे विधायक सह पूर्व मंत्री रत्नेश सदा। सद्गुरु कबीर सांई के दरबार में शीश झुकाने के बाद अपने उद्गार में कहा कि सद्गुरु कबीर साहेब सम्पूर्ण समाज को सत्य, अहिंसा, एकता, आध्यात्मिकता का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा यदि तू उद्धार चाहता है तो जीवों दया कर आतम पूजा को आत्मा में धारण करने का मार्ग बताया। सद्गुरु भक्ति के समान कोई दूसरी भक्ति नहीं है और जगन्नाथ मंदिर की स्थापना के बारे में भी महात्मा बताया महंथ ब्रजेश मुनि ने कहा परमात्मा को बनाये हुए चीजों को बिगाड़ने से कठोर दण्ड मिलता है। सभी शास्त्रों में जीव हत्या पाप कहा गया है। सद्गुरु साहेब कबीर की वाणी जीव हिंसा नहीं करने का संकल्प दिलाता है। इस अवसर पर जदयू नेता किशन मांझी, दीपक रजक, बिलायसिंग, काशी के संत अशोक दास हंस, संत श्री महेश जी, दर्शन बाबा ने भी साधु संगति की। चनेश्वर, रूबी देवी, उषा देवी आदि महिलाओं ने ने कबीर भजन गाकर भक्ति भाव प्रकट किया।

### विश्व आद्रभूमि दिवस पर चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन

पटना। एनवायरनमेंट वारियर्स तथा हमारी गौरैया द्वारा बाजार समिति स्थित संस्कार इंटरनेशनल स्कूल में विश्व आद्रभूमि दिवस के अवसर पर सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के विषय पर चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में छात्र-छात्राओं को सिंगल यूज प्लास्टिक तथा आद्रभूमि की समस्याओं के विषय में विस्तारपूर्वक बताया गया, उसके बाद चित्रकारी प्रतियोगिता करवाई गई। इसमें 100 बच्चों ने भाग लिया। मौके पर विद्यालय ने निदेशक पशुराम सिंह ने कहा कि यह आयोजन बच्चों के लिए काफी फायदेमंद रहा, पहली बार बच्चों ने आद्रभूमि तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के बारे में समझा और उसको न उपयोग करने का शपथ लिया। आद्रभूमि न सिर्फ हमारे लिए बल्कि पशु-पक्षियों के लिए भी उतना ही महत्वपूर्ण है, इसलिए इसका संरक्षण अतिआवश्यक है, इसमें युवापीढ़ी की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। इस कार्यक्रम का नेतृत्व राहुल कुमार, तानिया सिंह, निश्छल कुमार, आकाश कुमार आदि ने किया।

# यूनानी संस्थान को नाभ से जोड़ना व लैब को एनएबीएल कराना प्राथमिकता : डॉ मुमताज

- नेशनल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ यूनानी मेडिसिन के उपनिदेशक ने लिया प्रभार



**पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता**

नेशनल रिसर्च इंस्टीट्यूट आफ यूनानी मेडिसिन में डॉ मुमताज अहमद ने बतौर उपनिदेशक डॉ राजेश कुमार से प्रभार ग्रहण किया। इस दौरान बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता में संस्थान को नाभ से जोड़ना है। साथ ही लैबोरेट्री को एनएबीएल करना है। इससे जुड़ जाने के बाद लैब एप्रूव्ड हो जाने से जांच बेहतर हो सकेगा। नाभ से जुड़ने के बाद यह एक आदर्श संस्थान हो जाता है। सारी सुविधा कैजुअल्टी को दूर करने से लेकर संसाधन ठीक रहेगा। हालांकि पूर्व में करीब दो साल पूर्व नाभ की टीम यहां जांच के लिए आई थी। लेकिन जांच के बाद इसमें कमी की सूची दी है। उन कमियों को पूरा करने के बाद फिर से जांच के लिए आवेदन किया जाएगा। उपनिदेशक डॉ मुमताज अहमद ने कहा कि वह साइंटिस्ट से लेकर सभी कर्मचारियों को साथ लेकर चलेंगे। टीम वर्क के रूप में काम करने की कोशिश होगी। रिसर्च के काम को और बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही रिजल्ट निकाल कर विभाग और सरकार के समक्ष पेश करेंगे। संस्थान में छोटी-मोटी समस्या पानी, लाइट की कमी, दरवाजा टूटा हुआ है, उन सबको ठीक कराया जाएगा। मोबाइल हेल्थ प्रोग्राम को भी बेहतर करते हुए इसे स्कूल, एससी-एसटी बहुल क्षेत्र में किया जाएगा।

### 24 घंटे में यूनानी संस्थान को मिला दो उपनिदेशक

पटना सिटी (प्राकि)। नेशनल रिसर्च इंस्टीट्यूट आफ यूनानी मेडिसिन को 24 घंटे के अंदर दो उपनिदेशक से रू-ब-रू होना पड़ा। दरअसल यहां उपनिदेशक के पद पर डॉक्टर इश्तियाक आलम थे। वे 31 जनवरी को दिल्ली मुख्यालय से उपनिदेशक बनाए गए डॉ राजेश कुमार को प्रभार सौंप दिया। डॉ इश्तियाक सेवानिवृत्त हो चुके हैं। डॉ राजेश ने प्रभार लेने के बाद काम भी शुरू कर दिया। अचानक से प्रयागराज में उपनिदेशक पद पर पदस्थापित डॉ मुमताज अहमद को वहां से स्थानांतरित करते हुए पटना संस्थान का उपनिदेशक का पत्र जारी कर दिया गया। इसके बाद डॉक्टर मुमताज आनन-फानन में यहां आकर एक फरवरी को डॉ राजेश कुमार से प्रभार ग्रहण किए। दरअसल डॉक्टर मुमताज पहले पटना संस्थान में ही वैज्ञानिक चिकित्सक के रूप में पदस्थापित थे। करीब एक माह पूर्व भी उनका स्थानांतरण प्रयागराज संस्थान में किया गया था। इस तरह से 24 घंटे के अंदर पटना का यूनानी संस्थान दो उपनिदेशक से रू-ब-रू हुआ।

# उपमुख्यमंत्री सम्राट से मिला इंडियन पिक्चर्स प्रोड्यूसर एशोसिएशन के अध्यक्ष के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल

**प्रात : किरण/एजेंसी**



पटना। बिहार में एनडीए सरकार बनने के बाद आज पहली बार इंडियन पिक्चर्स प्रोड्यूसर एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मिला जिसमें उन्होंने बिहार सरकार से राज्य में जल्द से जल्द फिल्म नीति को लागू करने और फिल्मों को सब्सिडाइज्ड करने का आग्रह किया। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व इंडियन पिक्चर्स प्रोड्यूसर एसोसिएशन के अध्यक्ष अभय सिन्हा कर रहे थे, जबकि प्रतिनिधिमंडल में उनके साथ इमप्पा के कार्यकारिणी सदस्य व फिल्म मेकर्स कंबाइन के महासचिव निशांत उज्जवल भी मौजूद थे। इंडियन पिक्चर्स प्रोड्यूसर एसोसिएशन के दो सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने सर्वप्रथम बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान इंडियन पिक्चर्स प्रोड्यूसर एसोसिएशन के अध्यक्ष अभय सिन्हा व निशांत उज्जवल ने उनसे बिहार में फिल्मों के विकास और यहां के कलाकारों को उचित मंच प्रदान करने के लिए फिल्म नीति को यथाशीघ्र लागू करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश में रोजगार के भी मौके सृजित होंगे, क्योंकि यहां जब फिल्म में बनने लगेगी, तब बिहार के मनोरम लोकेशन पर शूट करने के लिए बॉलीवुड समेत हर इंडस्ट्री से लोग आएंगे। बिहार के पर्यटन को भी बढ़ावा देने में कारगर साबित होगा। इनलोगो ने इस मामले में पड़ोसी राज उत्तर प्रदेश का भी उदाहरण दिया, जहां आज बॉलीवुड से लेकर हर इंडस्ट्री की एक से बढ़कर एक फिल्म में बन रही है। इससे उत्तर प्रदेश की सरकार और वहां के स्थानीय कलाकारों को भी लाभ मिल रहा है। अभय सिन्हा के नेतृत्व वाली क्टढढअ के प्रतिनिधिमंडल के आग्रह को स्वीकार करते हुए उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भरोसा दिया कि मंत्रिमंडल विस्तार के बाद इस मामले में अवश्य कार्यवाही होगी और बिहार के पास भी अपनी फिल्म नीति होगी। उन्होंने इंडियन पिक्चर्स प्रोड्यूसर एसोसिएशन के सदस्यों को इसका भरोसा दिलाया।इस अवसर पर भाजपा कला संस्कृति व फिल्म विभाग के प्रदेश संयोजक वरुण कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

# अपने विचारों के कारण आज भी जगदेव बाबू हमारे बीच जिंदा : उपेंद्र कुशवाहा



**पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता**

शहीद जगदेव बाबू अपने विचारों के कारण आज भी हमारे बीच जिंदा हैं।आज की युवा पीढ़ी को उनके विचारों को जानने के बाद उसे आत्मसात करना चाहिए। यह बातें शहीद जगदेव प्रसाद की 102वीं जयंती पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने कही। उन्होंने आगे कहा कि न्यायपालिका में पिछड़ों के प्रतिनिधित्व के लिए न्यायाधीश चयन प्रक्रिया में बदलाव जरूरी है। कार्यक्रम का आयोजन कुशवाहा एकता कल्याण समिति द्वारा स्थानीय बेगमपुर स्थित शहीद जगदेव पार्क में किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचस्थ अतिथियों द्वारा शहीद जगदेव प्रसाद की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि के साथ हुआ। वार्ड 62 की पार्षद तारा देवी ने कहा कि शहीद जगदेव प्रसाद ने सामाजिक असमानता खत्म करने के लिए ब्राह्मण-भंगी एक समान की पैरवी की। उन्होंने पार्क को उत्तरोत्तर सुंदर बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। इस अवसर पर पूर्व पार्षद शिव मेहता, दिनेश मेहता, शैलेंद्र कुमार वर्मा, इंजी. हेमंत कुमार, सूर्यकांत गुप्ता, युवा समाजसेवी रोशन मेहता, कुणाल सिकंद, विजय कुमार, जयशंकर प्रसाद पिंटू, पंकज कुशवाहा, संतोष गिरि एवं शिक्षाविद् विजय कुमार सिंह आदि ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि शहीद जगदेव प्रसाद व्यवस्था परिवर्तन के लिए संघर्ष एवं अभियान के प्रतीक थे। वक्ताओं ने शहीद जगदेव को समाज में व्याप्त सामाजिक-आर्थिक गैर-रबराबरी को समाप्त कर न्यायसम्मत समाज के निर्माण का पैरोकार बताया। युवा नेत्री सुमन सौरभ ने कहा कि शहीद जगदेव जी के सपनों को साकार तब तक नहीं किया जा सकता है, जब तक पिछड़े एवं अभिवंचितों तक शिक्षा की रोशनी नहीं पहुंचती है। पार्षद मनोज मेहता ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले, ई. वी रामास्वामी पेरियार, डॉ अंबेडकर और मानवतावादी रामस्वरूप वर्मा के विचारों को कार्यरूप देने वाले शहीद जगदेव प्रसाद ही थे। सभा की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष विनय कृष्ण मौर्य ने की। संचालन अमरनाथ मेहता, स्वागत अमित कुमार कुशवाहा तथा धन्यवाद ज्ञापन अनिल कुमार मेहता ने किया। सभा में प्रमुख रूप से शंकर मेहता, पप्पू मेहता, चंद्रदीप प्रसाद, नरेश मेहता, सौरभ सागर, अजय मेहता, परमानंद प्रसाद, खुर्शीद अनवर, अलख मेहता, श्रवण मेहता आदि उपस्थित थे।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति सराहनीय : डॉ अजय प्रकाश

पटना सिटी (प्राकि)। आयुष के अन्तर्गत सभी चिकित्सा पद्धति यथा आयुर्वेद, यूनानी, होमियोपैथ, सिद्धा रिगपा से संबंधित कॉलेजों के मान्यता लेने में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्यवाही के लिए आयुष मंत्रालय एनसीआईएसएम द्वारा जीरो टॉलरेंस नीति लागू किया गया है। भाजपा आयुष विभाग बिहार के प्रदेश संयोजक डॉ अजय प्रकाश ने इस नीति की सराहना की है। उन्होंने यह भी बताया कि भारतीय चिकित्सा पौराणिक है तथा सरलतापूर्वक प्राकृतिक रूप से निरोगी बनाती है। इन चिकित्सा पद्धति के विकास के लिए भारत सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं। मंत्रालय के गठन से लेकर इसे अपनाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित हैं। उसी बीच पढ़ाई से लेकर चिकित्सा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से भ्रष्टाचार रोकने की विशेष व्यवस्था की गई है। भ्रष्टाचार की शंका होने पर केन्द्रीय आयुष मंत्रालय द्वारा सूचना मांगी गई है। आयोग द्वारा भारतीय दंड संहिता के तहत कार्यवाही की जाएगी। भारत सरकार का यह एक अत्यन्त सराहनीय पहल है एवं विकसित भारत बनने की दिशा में ठोस कदम है।

# अतिक्रमण हटाने का साथ साथ जुमार्ना भी वसूला गया

**प्रात : किरण/एजेंसी**



दानापुर। नगर के अंतर्गत शुक्रवार को नगर परिषद प्रशासन के द्वारा खगौल कैंट रोड में अतिक्रमण हटाया गया। कार्यपालक पदाधिकारी जगन्नाथ यादव ने बताया कि खगौल रोड पर अवैध रूप से बने दुकान आदि को हटाया गया। इसके साथ ही मकान निर्माण सम्रागी भी सड़क के किनारे गिराने वाले व्यक्ति व दुकानदारों को चिहंत करके नोटिस भेजा गया है। उन्हे भी संख्त निर्देश दिया गया है कि आगे से ऐसी गलती करने पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। अतिक्रमणकारियों से 8500 रूपया का जुमार्ना वसूला गया। उन्होंने बताया कि इस अभियान में खगौल परिषद का सहयोग मिला। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। अतिक्रमण हटाओ अभियान में सिटी मैनेजर अमरेन्द्र कुमार, सुभाष कुमार, संजय कुमार आदि मौजूद थे।

### स्वास्थ्य विभाग ने आदेश लिया वापस

पटना सिटी। नवंबर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक पत्र जारी किया गया था, जिसमें डिप्लोमा इन फामेर्सी के छात्रों का व्यावहारिक प्रशिक्षण आयुर्वेदिक कॉलेज में कराने की बात कही गई थी। इससे डिप्लोमा इन फामेर्सी के छात्रों में काफी आक्रोश था। बिहार के विभिन्न फामेर्सी संस्थान के फामेर्सी छात्र एवं फार्मासिस्टों ने अगमकुआं स्थित राजकीय फामेर्सी संस्थान के गेट पर 30 दिसंबर,23 को स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन एवं नारेबाजी की थी। छात्रों कहना था कि आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक एवं एलोपैथ फार्मासिस्ट अलग होते हैं। ऐसे में एलोपैथिक फार्मासिस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सा अस्पताल में क्या सीखेंगे। न तो एलोपैथिक की दवाइयां होंगी और न ही एलोपैथी फार्मासिस्ट। ऑल इंडिया फार्मासिस्ट फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव रजत रंजन ने भी सूचना के अधिकार के तहत यह जानकारी मांगी थी कि जिन संस्थाओं में छात्रों को प्रशिक्षण के लिए भेजा जा रहा है, वह न्यायसंगत है या नहीं। वहां पर एलोपैथिक फार्मासिस्ट उपस्थित है या नहीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार आयुर्वेदिक संस्थान में डिप्लोमा या बैचलरधारी कोई फार्मासिस्ट हैं, इसकी जानकारी आयुर्वेदिक संस्थान के उपाधीक्षक ने सूचना के अधिकार के द्वारा दिया। एक माह बाद बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग के विशेष पदाधिकारी रेणु देवी ने अपने पुराने आदेश को वापस ले लिया है और नया पत्र जारी करते हुए छात्रों के आपत्ति के अनुसार वैसे संस्थान में प्रशिक्षण के लिए भेजने की बात कही है, जहां पर रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट हों। छात्रों का कहना है इस प्रकार की गलती स्वास्थ्य विभाग को नहीं करनी चाहिए। नया आदेश आने के बाद छात्रों को राहत मिली है।

# स्वस्थ जीवन के लिए हरियाली बढ़ायें: राजीव रंजन

**प्रात : किरण/एजेंसी**



पटना। ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के चार दिवसीय स्थापना कार्यक्रमों के दूसरे दिन पटना में गो ग्रीन अभियान के अंतर्गत वृक्ष लगाये गये। इस अवसर पर ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी कि चुनौतियों से निबटने में पौधारोपण की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। प्रबंध न्यासी श्रीमती रागिनी रंजन ने पर्यावरण संकट से निबटने के लिए वृक्षारोपण को एक नागरिक के कर्तव्य के तरह अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक अभिषेक,डॉ नम्रता आनंद,संजय कुमार सिन्हा,प्रेम कुमार,नंदा कुमारी,धनंजय प्रसाद,बलरामजी,रवि सिन्हा,दिवाकर वर्मा,रत्ना गांगुली,कुंदन जी,राणेश रोशन,दिवाकर कुमार आदि ने पौधारोपण किया।

# पर्यावरण मित्र अनु प्रयागराज में होंगे सम्मानित

**प्रात : किरण/एजेंसी**



पटना सिटी (प्राकि)। छोटा सा प्रयास एक स्वयंसेवी संस्था के संस्थापक पर्यावरण मित्र सुभाष कुमार उर्फ अन्नू कसेरा को राष्ट्रीय पर्यावरण मित्र सम्मान प्रदान किया जाएगा। श्री आद्य शंकराचार्य धर्म संसद माघमेला परिसर, प्रयागराज में 3 एवं 4 फरवरी को होने वाले दो दिवसीय राष्ट्रीय प्राकृतिक धर्म मंथन शिविर में प्राकृतिक संरक्षण के लिए कार्य करने वाले देश-प्रदेश के पर्यावरण योद्धाओं को मिलने वाली राष्ट्रीय पर्यावरण मित्र सम्मान के लिए पटना सिटी के छोटा सा प्रयास के संस्थापक पर्यावरण मित्र सुभाष कुमार उर्फ अनू कसेरा को उनके उत्कृष्ट पर्यावरण कार्य के लिए चयन किया गया है। संगम तट पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्राकृतिक संरक्षण पर चर्चा होगी और पर्यावरण मित्रों द्वारा अपने कार्यों को साझा किया जाएगा। इस अवसर पर पर्यावरण वीरों को सम्मानित किया जाएगा। अनु कसेरा ने पटना जिला में लगभग 10 वर्षों से भी अधिक सामाजिक कार्य करते हुए पर्यावरण संरक्षण कार्य कर रहे हैं। पेड़-पौधों में परमात्मा का वास होता है, इसलिए हम सभी को अधिक से अधिक पौधे को लगाना और उनकी रक्षा करनी चाहिए। पीपल, नीम और तुलसी अभियान में डॉ धर्मेन्द्र, ज्ञानवती देवी, प्रशांत कुमार, डॉ एनपी प्रियदर्शी, डॉ आरके ठाकुर आदि ने खुशी जताई है।

# डेकोरेशन समिति के सहसचिव बने विमल, एक वोट से जीते

**प्रात : किरण संवाददाता**



पटना सिटी (प्राकि)। पटना लाइट डेकोरेशन स्वावलंबी सहयोग समिति के पूर्वी क्षेत्र के सह सचिव का चुनाव प्रताप उत्सव वाटिका कमलदह पथ में हुआ। इसमें उस क्षेत्र के क्षेत्रीय पदाधिकारी एवं संस्था के पूर्व पदाधिकारी की उपस्थिति हुई। सह सचिव पद के लिए दो नाम विकास विश्वकर्मा एवं विमल मेहता का आया। श्री विमल पूर्व में सह सचिव रहे चुके हैं। दो नाम होने पर वोटिंग कराया गया। इसमें विकास विश्वकर्मा को 10 एवं विमल मेहता को 11 वोट मिला। एक वोट से विमल को विजय घोषित किया गया। इस चुनाव प्रक्रिया में प्रधान कार्यालय से अध्यक्ष दिलीप मेहता, सचिव पप्पू विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष सतीश शर्मा, सलाहकार छोटे जी पहुंचे थे।

# भ्रष्टाचारियों का कुनबा है 'घमंडिया' गठबंधन : प्रभाकर

- बिहार से लेकर झारखंड, दिल्ली व बंगाल तक भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हैं गठबंधन के नेता

**प्रात :किरण संवाददाता**

**पटना।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने कहा कि 'घमंडिया' गठबंधन भ्रष्टाचारियों का कुनबा है। बिहार, झारखंड, दिल्ली और बंगाल तक जहां नजर डालें, 'घमंडिया' गठबंधन के नेताओं की पहली पहचान भ्रष्टाचारी के रूप में है। श्री मिश्र ने शुक्रवार को यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि बिहार की बात तो और निराली है, जहां एक नहीं, बल्कि 'घमंडिया' गठबंधन के एक दल का पूरा परिवार ही भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबा है। पिता-पुत्र से लेकर मां और बहन तक सभी ईडी के राडार पर हैं। आज पिता से पूछताछ होती है, तो कल पुत्र से। वहीं, झारखंड में भी तस्वीर बिहार से मिलती-जुलती है। जमीन घोटाले में 'घमंडिया' गठबंधन के एक दल नेता और राज्य के 'अभूतपूर्व' मुख्यमंत्री को जेल जाना पड़ा।

उनके इशारों पर नाचने वाले एक नेता को मुख्यमंत्री के पद पर बैठा दिया। लेकिन, इससे झारखंड मुक्ति मोर्चा के इस भ्रष्ट नेता को मुक्ति नहीं मिलने वाली है। वहीं, दिल्ली के मुख्यमंत्री के साथ पूरी दिल्ली की राज्य सरकार ही भ्रष्टाचार के दलदल में गोते लगा रही है। श्री मिश्र ने कहा कि बंगाल में भ्रष्टाचार पर मचा बवाल देश देख चुका है, जहां टीएमसी के गुंडे जांच एजेंसियों के अधिकारियों पर भी जानलेवा हमला कर देते हैं। श्री मिश्र ने कहा कि पूरा देश जानता है कि यह भारतीय जनता पार्टी की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार है, यहां हर संस्था अपना काम संवैधानिक रूप से करती है। राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस जान ले यह नरेंद्र मोदी की गारंटी है, जो भ्रष्टाचार करेगा, वह जेल की सलाखों के पीछे होगा।

# सर्वजन दवा सेवन अभियान में कारा विभाग एवं एनसीसी करेगा सहयोग

**प्रात : किरण संवाददाता**



पटना। राज्य के 24 जिलों में 10 फरवरी से शुरू हो रहे सर्वजन दवा सेवन अभियान में अब कारा विभाग के अधिकारी एवं कर्मी तथा एनसीसी कैडेट भी अपना सहयोग करेंगे. इस बाबत संयुक्त सचिव सह निदेशक (प्रशासन), गृह विभाग, कारागार, पटना रजनीश कुमार सिंह तथा एनसीसी निदेशालय, बिहार एवं झारखंड के अतिरिक्त निदेशक कर्नल संजीव शर्मा ने पत्र जारी कर सहयोग करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए हैं। संयुक्त सचिव सह निदेशक (प्रशासन), गृह विभाग, कारागार, रजनीश कुमार सिंह द्वारा अधीक्षक, सभी केंद्रीय कारा/मंडल कारा/महिला मंडल कारा/उपकार/मुक्त कारा बिहार को जारी पत्र में निर्देशित किया गया है कि भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा लिए गए निर्णय एवं सचिव सह कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार द्वारा अनुमोदन के उपरांत यह निर्णय के अनुसार राज्य में 10 फरवरी से 24 जिलों में सर्वजन दवा सेवन अभियान चलाया जायेगा. अतः निर्देशित है कि सर्वजन दवा सेवन अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी/कर्मी का अपनी कारागारों में दवा सेवन कराने में सहयोग करेंगे. साथ ही एनसीसी निदेशालय, बिहार एवं झारखंड के अतिरिक्त निदेशक कर्नल संजीव शर्मा ने जारी पत्र में निर्देश दिया है कि सभी ग्रुप हेडक्वार्टर आगामी सर्वजन दवा सेवन अभियान (एमडीए) में आवश्यक सहयोग करना सुनिश्चित करेंगे। सूक्ष्म कार्य-योजना की जा रही तैयारः अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, फाइलेरिया डॉ. परमेश्वर प्रसाद ने बताया कि राज्य के 24 जिलों में 10 फरवरी से शुरू होने वाले एमडीए में लगभग 7.57 करोड़ लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. उन्होंने बताया कि एमडीए की सफलता के लिए सूक्ष्म कार्य-योजना एवं मॉनिटरिंग एवं सपोर्टिव सुपरविजन पर विशेष बल दिया जा रहा है. उन्होंने कहा कि एमडीए राउंड के दौरान 3 दिनों तक बूथ लगेगा एवं 14 दिन घर-घर जाकर दवा खिलाई जाएगी। विभागों के साथ स्थापित किया जा रहा सामंजस्यः पीसीआई के एसोसिएट डायरेक्टर, सोशल मोबीलाईजेशन, रणपाल सिंह ने बताया कि फाइलेरिया से बचाव का एकमात्र उपाय साल में एक बार सर्वजन दवा सेवन अभियान के दौरान दवाओं का सेवन है. इस दवा का सेवन स्वस्थ व्यक्तियों को भी करना है, ताकि उनके अंदर मौजूद माइक्रोफाइलेरिया मर जाए. रणपाल सिंह ने बताया कि पीसीआई द्वारा जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर विभिन्न विभाग के प्रतिनिधियों द्वारा स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करने के लिए सामंजस्य स्थापित किया जा रहा है।

# सरस्वती पूजा चंदा के खिलाफ एकजुट हुए महेंद्रू के दुकानदार

- सरकार व प्रशासन का साथ न मिला, तो ईंट का जवाब पत्थर से देंगे

**पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता**



सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के तहत आने वाले महेंद्रू के दुकानदार सरस्वती पूजा के चंदा को लेकर भयाक्रांत हैं। हर साल दुकानदारों पर जबरन मनमाना चंदा दिए जाने का दबाव होता है। उक्त रकम नहीं दिए जाने के बाद दुकानदार की दुकान में तोड़फोड़ या हमला किया जाता है। इसे लेकर महेंद्रू व्यवसाय एवं नागरिक सुरक्षा संघ ने शुक्रवार को बैठक की। इसमें गहनता से सरस्वती पूजा के नाम पर चंदा नहीं, बल्कि रंगदारी मांगे जाने की बात कही गई। बैठक के दौरान दुकानदारों ने कहा कि हथुआ छात्रावास, पीजी हॉस्टल से लेकर अन्य पूजा समितियों के द्वारा दुकानदारों को जबरन चंदा की राशि भर कर रसीद सौंपा जा रहा है। यहां तक कि पूजा समितियों ने तो ब्लैंक रसीद दे दिया है कि सम्मानजनक राशि भर कर आप पूजा में सहयोग करें। ऐसे में दुकानदार त्रस्त हैं। इसे लेकर दुकानदारों और सक्रिय नागरिकों की बैठक शुक्रवार को हुई। इसमें बिहार सरकार के साथ ही पुलिस प्रशासन से सहयोग की अपेक्षा की गई है। इस संबंध में मुकेश कुमार सिन्हा ने पत्रकारों को बताया कि हर साल सरस्वती पूजा के नाम पर सहयोग राशि नहीं, बल्कि एक तरह से कहें तो रंगदारी की मांग की जाती है। मनमाना राशि नहीं दिए जाने पर दुकानदारों को निशाना बनाया जाता है। मगर इस बार संघ के अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष जीवित नहीं हैं। इसके बावजूद हम सब एकजुट हैं। अवैध और जबरन चंदा उगाही से त्रस्त दुकानदारों ने सिटी एसडीओ गुंजन सिंह और सुल्तानगंज थाना के थानाध्यक्ष को पत्र सौंपा है और मनमाना चंदा लिए जाने का दबाव के बाबत विस्तार से कहा गया है। साथ ही दुकानदारों एवं स्थानीय वासियों को सुरक्षा प्रदान किए जाने की बात कही गई है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि डीएम, सिटी एसपी और एसएसपी को भी जबरन चंदा लिए जाने व सुरक्षा को लेकर ज्ञापन दिया जाएगा। उसके साथ विभिन्न पूजा समितियों के द्वारा काटे गए रसीद की प्रति भी लगाया जाएगा।

# जयंती पर याद किये गये अमर शहीद, राजनीति दलों ने किया नमन

## जगदेव बाबू के सपने को पूरा कर रही भाजपा : सम्राट



- भाजपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं : विजय
- जगदेव बाबू के सपने को पूरा करने में जुटे हैं पीएम मोदी : प्रेम
- जयंती के मौके पर रविन्द्र भवन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन

पटना। शहीद जगदेव प्रसाद जयंती के मौके पर भाजपा ने रविन्द्र भवन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर पार्टी नेताओं और कार्यकताओं ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। जयंती समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी ने कहा कि जगदेव बाबू ने अपने जीवन में सही अर्थों में लोकतंत्र स्थापित करने के लिए पिछड़ों, अति पिछड़ों, दलितों को न्याय मिले इसकी लड़ाई लड़ी। आज उनके सपने को पूरा करने का काम भाजपा की सरकार कर रही हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जगदेव प्रसाद जी के सपने को पूरा करने और बिहार के विकसित करने में अगर अपने खून का कतरा -कतरा भी लगाना पड़े तो पीछे नहीं हटूंगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा ने हमे जो सम्मान दिया है, उसे मैं जीवन भर नहीं भूल पाऊंगा। उन्होंने कहा कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आगे बढ़ रहा है। श्री चौधरी ने कहा कि आज इस समाज के तीन लोग विभिन्न राज्यों के उप मुख्यमंत्री पद पर हैं। उन्होंने कहा कि 2020 में बिहार की जनता एनडीए को बहुमत दी थी और उस समय देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि बिहार में नीतीश कुमार मुख्यमंत्री होगें। उसी कमिटमेंट के तहत हम चल रहे है। श्री चौधरी ने साफ लहजे में कहा कि जब तक गरीबों का उत्थान नहीं हो जाता तब तक भाजपा आरक्षण जारी रखेगी। इधर, समारोह को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि भाजपा सभी धर्म और विचारों का सम्मान करती है। भाजपा एक ऐसी पार्टी है जिसकी कथनी और करनी में कोई अंतर नही है। उन्होंने कहा कि आज कई पार्टियां है और सभी का लक्ष्य मानवता की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि शहीद जगदेव बाबू का लक्ष्य समाज में अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का था। आज पीएम के नेतृत्व में सरकार ने न केवल उस व्यक्ति तक विकास पहुंचाने में सफल रहा बल्कि सबका साथ , सबके विकास के नारे के साथ आगे भी बढ़ रहा है। मंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि जगदेव बाबू ने समाज सुधार का काम किया और मानवता को एक पहचान दी। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत को आगे ले जाने का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की जब भी सरकार बनी आरक्षण का लाभ लोगों को दिया गया। इस समारोह में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नंद किशोर यादव, पूर्व मंत्री मंगल पांडेय, सुनील कुमार, जे पी वर्मा, ललिता कुशवाहा, मिथिलेश कुशवाहा, महामंत्री ललन मंडल, शिवेश राम, बसावन भगत, संतोष पाठक, सुहेली मेहता, संतोष मेहता, प्रमोद चंद्रवंशी, केदार गुप्ता, अमित दांगी, रूप नारायण मेहता, रत्नेश कुशवाहा, प्रवीण चंद्र राय सहित कई नेता उपस्थित रहे।

## नीतीश कुमार ने अमर शहीद के नीतियों को सरजमीं पर उतारा : उमेश

### जदयू मुख्यालय में मनाई गई अमर शहीद की 102वीं जयंती



पटना। बिहार लेनिन अमर शहीद बाबू जगदेव प्रसाद की 102वीं जयंती शुक्रवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में मनाई गई। इस मौके पर पार्टी के नेताओं एवं कार्यकताओं ने बाबू जगदेव प्रसाद के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित की एवं उनके त्याग व संघर्ष को याद किया। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि बाबू जगदेव प्रसाद गैरबराबरी और भेदभाव के खिलाफ छिड़े आंदोलन के नायक थे। उन्होंने 52 साल की छोटी उम्र पाई थी, लेकिन उनका संघर्ष इतना बड़ा था, उनके उठाए सवाल इतने बड़े थे, उनके पीछे जमात इतनी बड़ी थी और उनका कद इतना बड़ा था कि वे अपनी मृत्यु के 50 साल बाद भी उसी शान से हमारे बीच मौजूद हैं और आज से 50 साल बाद भी उनका नाम लिए बगैर बिहार की राजनीति पूरी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि ह्यह्यसौ में नब्बे शोषित हैं, शोषितों ने ललकारा है, धन-धरती और राजपाट में नब्बे भाग हमारा है आज से लगभग 50 साल पहले बाबू जगदेव प्रसाद का यह नारा बिहार की राजनीति का केन्द्रबिन्दु बन गया था। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि जगदेव बाबू का मानना था कि संविधान के निमाताओं ने जो लक्ष्य स्थापित किए हैं, उन्हें पाने के लिए विभिन्नता में एकता और लोकतांत्रिक व संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि बहुत सारे दल बाबू जगदेव प्रसाद के नाम पर आज अपनी राजनीतिक दुकान चला रहे हैं लेकिन असल मायनों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बाबू जगदेव प्रसाद की नीतियों एवं सिद्धांतों को सरजमीं पर उतारा है एवं उनके सपनों को पूरा करने के लिए वो रात-दिन जुटे हुए हैं। इस मौके पर मंत्री श्रवण कुमार, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह गांधी जी, पूर्व मंत्री जयंत राज, विधायक राजीव कुमार सिंह, विधान पार्षद रामेश्वर महतो, पूर्व मंत्री राम सेवक सिंह कुशवाहा, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह दांगी, प्रदेश महासचिव चंदन कुमार सिंह, प्रो सन्तोष दास पान, वासुदेव कुशवाहा,धीरज कुशवाहा,विनोद कुमार सिह, नंद किशोर कुशवाहा, किरण रंजन, संतोष कुशवाहा, वासुदेव कुशवाहा,प्रहलाद सरकार, डॉ हुलेश मांझी, मालती सिंह, डॉ आसमा परवीन, प्रदेष सचिव रीना चैधरी,राहुल खंडेलवाल,राम कुमार राम, प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा, हिमराज राम, राजेश त्यागी आदि मौजूद रहे।

## जगदेव प्रसाद सामाजिक न्याय के योद्धा थे : राजद

### राजद कार्यालय में मनी अमर शहीद की 102 वीं जयंती



पटना। राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में अमर शहीद जगदेव प्रसाद की 102 वीं जयंती प्रदेश उपाध्यक्ष वृषिण पटेल की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर अमर शहीद जगदेव प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि अमर शहीद जगदेव प्रसाद सामाजिक न्याय के योद्धा थे। उन्होंने दलितों, पिछड़ों और अकलियतों की एकता के लिए जीवन भर संघर्ष करते रहे। वे बिहार लेनिन के नाम से जाने जाते हैं। शहीद जगदेव बाबू समतामूलक एवं शोषण विहीन समाज बनाना चाहते थे। उनका नारा था सौ में नब्बे शोषित है, नब्बे भाग हमारा है, दस का शासन नब्बे पर नहीं चलेगा नहीं चलेगा। उन्होंने 90 के हक और अधिकार का नारा दिया था जो अभी भी अधूरा है। राष्ट्रीय जनता दल उनके आदर्शो पर चलकर उनके अधूरे सपने को पूरा करने के लिए लालू प्रसाद के नेतृत्व में मजबूती से लड़ाई लड़ रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक, बीनू यादव, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, विधायक अली अशरफ सिद्दिकी, प्रदेश उपाध्यक्ष शोभा प्रकाश कुशवाहा, मधु मंजरी, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, पूर्व विधायक डॉ अनवर आलम, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, डॉ उर्मिला ठाकुर, पूर्व विधान पार्षद आजाद गांधी, उपेन्द्र प्रसाद, प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार राम, फैयाज आलम कमाल, मदन शर्मा, बल्ली यादव, निराला यादव, भाई अरूण कुमार, प्रो कुमार चन्द्रदीप, खुर्शीद आलम सिद्दिकी, श्यामनंदन पासवान, गुलाम रब्बानी, अभिषेक सिंह, अरूण कुमार यादव, प्रदीप मेहता, ई दुर्गेश यादव, संजय यादव, राजेश पाल, अनिल कुमार साधु, अशोक कुमार गुप्ता, कुमर राय, विजय कुमार यादव, गोपाल प्रसाद गुप्ता, प्रमोद कुमार सिन्हा, महेन्द्र प्रसाद विद्यार्थी, उपेन्द्र चन्द्रवंशी, गणेश यादव, शिवेन्द्र कुमार तांती, राकेश रंजन, अनिल मलिक, देवशरण मांझी, कृष्णा ठाकुर, विनोद यादव, श्रवण पटेल, चंदन ठाकुर, अमित पटेल, डॉ लालदेव प्रसाद यादव, ई बनवारी सिंह, उपेन्द्र शर्मा, चन्देश्वर प्रसाद सिंह, अजीत कुमार यादव, गुफरान रशीद, डॉ शैलेश कुमार सागर, ओमप्रकाश पासवान, गीता देवी सहित अन्य गणमान्य नेताओं ने श्रद्धाजंलि अर्पित की।

## जनता का हित बर्दाश्त नहीं कर सकती कांग्रेस: राजीव रंजन



नई दिल्ली। कांग्रेस और उसके सहयोगियों को निशाने पर लेते हुए जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि सत्ता की भूख में कांग्रेस और उसके सहयोगियों का मानसिक संतुलन इतना हिल गया है कि अब उन्हें देशहित के कामों से भी दिक्कत होने लगी है। इसी वजह से यह लोग इतने संतुलित और 2047 तक विकसित भारत की नींव को मजबूत करने वाले बजट के खिलाफ भी दुष्प्रचार करने से बाज नहीं आ रहे हैं। यह दिखाता है कि इनकी राजनीति अब जनता के खिलाफ हो चुकी है।कांग्रेस के विरोध का कारण बताते हुए उन्होंने कहा कि दरअसल यह बजट गरीब, युवा, महिलाओं और किसानों को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने पर केन्द्रित है। इसके अलावा इसमें मध्यम वर्ग को सशक्त करने के लिए भी कई निर्णय लिए गये हैं। कांग्रेस और उसके सहयोगियों को इसी से दिक्कत है।

कांग्रेस ने इतने दशकों तक इन्हीं लोगों को बरगला कर शासन किया है। इन्हें डर है कि यदि यह लोग सशक्त हो गयें तो देश से उनके जैसे परिवारवादियों का नामोनिशान मिट जाएगा। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि बजट में युवाओं के लिए रिसर्च और इनोवेशन पर 1 लाख करोड़ रुपए का फंड बनाने तथा स्टार्टअप्स को मिलने वाली टैक्स छूट के विस्तार का ऐलान भी किया गया है।गरीबों के लिए 2 करोड़ और नए घर बनाने का तथा 2 करोड़ महिलाओं की जगह 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी तरह आयुष्मान भारत योजना के तहत आंगनवाड़ी और आशा वर्करों को भी लाभ देने का ऐलान किया गया है। इसके अलावा इनकम टैक्स रिमिशन स्कीम की घोषणा की गई है, उससे मध्यम वर्ग के करीब एक करोड़ लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही बजट में किसानों के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण और बड़े निर्णय लिए गए हैं। नैनो डीएपी का उपयोग हो, पशुओं के लिए नई योजना के निर्माण, पीएम मत्स्य संपदा योजना के विस्तारऔर आत्मनिर्भर ऑयल सीड अभियान आदि के जरिये किसानों की आय बढ़ाने और उनके खर्च कम करने के प्रयास करने की घोषणा की गयी है। कांग्रेस को बताना चाहिए कि आखिर उनके नेता इसका विरोध क्यों कर रहे हैं? उन्होंने कहा कि हमारी कांग्रेस से गुजारिश है कि कम से कम देशहित में उठाये जा रहे कामों को राजनीति में घसीटने से परहेज करें। इसी आदत के कारण उनकी पूरे देश में दुर्गति हो रही है और अगर उन्होंने यह रवैया बरकरार रखा तो उन्हें रसातल में जाने से कोई नहीं रोक सकता।

## जगदेव बाबू शोषित व दलितों के नेता थे : पारस

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



राष्ट्रीय जनशक्ति पार्टी प्रदेश कार्यालय में बाबू जगदेव प्रसाद की 102वी जयन्ती मनाई गई। सबसे पहले बाबू जगदेव प्रसाद जी के तैल्य चित्र पर माला चढ़ाकर पार्टी पदाधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस ने बाबू जगदेव प्रसाद के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबू जगदेव प्रसाद एक क्रांतिकारी नेता थे जो गरीब तथा शोषित समाज के उत्थान तथा न्याय की बात किया करते थे। जिन्हे बिहार मे लेलिन के रूप में याद किये जाते है। आगे पारस ने कहा कि जगदेव बाबू ने कहा कि सौ में नब्बे शोषित हैं नब्बे भाग हमारा है ये कहावत आज के परिवेश में चरितार्थ है। इन्होने जमीनदारी प्रथा के अलावे तानाशाह शक्तियों के खिलाफ लड़ाई लड़ते लड़ते शहीद हो गये। शहीद जगदेव बाबू क्रातिकारी नेता के रूप में सदैव जाने जाते है। प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद प्रिंस राज ने कहा कि जगदेव बाबू दबे कूचले की लड़ाई लड़ी और उनके हक के लिए इन्होनें सोशलिस्ट समाज दल का गठन किया और इसी बैनर के तहत शहीद जगदेव बाबू ने सत्याग्रह के माध्यम सें वंचीत समाज को एकजुट कर अन्दोलन खड़ा किया। प्रदेश प्रवक्ता ललन कुमार चंद्रवशी ने बताया कि कार्यक्रम में युवा के प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र यादव ने युवाओं का अहवाहन करते हुए कहा कि आज शहीद जगदेव बाबू के बताये हुए रास्ते पर चलकर तथा उनके अधूरे कार्यो को पूरा करना हम सभी की सच्ची श्रद्धाजली होगी। इस अवसर पर पार्टी के देवेन्द्र कुशवाहा, राजेन्द्र विश्वकर्मा, मनीष त्यागी, कृष्णा पासवान, सौलत राही, राधाकान्त पासवान, गजेन्द्र यादव, डोमन पासवान, मनोरमा देवी, दशरथ पासवान, राधा देवी, सहित सभी नें जगदेव बाबू के चित्र पर माला चढ़ाकर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सदाकत आश्रम में मनी ललित नारायण मिश्र की जयंती

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में शुक्रवार को पूर्व केन्द्रीय मंत्री ललित नारायण मिश्र की 102 वीं जयन्ती मनायी गयी। इस अवसर पर वक्ताओ ने कहा कि ललित बाबू विकास पुरूष थे। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मंत्रिमण्डल के सदस्य के रूप में उन्होंने स्वतंत्रता से पहले उपेक्षित कोशी एवं मिथिला क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिये अनेक कार्यक्रम चलाये। ललित बाबू के प्रयास से मिथिला पेंटिंग को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति और स्थान मिला। रेल एवं सड़क मार्ग के विकास के लिये ललित बाबू ने कोशी एवं मिथिलांचल क्षेत्र में कई योजनाएँ कार्यान्वित कीं। उन्होंने कहा कि आज कृतज्ञ राष्ट्र, ललित बाबू के योगदान को स्मरण कर, उनकी स्मृति को शत-शत नमन करती है। इस अवसर पर डॉ हरखू झा, लाल बाबू लाल, ब्रजेश प्रसाद मुनन, निर्मल वर्मा,डॉ संजय यादव, डा विनोद शर्मा, डॉ विनोद यादव, राजेश मिश्रा, उमेश कुमार राम, अरविन्द लाल रजक, मंजीत आनंद साहू,उदय शंकर पटेल, मृणाल अनामय, राज छविराज, राजेन्द्र चैधरी, नीतू सिंह निषाद,निधि पाण्डेय, सुदय शर्मा, मो शाहनवाज,गोरख नाथ, किशोर कुमार, शर्मानन्द पाण्डेय, दशरथ प्रसाद केसरी एवं उपस्थित नेताओं ने भी ललित बाबू के चित्र पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## धूमधाम से मनी अमर शहीद की 102वीं जयंती

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



अमर शहीद जगदेव प्रसाद की 102वीं जयंती के अवसर पर शहीद जगदेव चौक दुल्हिनबाजार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता अभिमन्यु कुमार कुशवाहा ने किया। इस अवसर पर अमर शहीद जगदेव प्रसाद जागरण अभियान रथ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा संत कुमार सिंह का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत ध्वजारोहण के साथ किया गया। समाज सेवी राजगीर यादव एवं असिस्टेंट प्रोफेसर आचार्य डॉ मुन्ना प्रसाद ,रवि शंकर कुशवाहा, डॉ संत कुमार सिंह, शिवनंदन सिंह पूर्व मुखिया ने संयुक्त रूप से जगदेव प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं उनके ऊपर प्रकाशित 34वां अंक, स्मारिका का लोकार्पण किया गया। वहां उपस्थित लोगों ने जगदेव प्रसाद अमर रहें के साथ गगनचुंबी नारों के साथ जयघोष किया।सौ में 90 वोट हमारे, फिर भी शोषित क्यों हाथ पसारे। उक्त बातें जगदेव जागरण रथ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संत कुमार ने कही । कार्यक्रम में दर्जनों लोग उपस्थित थे। जगदेव जागरण रथ को बिहार एवं झारखंड प्रदेश के विभिन्न जिलों एवं प्रखंडों में 2 फरवरी से 4 मार्च तक जगदेव जागरण के लिए रथ को झंडा दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर अजय कुशवाहा, वसंत कुमार, दिनेश सिंह कुशवाहा ,रविशंकर कुशवाहा, जदयू नेता ने भी अपना विचार व्यक्त किया।

## अंतरिम बजट में सभी वर्ग का ख्याल : चंदन

पटना। केंद्र सरकार द्वारा अंतरिम बजट 2024 पारित होने पर जदयू के प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी चंदन कुमार सिंह ने एनडीए की मोदी सरकार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने अपने अंतरिम बजट में सभी वर्ग का ख्याल रखा है। यह विकसित भारत के सपनों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि यह बजट गरीब, महिला एवम् किसान के लिए लाभकारी है। श्री चंदन कुमार सिंह ने कहा कि एनडीए की सरकार जनता के हितों का समुचित ख्याल रखती है जिसका प्रतिबिंब यह अंतरिम बजट है। खसतौर पर महिलाओं को ध्यान में रखकर कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए है।लाखपति दीदी योजना के तहत तीन करोड़ महिलाओं को लाखपति बनाने के लिए सरकार काम करेगी। यह योजना निश्चित रूप से देश की आधी आबादी को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाएगा। इसके अतिरिक्त डेयरी विकास के क्षेत्र में भी सरकार ने दुग्ध उत्पादन करने वाले किसानों का ध्यान रखा है। हम जानते है कि ग्रामीण इलाकों की आर्थिक संरचना दुग्ध उत्पादन पर ही निर्भर रहती है। अगर इसको मजबूत बनाया जाए तो यह आर्थिक क्रांति को जन्म देगा। श्री चंदन कुमार सिंह ने कहा कि टूरिजम सेक्टर को भी गति देने के लिए ब्याज मुक्त ऋण की घोषणा की गई है, यह दशार्ता सरकार कितनी दर्दर्शी है। कुल मिलकर यह अंतरिम बजट जनहित के लिए सकारात्मक है और हमे आशा है कि यह भारत के स्वर्णिम भविष्य का आधार बनेगा।

## सबका साथ, सबका विकास केन्द्र सरकार का लक्ष्य : भाजपा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द कुमार सिंह ने कहा है कि जब पीएम मोदी ने 2014 में काम शुरू किया, तब देश भारी चुनौतियों का सामना कर रहा था। मोदी सरकार ने जनता के हित में काम शुरू किया, जनता को ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर दिए। देश में नई उम्मीद जगी है। मोदी सरकार ने व्यापक विकास की बात की मोदी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र से आगे बढ़ रही हैं। कोविड की चुनौतियों के बावजूद, पीएम आवास योजना ग्रामीण का कार्यान्वयन जारी रहा और 3 करोड़ घरों के लक्ष्य को प्राप्त करने के करीब हैं साथ ही 2 करोड़ और घर बनाए जायेंगे। मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। 11.8 करोड़ किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिला है। 4 करोड़ से अधिक किसानों को फसल बीमा योजना का फायदा मिला है। श्री अरविन्द ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए बहुत सारे कार्य किए गए हैं। पीएम आवास योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में 70 प्रतिशत से अधिक घरों की मालकिन महिलाएं हैं। मुद्रा योजना के अंतर्गत महिलाओं को 30 करोड़ से अधिक ऋण दिए गए हैं, 10 साल में उच्च शिक्षा में महिलाओं के नामांकन में 28 प्रतिशत की वृद्धि हुई। मोदी सरकार दूरदर्शी नीतियों से देश को प्रगतिशील बनाने में लगी है इसीलिए रूफटॉफ सोलराइजेशन के माध्यम से 1 करोड़ परिवारों को हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलेगी इससे उनके घरों को 15,000 से 18,000 रुपए तक की अपेक्षित बचत होगी। 1 करोड़ सोलर पनैल हाउसहोल्ड को मुफ्त बिजली देने की सरकार की स्कीम गेंम चजेंर साबित होगी। वहीं मध्यम वर्ग के लिए हाउसिग प्लान के जरिए मोदी सरकार किराए के मकानों, झुग्गी-झोपड़ियों, चॉलों या अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वालों की मदद के लिए एक योजना शुरू करेगी। हमारी सरकार विकास के दृष्टिकोण के साथ काम कर रही है जो सर्वपक्षीय, सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी और सर्वसमावेशी है।

## युवाओं को रोजगार देने के बजाए लाठीचार्ज कर रही है सरकारः भाकपा

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने पटना में विद्यार्थियों पर हुए लाठीचार्ज की तीखी निंदा की है। उन्होंने कहा कि रेलवे में छः लाख से अधिक पद रिक्त हैं, लेकिन 5600 पदों पर ही भर्तियाँ निकाली गई है। इसी के खिलाफ पटना में विद्यार्थियों ने जुलूस निकाला था। सरकार युवाओं को रोजगार देने के बजाए पुलिस से पिटवा रही है। भाकपा राज्य सचिव ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा कि रोजगार को लेकर बिहार में अच्छा माहौल बना था। महागठबंधन की सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल में तीन लाख से ज्यादा नियुक्तियां हुई लेकिन बिहार में 28 जनवरी को सरकार बदलते ही 30 जनवरी को रोजगार की मांग कर रहे विद्यार्थियों पर पुलिस ने लाठी चार्ज कर दिया। यह लाठीचार्ज केंद्र और राज्य सरकार के युवा विरोधी मानसिकता को दशार्ता है। केंद्र की भाजपा सरकार 2014 में प्रत्येक साल दो करोड़ युवाओं को नौकरी देने का वादा कर सत्ता में आई थी इन दस वर्षों में केंद्र सरकार ने ठगने का कार्य किया है। कहाँ है युवाओं का 20 करोड़ नौकरी केंद्र सरकार जवाब दें? उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार एक तरफ युवाओं को नौकरी नहीं दे रही है तो कई मंत्रालयों में लगातार छँटनी जारी है। केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में 25 लाख से ज्यादा पद रिक्त पड़े हुए हैं।

## शोषितों और वंचितों की प्रखर आवाज थे जगदेव बाबू :करुणा

पटना। बिहार लेनिन के नाम से मशहूर अमर शहीद जगदेव प्रसाद की 102वीं जयंती पर राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता और तमिलनाडु के पूर्व डीजीपी डॉ. करुणा सागर ने श्रद्धांजलि अर्पित की। राजद प्रवक्ता ने उन्हें दबे-कुचले एवं वंचित वर्ग के लोगों की प्रखर आवाज बताते हुए कहा कि जगदेव बाबू जीवन पर्यंत गरीबों के अधिकार व मान सम्मान के लिए संघर्ष करते रहे। पहली पीढ़ी के लोग मारे जाएंगे, दूसरी पीढ़ी के लोग जेल जायेंगे, तीसरी पीढ़ी के लोग राज करेंगे। नारा देने वाले बाबू जगदेव प्रसाद की पुण्य स्मृतियों को स्मरण करते हुए डॉ. सागर ने कहा कि उत्तर भारत में सामाजिक-सांस्कृतिक क्रान्ति के जनक बाबू जगदेव प्रसाद ने आधुनिक भारतीय समाज की एक ऐसी नींव को मजबूत किया है जो कृषि, प्रेम और परिश्रम पर आधारित है न कि नफरत, ढकोसलेबाजी और शोषण पर। आज के राजनीतिक परिदृश्य का हवाला देते हुए राजद प्रवक्ता ने कहा कि आज केंद्र सरकार की मनगढंत नीतियों से गरीब और अमीर की खाई गहराती जा रही है। युवा अपने रोजगार के हक से वंचित हैं। सत्ता से प्रश्न करने वालों को सरकारी जांच एजेंसियों के जरिये उत्पीड़ित किया जाता है और आवाज उठाने वालों को जेल में ठूंस दिया जाता है। एक जमाने में बाबू जगदेव प्रसाद जी का संघर्ष इसी शोषण के खिलाफ था। जगदेव प्रसाद ने बिहार में एक राजनीतिक चेतना पैदा की थी जो सामाजिक न्याय के पैरोकार राजनीतिक दलों की प्रेरणा बनी। डॉ. सागर ने कहा कि 5 सितम्बर 1974 को बिहार के जहानाबाद जिले के कुर्था में एक सार्वजानिक भाषण के दौरान एक पुलिस अधिकारी द्वारा जगदेव प्रसाद की नृशंस हत्या कर दी गयी थी लेकिन उनकी दबे-कुचलों और शोषित वर्ग के हितों के संघर्ष की विचारधारा आज भी जीवंत है। आज उनकी जयंती पर हम उन्हें कोटि-कोटि नमन करते हैं।

## जिला परिषद के पूर्व सदस्य के निधन पर राजद में शोक

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक, पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अरविन्द कुमार सहनी, युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष राजेश यादव, राजद प्रदेश महासचिव मो फैयाज आलम कमाल, अरूण कुमार यादव, युवा राजद के प्रदेश महासचिव शिवेन्द्र कुमार तांती, गणेश यादव, उपेन्द्र चन्द्रवंशी सहित राजद के अन्य नेताओं ने युवा राजद के प्रदेश महासचिव सह सरायरंजन जिला परिषद के पूर्व सदस्य रंजीत राय के निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि इनके निधन से राजद ने एक कर्मठ एवं संघर्षशील युवा नेता और कार्यकर्ता को खो दिया। इनकी कमी हमेशा महसूस की जायेगी। इनके परिवार के अनुसार कल 01 फरवरी को समस्तीपुर के हरपुर सलोथ के पास डीएभी पब्लिक स्कुल के सामने उनकी डेड बॉडी मिली। उनकी मौत संदिग्ध परिस्थिति में होने की बातें सामने आयी है। इनके परिवार के अनुसार पोस्टमार्टम कराया गया। रिपोर्ट के आधार पर ही पता चलेगा कि कैसे मौत हुई है। ज्ञात हो कि रंजीत राय और सुनील राय दोनों साथ में थे जिसमें गंभीर स्थिति में सुनील राय को पटना पीएमसीएच में बेहतर ईलाज के रेफर किया गया है। स्व रंजीत राय के अंतिम संस्कार में राजद विधायक अख्तरूल इस्लाम शाहीन, विधान पार्षद मो कारी सोहैब, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द कुमार सहनी, पूर्व विधान पार्षद सह समस्तीपुर जिलाध्यक्ष श्रीमती रोमा भारती सहित पार्टी के अन्य नेता और पदाधिकारी भी अंत्येष्टि के समय उपस्थित थे।

## 15 फरवरी से शुरू होगा विशेष नाला उड़ाही अभियान

### मशीनों द्वारा बड़े एवं छोटे नालों की युद्ध स्तर पर की जाएगी सफाई

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने एवं नालों की गुणवत्तापूर्ण सफाई करने के लिए पटना नगर निगम द्वारा 15 फरवरी से विशेष नाला उड़ाही अभियान शुरू किया जा रहा है। गौरतलब है कि पटना नगर निगम द्वारा मशीनों के माध्यम से नाला उड़ाही शुरू की जा चुकी है। पोस्ट मॉनसून उड़ाही के अंतर्गत सभी अंचलों में बड़े एवं छोटे नालों की सफाई शुरू की जा रही है। प्रत्येक वर्ष शहर को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले नालों की विशेष सफाई की जाती है। पटना नगर निगम के सभी 06 अंचलों को नाले के सफाई कार्य वर्ष में 03 बार सफाई कराई जाती है। इसके साथ ही यह सुनिश्चित किया जाता है कि बड़े, मध्यम एवं छोटे नालों की सफाई एवं रख-रखाव उत्तम दर्जे का हो।

**तीन चरणों में उड़ाही :**

मॉनसून पूर्व- फरवरी से मई। मॉनसून - जून के दूसरे हफ्ते से सितंबर तक व पोस्ट मॉनसून - नवम्बर एवं दिसंबर तक।

**इन नालों की होती है सफाई :** सैदपुर नाला अजीमाबाद, सैदपुर नाला बांकीपुर, आनंदपुरी नाला, कुर्जी नाला, मंदिरी नाला,सरपेंटाइन नाला, बाकरगंज नाला, बाईपास नाला नूतन राजधानी,बाईपास नाला कंकड़बाग, योगीपुर नाला

**क्विक रिस्पास टीम के माध्यम से दूर की जायेगी शिकायत :**

पटना नगर निगम द्वारा मौनसून के दौरान क्विक रिस्पास टीम के माध्यम से निगरानी की जाती है। पटना नगर निगम द्वारा इसके लिए आंचल एवं वार्ड स्तर पर पदाधिकारी की प्रति नियुक्ति भी की जाती है। यह टीम मानसून के दौरान एक्टिव रहती है और जहां भी जल निकासी की समस्या होती है उसे 2 घंटे में दूर किया जाता है। पटना नगर निगम द्वारा टोल फ्री नम्बर 155304 के लिए इसके लिए तीन पालीयों में बांटकर कर टीम का गठन किया गया है। जो 24 7 एक्टिव रहता है, जिसपर किसी भी समय शिकायत दर्ज करायी जा सकती है।

## भारत-मौरिशस मैत्री संघ का हुआ पुनर्गठन

- अनिल सुलभ की अध्यक्षता में बनी 35 सदस्यीय कार्यसमिति

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



भारत-मौरिशस मैत्री संघ का पुनर्गठन किया गया है। संघ के निर्वाचित अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने अपनी 35 सदस्यीय नयी कार्यसमिति अधिसूचित की है। नयी कार्य समिति में 6 उपाध्यक्ष, एक प्रधान सचिव, 6 महासचिव, 6 सचिव बनाए गए हैं। पुनर्गठित मैत्री संघ में डा अनिल सुलभ अध्यक्ष बनाए गए हैं। डा उपेंद्र नाथ पाण्डेय, संजय मयूख, डा शंकर प्रसाद, डा राज कुमार नाहर, डा मधु वर्मा व दिलीप कुमार उपाध्यक्ष बनाये गये हैं। पारिजात सौरभ प्रधान सचिव, डा पूनम आनंद, राजेश भट्ट, देव नारायण ओझा, डा पुष्पा जमुआर, प्रो सुशील कुमार झा व ई अशोक कुमार ये सभी महासचिव, जबकि शशि भूषण कुमार, डा अर्चना त्रिपाठी, डा मनोज गोवर्द्धनपुरी, ब्रह्मानन्द पाण्डेय, सागरिका राय, डा शालिनी पाण्डेय सचिव बने हैं। कुमार अनुपम कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। वहीं, श्याम बिहार प्रभाकर, डा प्रतिभा रानी, चंदा मिश्र, कमल किशोर वर्मा, सदानन्द प्रसाद, इन्दु उपाध्याय, डा विद्या चौधरी, डा पीयूष रंजन झा, प्रेमलता सिंह राजपुत, डा सुषमा कुमारी, किरणकांत वर्मा, सिद्धेश्वर, नीरव समदर्शी तथा नेहाल कुमार सिंह निर्मल ये सभी कार्यकारिणी सदस्य सम्मिलित किए गए हैं। स्मरणीय है कि गत 8 जनवरी को संपन्न हुई मैत्री-संघ की आमसभा में संघ के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ को सर्वसम्मति से आगामी कार्यकाल के लिए पुनः अध्यक्ष निर्वाचित करते हुए उन्हें नयी कार्यसमिति गठित करने के लिए अधिकृत किया गया था। डा सुलभ के अनुसार, भारत में मौरिशस के राजदूत रहे मुखेश्वर चुनी, जिनकी उपस्थिति में वर्ष 2005 में संघ की स्थापना की गयी थी, संघ के मुख्य संरक्षक तथा अंतर्राष्ट्रीय ख्याति की साहित्यकार और मौरिशस सरकार द्वारा गठित भोजपुरी स्पीकिंग यूनियन की अध्यक्ष डा सरिता बुधु और पूर्व सांसद डा रवींद्र किशोर सिन्हा संरक्षक बनाए गए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### चोरी की बाइक के साथ युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कल्याणपुर, समस्तीपुर। चकमेहसी थाना क्षेत्र के परना स्कूल के समीप से गुरुवार की रात्रि में वाहन चेकिंग के दौरान बजाज सिटी बाईक के साथ पुलिस शेखर सुमन ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवक की पहचान कल्याणपुर थाना क्षेत्र के लक्ष्य रामपुर गांव निवासी निरंजन कुमार ठाकुर के पुत्र रोहन कुमार के रूप में हुई है। वहीं थाना अध्यक्ष दिव्य ज्योति कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार युवक के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज करते हुए समस्तीपुर कोर्ट भेजा गया है।

### डीएसपी ने किया निरीक्षण

कल्याणपुर, समस्तीपुर। सदर डीएसपी संजय कुमार पांडेय ने शुक्रवार को कल्याणपुर थाना का अचौक निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने अनुसंधान के लंबित कार्यो को अविलंब पुरा करने कि निर्देश देते हुए सहित कई अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। वहीं उन्होंने लदौरा में हुई विगत दिनों गोली फायरिंग के घटना का भी जांच किया। मौके पर थाना अध्यक्ष राजन कुमार सहित सभी पुलिस बल मौजूद थे।

### 8377 लीटर विदेशी शराब को किया गया विनष्टीकरण

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना के परिसर में कोर्ट के आदेश पर शुक्रवार को विभिन्न 6 मामलों में जब्त की गई 8377 लीटर शराब को विनष्टीकरण किया गया। मौके पर अंचलाअधिकारी कमलेश कुमार, थाना अध्यक्ष राजन कुमार, अपर थाना अध्यक्ष राज किशोर राम अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।

### चोरी को लेकर थाना में दिया आवेदन

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर उत्तर वार्ड 09 निवासी श्रवण कुमार पोद्दार ने चोरी को लेकर थाना में एक आवेदन दिया है। जिसमें बताया कि 30 जनवरी की रात्री मेरे नए घर जहा कार्य प्रगति पर वहां से अज्ञात चोरों ने मोटर कटर, खंती, पाईप रिंग, हाथ कटर आदि चोरी कर लिया है।

### एक साल से कर रहे थे लड़की के साथ शादी के नाम पर शारीरिक शोषण

सिकंदरा थाना क्षेत्र के एक गांव में 1 साल तक नाबालिक लड़की के साथ शादी का झांसा देकर एक युवक के द्वारा यौन शोषण करने का मामला सामने आया है. बुधवार की शाम नाबालिक लड़की खेत की ओर शौच करने गई थी. इसी दौरान बाली गांव निवासी अजय तांती का 22 वर्षीय पुत्र कुंदन कुमार उर्फ गुंजन ने उसे अकेला देख उसके साथ दुष्कर्म किया और भागने लगा. भागने के क्रम में युवक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया. और मांग में सिंदूर डलवाकर शादी कर दिया. शादी के बाद नाबालिक जब युवक के घर पहुंची तब युवक कुंदन की मां दुलारी देवी, पिता अजय तांती, बहन पूनम कुमारी सहित अन्य के द्वारा मारपीट किया गया .मारपीट में पिड़िता की नानी भी घायल हो गई।

## आर्म्स एक्ट का आरोपी युवक गोली लगने से हुआ घायल

● गोली लगने के बाद घर चिलाते हुए आया, शहर के एक निजी नर्सिंग होम में चल रहा इलाज



समस्तीपुर, प्रातः किरण संवाददाता

जिले के पूसा थाना क्षेत्र अंतर्गत धर्मागत बथुआ गांव में गुरुवार की रात गोली लगने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजनों के द्वारा आनन-फानन में इलाज के लिए शहर के आदर्शनगर स्थित एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। युवक की पहचान धर्मागत बथुआ निवासी वैद्यनाथ सिंह के पुत्र हरेंद्र सिंह उर्फ हीरा सिंह (40 वर्ष) के रूप में हुई है। उसके दाहिने सीने में गोली लगी थी। परिजनों के अनुसार बताया गया कि श्रीरामपुर रेल गुमटी के निकट उसे गोली मारी गई है। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। पुलिस के अनुसार घायल युवक के विरुद्ध पूसा थाना में हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट का मामला भी दर्ज है और वह एक बार जेल भी जा चुका है। हालांकि पुलिस घटना के कारणों का खुलासा करने को लेकर छानबीन में जुटी हुई है। घटना के सम्बन्ध में घायल युवक के परिजनों ने बताया कि हीरा गांव में मवेशी डॉक्टर का काम करता है। शाम में वह गांव में ही था। रात में जब सभी सो रहे थे इसी दौरान युवक चिल्लाते हुए आता कि पिताजी हमरा गोली मार देलकों गुमटी के पास और इसके बाद वह दरवाजे पर ही बेहोश होकर गिर पड़ा। इसके बाद जुटे परिजनों ने देखा कि उसे गोली लगी। इसके बाद उसे शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं निजी अस्पताल के डॉक्टर के अनुसार युवक को लगी गोली को निकाल दिया गया है। घायल की स्थिति अब पहले से बेहतर है। हालांकि अब भी वह वेंटीलेटर पर और पुलिस को कुछ भी बताने में असमर्थ है। उसके होश में आने के बाद ही घटना के कारणों का खुलासा हो पाएगा। वहीं इस संबंध में पूसा थानाध्यक्ष चंद्रकांत गौरी ने बताया कि घायल के होश में आने के बाद उसका फर्द बयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं सदर डीएसपी संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि घायल के होश में आने के बाद ही घटना के कारणों का खुलासा हो पाएगा। हालांकि पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

## अगलगी की घटना में आधे दर्जन से अधिक घर जल कर राख

प्रात: किरण संवाददाता

कुशेश्वर स्थान दरभंगा : कुशेश्वर स्थान थाना क्षेत्र के हिरणी गांव के समीप रेलवे बांध पर अगलगी की एक घटना में आधे दर्जन से अधिक घर जलकर राख हो गये. घटना में करिवन पांच लाख से भी अधिक कि क्षति का अनुमान लगया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को रात्रि के आठ बजे के करीब मवेशी घर में लगे घूरे से सुलगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया, आग की लपटें उठते देख अगल बगल के लोगों ने शोर मचाना शुरू किया, हल्ला पर जुटे ग्रामीणों ने सबसे पहले लोगों को घर से चाहर निकाला, तबतक आग की चपेट में आ चुके मवेशियों को भी खोलकर बाहर किया. पंचायत समिति प्रतिनिधि मधुकांत झा मिंटू ने आग की सूचना विरौल अनुमंडल अग्निशामक पदाधिकारी



दिलीप सिंह को देकर अग्निशामक दो से तीन गाड़ी भेजने का आग्रह किया, सूचना सीओ शिवम श्रीवास्तव को भी दी. श्री झा ने चताया कि डेढ़ घंटे बाद बिरौल से अग्निशमन की बड़ी गाड़ी हिरणी गांव पहुंची जो संकीर्ण रास्ता होने के कारण घटनास्थल से पहले ही फंस गयी, जब बिरौल अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी से फोन कर श्री झा दोबारा बोले कि आप से छोटी गाड़ी भेजने को कहा था तो, बड़ी गाड़ी क्यों भेज दिये. रास्ते में ही फंस गई है. आग का रूप काफी भवानक है. शोध छोटी गाड़ी भेजिये, इतना सुनते ही अग्निशमन पदाधिकारी भड़क उठे. श्री झा ने डीएम तक को घटना की जानकारी दी. बताया कि अंचल मुख्यालय में गाड़ी रहती, तो क्षति काफी कम लेती, घंटों मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने डोल बाल्टी के सहारे आम को काबू करने में सफलता पायी। अग्निशमन की छोटी गाड़ी पहुंची तो बचे आग के अवशेष को पानी जलकर बुज्हया अगलगी की इस घटना में मन्टून साहू, राजकुमार सदा, लइ सदा सहित आधे दर्जन से अधिक लोगों के आवासीय च मवेशी घर जलकर राख हो गये। वहीं आधे दर्जन दुधारू पशु आग की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गये, सीओ शिवम श्रीवास्तव ने बताया की घटनास्थल पर स्वयं मौजुद हूं। आग पूरी तरह शांत होने के बाद कितने लोगों का आवासीय घर जला है, उसका साही आकलन हो सकेगा, कुछ मवेशी आग में झुलस गये हैं. उनके उपचार के लिए, मवेशी चिकित्सक को बुलाया गया है।

## जनता के दरबार मे जिलाधिकारी ने कई मामलों का किया निष्पादन



प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता के दरबार मे जिलाधिकारी कार्यक्रम में आये 175 परिवादियों से मिलकर उनकी समस्यायों को सुन जिसमें कई मामलों में स्वयं सबंधित पदाधिकारियो से दूरभाष पर बात कर त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया,शेष आवेदनों को संबधित विभाग के पदाधिकारियो को ससमय निष्पादन को लेकर अग्रसारित कर कृत करवाई से अवगत कराने का निर्देश दिया । प्राप्त शिकायतों में भूमि अतिक्रमण भूमि विवाद,नल-जल योजना,आपसी विवाद,जनवितरण आदि से संबधित मामले सबसे अधिक पाए गए। इसके अतिरिक्त समाजिक सुरक्षा योजना, बाल विकास परियोजना,शिक्षा सहित अन्य कार्यालय में लंबित मामले भी प्राप्त हुए। शिकायत कर्त्ता सरदार हरिवंशी, प्रखण्ड- मधवापुर ग्राम साहरघाट के द्वारा जमीन विवाद से संबंधी मामला को लेकर शिकायत किया गया । प्रखण्डप्तबाबूबरही ग्राम-दुदाही के निवासी देवेंद्र राय के द्वारा निजी जमीन दखल कब्जा कर लेने के संबंध में शिकायत किया। प्रखंडप्तराजनगर ग्राम वेलभार के निवासी मो0 वजीर ने सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर लेने से संबधित शिकायत किया गया। जिलाधिकारी ने न केवल आए हुए परिवादियों की समस्याओं को सुना बल्कि, उन समस्याओं के संदर्भ में संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त जनशिकायतों को पूरी गंभीरता से लेकर सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ उसका त्वरित निष्पादन करे। उक्त अवसर पर संतोष कुमार,अपर समाहर्ता,आपदा,प्रभारी पदाधिकारी जिला राजस्व,मयंक सिंह, प्रभारी पदाधिकारी,जिला विधि शाखा सहित कई अधिकारी भी उपस्थित थे।

## शनिवार से शुरू होने वाली सात दिवसीय संगीतमय भागवत कथा की तैयारी पूरी

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी विकासात्मक समिति एवं श्री शारदा इंस्टीट्यूशन ,लहेरियासराय द्वारा शिशिर कुमार कर्ण के आवासीय परिसर ,हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी , मे शनिवार से शुरू होने वाली सात दिवसीय संगीतमय भागवत कथा की तैयारी पूरी कर ली गई है। शुक्रवार को पंडाल व सजावट के काम को अंतिम रूप दिया गया। समिति के कार्यकारिणी अध्यक्ष ललन झा ने तैयारियों की जानकारी देते हुए कहा कि सुबह के 10 बजे कलश यात्रा निकलेगा वहीं दिन के 2 बजे भागवत कथा का शुभारंभ किया जाएगा। जिसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। भक्तों के बैठने के लिए कुर्सी व नीचे में दरी की व्यवस्था की गई है। इसके अलावे ठंड को देखते



हुए अलाव की भी व्यवस्था रहेगी। सात दिनों तक चलने वाले भागवत कथा में दूर दूर से श्रोता पहुंचेंगे। जिसके लिए अलग से व्यवस्था रहेगी। वहीं रविन्द्र नाथ सिंह उर्फ चिंटू सिंह ने कहा कि सनातन धर्म प्रेमी को भागवत कथा में भाग लेना चाहिए ताकि हम अपने धर्म और संस्कृति को संजोग के रख सके। वहीं आयोजक शिशिर कुमार कर्ण ने बताया की वेदानंद शास्त्री जी महराज जी के आने से पूर्व सभी व्यवस्था पूर्ण कर ली गई, और सनातन धर्म प्रेमी को भागवत कथा मे अधिक से अधिक संख्या में भाग ले और पूण्य के भागी बने।

## उत्तर-पश्चिमी बिहार के जिलों में हल्की बारिश की सम्भावना

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। ग्रामीण कृषि मौसम सेवा , डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय,पूसा एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 3 से 7फरवरी तक के लिए मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान जारी किया है। पूर्वानुमान के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से उत्तर -पश्चइमई बिहार में अगले 4-5फरवरी को हल्की बारिश की सम्भावना व्यक्त की गई है ।मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसर पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 23.5 एवं 8.2 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 98 प्रतिशत सुबहमें एवं दोपहर में54 प्र हवा की औसत गति 7.3 कि०मी० प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 1.5 मि०मी० तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसत घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से०मी० की गहराइ पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 11 दोपहर में 26.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में मौसम शुष्क रहा। 3से 7फरवरी तक के पूर्वानुमान की अवधि में उत्तर बिहार के जिलों में आसमान में हल्के बादल आ सकते है। पश्चिमी विक्षोभ के प्र कारण 4-5 फरवरी को उत्तर पश्चिमी बिहार के अनेक स्थानों पर हल्की वर्षा या बूंदा बूंदी हो सकती है ।कुछ क्षेत्रों तथा इसके आसपास मैदानी भागों के कुछ स्थानों पर भी इसका प्रभाव पड़ सकता है ।पूर्वानुमानित की अवधि अधिकतम तापमान 20 से 23 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। जबकि न्यूनतम12 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकती है ।पूर्वानुमानित अवधि में औसतन 3 से 5 कि0मी0 प्रति घंटा की रफ्तार से पछिया हवा चलने का अनुमान है ।सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 80 से 90 प्रतिशत तथा दोपहर में 65 से 70 प्रतिशत रहने की संभावना है। किसानों को सलाह दी गई है कि आलू की अगात प्रभेद की तैयार फसलों की खुदाई कर लें। बीज वाली फसल की ऊपरी लत्ती की कटाई कर लें तथा खुदाई के सिंचाई बन्द कर दें। पिछात आलू की फसल में कटवर्म या कजरा पिल्लू की निगराणी करें। आलू की फसल में शुरूआती अवस्था की अवस्था तक यह कीट फसल को नुकसान पहुँचाती है। उपचार हेतु क्लोरपायरीफॉस 20 ई0सी0 दवा का 2.5 से 3 मि0ली पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव मौसम साफ रहने पर करें। रबी मक्का की फसल जिसमें धनवाल एवं मोचा आ गई हो, 40 किलोग्राम नेत्रजन प्रति हेक्टेयर की दर से उपरिवेशन करें ।पिछात बोयी गई गेहूँ की फसल में जिंक की कमी के लक्षण (गेहूँ के पौधों का रंग हल्का पीला हो जाना) दिखाई दें रहें हो तो जिंक सल्फेट, 1.25 किलोग्राम बुझा हुआ चुना एवं 12.5 किलोग्राम युरिया को 500 लिटर पानी में घोलकर प्रति हेक्टेयर की दर अन्तराल पर दो बार छिड़काव आसमान साफ रहने पर करें। दीमक कीट का प्रकोप फसल में दिखाई देने पर बचाव हेतु क्लोरप् ई०सी० दवा का 2 लीटर प्रति एकड़ की दर से 20-30 किलो बालू में मिलाकर खड़ी फसलों में छिड़काव करें।

## शहीद जगदेव बाबू की मनाई गई जयंती

प्रात: किरण संवाददाता

सिकंदरा प्रखंड मुख्यालय जमुई रोड स्थित कुशवाहा भवन में शहीद जगदेव बाबू की जयंती मनायी गयी. जयंती समारोह में जगदेव बाबू के विचारों पर चर्चा रामवृक्ष महतो के द्वारा की गई. शहीद जगदेव बाबू कुशवाहा का जन्म 2 फरवरी को जहानाबाद के कुर्था प्रखंड के कुरहारी ग्राम में हुआ था. इनके पिता का नाम प्रयाग नारायण प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक थे. माता रामकली देवी थी। जगदेव बाबू एक महान राजनीतिक दूरदर्शी थे।वे हमेशा शोषित समाज की भलाई के बारे में हमेशा चिंतित रहते और सामंतवादी ताकत के खिलाफ लड़ाई लड़ते रहे. क्रांतिकारी भाषण के दौरान पुलिस के द्वारा उन्हें गोली मार दी गई, गोली गले में लगी, घायलावस्था में पुलिस उन्हें स्टेशन ले गई. पानी पानी



चिल्लाते हुए जगदेव जी ने थाने में ही अंतिम सांस ली. जगदेव बाबू का नारा था सौ में नब्बे शोषित है नब्बे भाग हमारा है. मौके पर प्रोफेसर जय प्रकाश प्रसाद, कुशवाहा कल्याण समिति के सचिव रामानंद महतो, कार्यालय सचिव रामवृक्ष महतो, शिवकुमार राम, संजय राम रंगनी मंडल, राजेन्द्र महतो, निरंजन महतो,भरत महतो, दासो महतो, सुभाष महतो, जय राम महतो, महेश्वर महतो, पप्पू कुमार के अलावे दर्जनों लोग शहीद जगदेव बाबू के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर जन्म दिन मनाया।

## निर्वाचन कोषांगों की बैठक में डीएम ने दिए आवश्यक निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी द्वारा गुरुवार को समाहरणालय सभा कक्ष में लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के सफल संचालन के निमित गठित कोषांगों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गयी, जिसमें सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारी और नोडल पदाधिकारी को निदेश दिया कि लोक सभा निर्वाचन की पूर्व तैयारी सभी कोषांग अपने संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक कर लें। जिस कार्यालय से डाटाबेश प्राप्त नहीं हुआ है, वहां से भी अविलम्ब प्राप्त कर सूचीबद्ध करें। उन्होने ई.वी. एम. की डिस्पैच और कमिशनिंग पर



विशेष दिशा निदेश दिया। निर्वाचक सूची की शुचिता और शुद्धता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। आचार संहिता का नियमानुसार पालन करने हेतु आवश्यक तैयारी अभी से कर लेने का निदेश दिया गया। बेहतर ढ़ंग से प्रशिक्षण चरणवद्ध तरीके से बिन्दुवार देने का निदेश कोषांग को दिया गया। निर्वाचन कार्य में लगने वाले वाहनों का पूर्व आकलन कर लें। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत चलाये जानेवाले स्वीप गतिविधि की समीक्षा की गयी। उन्होंने कहा कि प्रेस नोट जारी होने के साथ ही आचार संहित प्रभावित हो जाएगी। तदालोक में सभी कोषांग अपनी-अपनी आवश्यक तैयारी कर लें। बैठक में उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी, नगर आयुक्त नवीन कुमार, ए.डी.एम. संजीव कुमार, ब्रजबिहारी भगत, अजय कुमार, सभी ई.आर. ओ., कोषांग के नोडल पदाधिकारियों सहित उप निर्वाचन पदाधिकारी सत्य प्रिय उपस्थित थें।

## प्रवासी मजदूर के परिजन को विधायक ने दी सांत्वना



विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपूर प्रखंड के भुसवर गांव में पिछले दिनों प्रवासी मजदूर की सड़क हादसा में मौत हो गई थी। उसके बाद चंडीगढ़ से पार्थिव शरीर को एंबुलेंस द्वारा लाकर अंतिम दाह संस्कार किया गया था। जिसकी सूचना मिलते ही स्थानीय विधायक अजय कुमार मृतक के परिजन को सांत्वना देने पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने मृतक के भाई राकेश कुमार से घटना की पूर्ण जानकारी प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने बीडीओ से बात कर तत्काल बीस हजार की अनुग्रह राशि सहायता प्रदान करने की बात कही। वहीं उन्होंने मृतक के पिता श्याम कुमार महतो को बताया कि श्रम विभाग में पोस्टमार्टम रिपोर्ट, मृत्यु प्रमाण पत्र, एफआईआर की कॉपी व अन्य कागजात संलग्न कर आवेदन करें। ताकि 2 लाख कि सहायता राशि मिल सके। आगे उन्होंने कहा कि बिहार में उद्योग धंधे नहीं हो रहे हैं। जिससे बेरोजगारी की समस्या चरण सीमा पर है। लोग अपना जीवन यापन करने मजबूरन दूसरे राज्य में जाते हैं। उन्हें दुर्घटना या किसी अन्य कारणों से उनकी मौत हो जाती है। यह मुख्यतः सरकार के गलत नीतियों के कारण हो रही है। इसके लिए बिहार सरकार ही नहीं भारत सरकार को भी सोचने की जरूरत है;ताकि इस प्रकार की घटना में कमी आ सके। मौके पर स्थानीय नेता विश्वनाथ महतो, अवनीश कुमार, राज कुमार निराला, कमलेश्वर महतो, हरिनारायण महतो, मंटुन महतो, संतोष कुमार आदि उपस्थित थे।

## निर्वाचन कार्य को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में सेक्टर पदाधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण : जिलाधिकारी




प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । स्थानीय सिकंदरपुर स्थित डीआरसीसी सभागार में आगामी लोकसभा आम निर्वाचन के निमित जिले के 388 सेक्टर पदाधिकारियों का प्रशिक्षण का शुभारंभ करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम सुब्रत कुमार सेन ने कहा कि निर्वाचन को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में सेक्टर पदाधिकारियों की बड़ी भूमिका और जिम्मेदारी है। निर्वाचन का कार्य अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। सभी सेक्टर पदाधिकारी अच्छे तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कर बेहतर तरीके से अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन सेक्टर पदाधिकारी करेंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी-दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्यों को संपादित करना है। निर्वाचन कार्य में छोटी सी भी चूक नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखना है ।प्रशिक्षण के दौरान सेक्टर पदाधिकारियों को चुनाव पूर्व, मतदान की पूर्व संध्या एवं मतदान के दिन किन-किन बातों का ध्यान रखना है, कॉर्डिनेशन और सम्प्रेषण के साथ कार्य करने संबंधित विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। पीसीसीपी रहित चुनाव में आपकी जिम्मेवारी और भी बढ़ जाती है ।बेसिक कार्य बूथ पर मूलभूत सुविधाओं का भौतिक सत्यापन कर लेना होगा। अपर समाहर्ता सह रिटर्निंग ऑफिसर मुजफ्फरपुर संजीव कुमार ने भी उनके दायित्वों के बारे विस्तृत जानकारी दी ।इसके साथ ही चुनाव प्रबंधन, कानून-व्यवस्था और शिकायत प्रबंधन, आदर्श आचार संहिता, चुनाव मतदान प्रक्रिया, ईवीएम-वीवी पैट की कार्यप्रणाली, समन्वय, सहित चुनाव के अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं से सेक्टर पदाधिकारियों को अवगत कराया गया। मौके पर एडीएम सह इआरओ मुजफ्फरपुर संजीव कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी सत्यप्रिय कुमार डीपीआरओ दिनेश कुमार अनुमंडल निर्वाचन पदाधिकारी सृष्टि प्रिय डीआरसीसी प्रबंधक मनोज कुमार मौजूद रहे।

## नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 127 वीं जयंती मनाई गई

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।भारतीय आजादी आंदोलन के महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 127वीं जयंती के अवसर पर बिहार विश्वविद्यालय स्थित धरना स्थल पर पाक्षिक रूप में जयंती सह छात्र-युवा सभा नेताजी सुभाषचंद्र बोस जन्म जयंती आयोजन कमिटी- के तत्वावधान में की गई ।कार्यक्रम की शुरूआत नेताजी सुभाषचंद्र बोस के तस्वीर पर माल्यार्पण से हुई। कार्यक्रम को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए श्री राजकुमार चौधरी ने कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस अंग्रेजों से देश को आजाद करने के साथ हर तरह के शोषण और गैर बराबरी से मुक्त समाज बनाना चाहते थे। धर्म के संबंध में नेताजी का स्पष्ट मानना था कि यह व्यक्ति का व्यक्तिगत मामला होना चाहिए। वे धर्म को राजनीति में मिलाने के सख्त खिलाफ थे। कार्यक्रम को संबोधित




करते हुए इतिहास के प्राध्यापक डॉ. गौतम चंद्रा ने कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस बचपन में धार्मिक विचारों से प्रभावित थे लेकिन आगे चलकर वे द्वंद्वात्मक भौतिकवाद यानी वैज्ञानिक विचार को अपनाकर आगे बढ़े थे ।रामदयालु सिंह कॉलेज के इतिहास विभाग के प्राध्यापक डॉक्टर एम. एन. रिजवी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नेताजी द्वारा संचालित आजाद हिंद फौज में किसी तरह का कोई धार्मिक, जातिगत व नस्लीय भेदभाव नहीं था। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आयोजन कमेटी के संयोजक चंदन यादव ने अपने वक्तव्य में नेताजी सुभाषचंद्र बोस के जीवन संघर्ष एवं विचारों से सीख लेकर वर्तमान समय में हो रहे हर तरह के अन्याय अत्याचार के खिलाफ संघर्ष तेज करने की अपील की, संचालन सहसंयोजक शिव कुमार तथा विषय प्रवेश कंचन कुमार ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में आयोजन कमेटी के सह संयोजक महिपाल ओझा, विजय कुमार, चंदन आजाद, अभिषेक कुमार, नितेश कुमार आदि ने संबोधित किया।

## मैनापट्टी गांव में आरडीएसएस योजना के तहत विधुत करण का हुआ निरीक्षण

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली प्रधानमंत्री आरडीएसएस योजना के तहत खजौली प्रखंड के मैनापट्टी फीडर के मैनापट्टी चतरा हरीशवारा लक्ष्मीपुर अकसपुरा सहित अन्य गांवों में 24 घंटे विधुत आपूर्ति को लेकर नये सीमेंट की बिजली पोल एव कोभर वाली तार लगाया गया है.इस नये पोल तार स्थल पर कार्य की तीव्र गति से प्रगति को लेकर नार्थ बिहार पावर डिस्टिब्यूशन कारपोरेशन लिमिटेड के सहायक अभियंता प्रियरंजन झा, डिम्पा के प्रॉजेक्ट जेई आदित्य कुमार झा ,मानव बल अनुरोध यादव उर्फ गुड्डू जी एव संवेदक राजाराम यादव द्वारा स्थल निरीक्षण करके कार्य की गुणवक्ता पूर्ण निर्माण का सहारनीय बताया गया.वही खजौली के सहायक



विधुत अभियंता प्रियरंजन झा ने कहा कि भारत सरकार का शख्त निर्देश है कि जिस भी गांव में जर्जर पोल के ऊपर नंगा तार को हटाकर नये पोल एव कोभर वाली पिभीसी तार लगाने का आदेश दिया गया है.उन्होंने कहा कि मैनापट्टी गांव में खराब ट्रांसफार्मर को बदल कर नये 63 कभी के ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा. वही डिम्पा कंपनी के कार्य एजेंसी जेई आदित्य कुमार झा ने बताया कि मैनापट्टी फीडर में एनर्जी लोस होने के कारण नया फीडर पीएसएस खजौली के अंतगर्त रसीदपुर के फुलचनिया में पीएसएस का निर्माण तेज गति से निर्माण किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि फुलचनिया में पीएसएस निर्माण 6 माह के अंदर हो जाने से खजौली प्रखंड़ के 14 पंचायत में रात, दिन विधुत आपूर्ति विभाग द्वारा की जाएगी.वही जेई प्रियरंजन झा एव डिम्पा के जेई आदित्य कुमार झा ने कहा कि चंद्रडीह पंचायत के मकुनमा गांव एव महराजपुर घटाटोल में अमोद कुमार श्रीवास्तव के घर से बुधन भंडारी घर तक नया बिजली पोल एव पिभीसी कोभर तार लगाया जाएगा. साथ ही सुधीर कुमार ठाकुर के घर के पास जर्जर बिजली पोल को बदला जाएगा.जेई प्रियरंजन झा कहा कि अब किसी भी गांव में जर्जर पोल एव कोई भी पोल में नंगा तार नही रहेगा.इस मौके पर संवेदक राजाराम यादव, मानव बल अनुरोध यादव, जवाहर सिंह सहित अन्य ग्रामीण लोग मौजूद थे।

## छह साल पुराने मामले में पांच वर्ष कारावास व एक लाख जुमार्ना

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

अनन्य विशेष उत्पाद न्यायाधीश संजय कुमार द्वितीय ने शुक्रवार को उत्पाद वाद संख्या 256/18 के मामले में अभियुक्त को दोषी पाते हुए उसे धारा 30 (ए) बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 के तहत पांच वर्ष सश्रम कारावास एवं एक लाख रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। साथ ही जुमार्ना की राशि अदा नहीं करने के पर दोषी को छह माह अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। अभियुक्त की पहचान अंगारघाट थाना क्षेत्र के अंगारघाट वार्ड नंबर सात के स्व. सीतो महतो के पुत्र महेश महतो के रूप में बतायी गई है। बताया गया कि 27 अगस्त 2018 की शाम अभियुक्त के झोपड़ीनुमा के घर के आंगन से 20 लीटर चुलाई शराब बरामद किया गया था। इस दौरान अभियुक्त को भी गिरफ्तार किया गया था।

## शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पिएगा दहाड़ेगा : मदन प्रसाद

विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता

शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पिएगा वहीं दहाड़ेगा। उक्त बातें यूनिक चिल्ड्रेंस एकेडमी सिंघिया घाट में आयोजित शिक्षा संगोष्ठी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अवकाश प्राप्त डीएसपी मदन प्रसाद खरवार ने कही। उन्होंने कहा कि धरती पर जो भी जन्म लेता है कर्म करने आता है। जब भी आप आगे बढ़ते हैं कर्म करते हैं। कर्म में जब तक ईमानदारी नहीं आएगी, निष्ठा नहीं होगी तब तक संभव नहीं है। बच्चे राष्ट्र निमार्ता हैं हमारे महापुरुषों की तस्वीर रखी हुई है उनके इतिहास पर जानकारी हेतु सरदार वल्लभभाई पटेल बड़े ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ थे। तन, मन,



धन तीनों देश के लिए निछावर कर दिया।

आजकल बच्चे सफलता हासिल नहीं कर पाते हैं इनका मुख्य कारण अभिभावक है। शिक्षा व शेरनी का दूध है जो पियेगा वहीं दहाड़ेगा। इसीलिए ज्ञान अर्जन जरूरी है शिक्षक क्लास में आते हैं तो प्रिपेयर होता है क्योंकि वे देश का निर्माण करते हैं। संगोष्टी कार्यक्रम के अध्यक्षता प्राचार्य अर्जुन कुमार कर रहे थे। कार्यक्रम को भोला महतो, संजय कुमार, रूपेश कुमार, पिंटू कुमार, आदर्श शर्मा, अनुपम रंजन, रामचंद्र दास, रीना शर्मा, मौसम कुमारी, राम नंदन महतो, स्मिता कुमारी, पिंकी शर्मा, बेबी पोद्दार, सिंधु कुमारी आदि ने संबोधित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### 2 लीटर देसी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार, बाइक भी जब्त

सौरबाजार/सहरसा- गुरुवार संध्या गस्ती के दौरान पुलिस ने नादो से 2 लीटर देसी शराब बरामद किया गया। इसके साथ पुलिस ने एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में एक बाइक भी जब्त हुई है। थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बाइक के डिक्की में देसी शराब है। उसे रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान बाइक के डिक्की से 2 लीटर देसी शराब बरामद हुआ। मौके से युवक को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार युवक नादो निवासी सज्जन यादव के पुत्र राहुल कुमार बताया गया हैं। कांड दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में शराब कारोबारी के मंसूबे को ध्वस्त करने के लिए लगातार छापेमारी जारी हैं।

# शहीद बाबू जगदेव प्रसाद का 102 वीं जयंती मनाया गया

प्रात: किरण, संवाददाता



● जगदेव बाबू सच्चे अर्थों में शहीद क्रांतिकारी, समाज सुधारक, समाजवादी क्रांति के पुरोधा, प्रेरणास्रोत, मार्क्सवादी चिंतक एवं बिहार के लेनिन थे : किरण देव यादव

खगड़िया। फरकिया मिशन देश बचाओ अभियान के बैनर तले शहीद बाबू जगदेव प्रसाद का 102 वीं जयंती श्री युवक प्रखंड पुस्तकालय अलौली परिसर में मनाया गया। इस अवसर पर इनके तैल चित्र पर माल्यार्पण पुष्पांजलि समर्पित कर कोटी कोटी नमन एवं याद किया गया।

अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि जगदेव बाबू का कथन 100 में 90 शोषित है, 90 भाग हमारा है, पहले पीढ़ी शहीद होगा, दूसरी पीढ़ी संघर्ष करेगा एवं तीसरी पीढ़ी राज करेगा, समकालीन राजनीतिक परिदृश्य में प्रासंगिक एवं चरितार्थ हो गई है। उन्होंने कहा कि जगदेव बाबू सच्चे अर्थों में शहीद क्रांतिकारी, समाज सुधारक, समाजवादी व मार्क्सवादी चिंतक, प्रेरणास्रोत, बहुजन चिंतक, सामाजिक क्रांति के पुरोधा एवं बिहार के लेनिन थे, जिन्होंने सामंतवाद, जमींदारी प्रथा, पचकठिया प्रथा, डोली प्रथा एवं ब्राह्मणवाद मनुवाद के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया। कहा कि जगदेव प्रसाद का जन्म 2 फरवरी 1922 तथा शहादत 5 सितंबर 1974 को जहानाबाद के समीप कुर्था प्रखण्ड के कुरहारी ग्राम में दांगी समुदाय के परिवार में हुआ था। इनके पिता प्रयाग नारायण प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक थे तथा माता रासकली अनपढ़ थीं। अपने पिता के मार्गदर्शन में जगदेव ने मिडिल की परीक्षा पास की। हाईस्कूल जहानाबाद से पास किये। वह बिहार के कैबिनेट मंत्री रहे। उन्होंने शोषित समाज दल का गठन किया। कुर्था में आयोजित एक सभा में सामंतवादी सोच के पुलिस प्रशासन ने गोली मारकर हत्या कर दी।

वे सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक असमानता, गैर बराबरी, विषमता व सामंती जमींदारी प्रथम के खिलाफ शोषित पीड़ित वंचितों को सम्मान एवं समान अधिकार के लिए अनवरत आजीवन संघर्ष किये।

उनके बताए रास्ते पर चलकर ही शोषित पीड़ित वंचित अंतिम पायदान हाशिए पर खड़े लोगों को मुख्यधारा से जोड़कर सामाजिक आर्थिक राजनीतिक सांस्कृतिक अधिकार मिल सकेगा।

कार्यक्रम में विश्व मानवाधिकार संघ के महासचिव बृजनंदन महतो, राजद नेता दानवीर यादव, कांग्रेस नेता रामचंद्र यादव, फरकिया मिशन के उपाध्यक्ष लालमणि सदा, सचिव वीरेंद्र यादव, संयुक्त सचिव सुरेश साह, प्रकाश ठाकुर, पूर्व वार्ड सदस्य पप्पू यादव, प्रवीण कुमार, नारायण यादव, हक्कर यादव, रविकांत कुशवाहा, धनुष प्रकाश यादव, विष्णु देव यादव, रूपेश कुमार आदि ने भाग लिया तथा उनके जीवनी व्यक्तित्व कृतित्व पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डालते हुए इनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

# शिव मंदिर के दान पेटी से राशि चोरी करते एक चोर रंगे हाथ पकड़ा

प्रात: किरण, संवाददाता



सौरबाजार/सहरसा- बैजनाथपुर पुलिस शिविर क्षेत्र के पासवान टोला खजुरी स्थित शिव मंदिर परिसर से दान पेटी से राशि की चोरी करते एक चोर को स्थानीय लोगों ने रंगे हाथ पकड़ लिया। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने चोर की जमकर धुनाई करने के बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया। गिरफ्तार चोर मधेपुरा जिला के घैलाढ थाना अंतर्गत महुआ गांव निवासी राजीव कुमार सिंह के पुत्र हिमांशु कुमार बताया जाता है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि उक्त चोर गुरुवार की देर रात्रि को शिव मंदिर में गया और दान पेटी से तोड़कर सभी राशि निकाल कर एक थैला में रख लिया और शिव मंदिर परिसर में घूमने लगा। शुक्रवार की अहले सुबह करीब 4 बजे स्थानीय अनंत पासवान जब शिव मंदिर परिसर पहुंचा तो देखा कि एक व्यक्ति दान पेटी को तोड़कर चोरी कर रहा है। वहीं से चोर चोर की हल्ला करने लगा और ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीण लोगों ने दूरभाष पर सूचना दी। मौके पर बैजनाथपुर पुलिस सदर बल के साथ पहुंचा और लोगों के चंगुल से चोर को छुड़ाकर बैजनाथपुर पुलिस शिविर ले जाया गया। जहां पुलिस ने पूछताछ के दौरान चोरी की गई राशि बरामद कर ली गई और चोर को कांड दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# आगाढ़ वार्ड 6 में जमीनी विवाद को लेकर हुए मारपीट की घटना में एक लड़की हुई घायल



प्रात: किरण, संवाददाता

कुमारखंड मधेपुरा कुमारखंड थाना क्षेत्र के आगाढ वार्ड नंबर 6 में जमीनी विवाद को लेकर हुए मारपीट की घटना में एक पक्ष के एक लड़की घायल हो गई। परिजनों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुमारखंड में भर्ती करवाया जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक द्वारा इलाज किया गया है। अगाढ़ वार्ड 6 निवासी बैजू यादव ने बताया मेरे निजी जमीन में दूसरा पक्ष सिकेंद्र यादव के बीच पूर्व से जमीनी विवाद चल रहा है। बैजू यादव ने बताया मेरे निजी जमीन में लगे केला का पौधा जमीन का पेड़, कटहल का पेड़ को दूसरा पक्ष सिकेंद्र यादव, दीपेन यादव, नयन यादव, सुलोचना कुमारी अन्य को जब मेरी बेटी पिंकी कुमारी कहने गई तो उक्त सभी नामित व्यक्ति गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे से मारपीट करने लगे। मारपीट की घटना में पिंकी कुमारी घायल हो गई। घटना की सूचना 112 वाहन पुलिस कुमार को दिया गया।112 वाहन पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर मुझे और मेरी बेटी को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। और लिखित आवेदन कुमारखंड थाना को देने को कहा गया है।

# वेणुशिल्प ग्रुप से जुडी महिलाएं को दिलाया जाएगा प्रशिक्षण



प्रात: किरण, संवाददाता

मधेपुरा जिले के कुमारखंड प्रखंड के वेणुशिल्प जीविका महिला उत्पादक समूह विशनपुर सुंदर का डीडीसी अवधेश कुमार आनंद समेत उद्योग विभाग के वरीय पदाधिकारी एवं जीविका जिला परियोजना प्रबंधक समेत अन्य पदाधिकारियों ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पदाधिकारियों ने जीविका दीदियों से बांस निर्मित सामग्रियों के निर्माण के बारे में जानकारी प्राप्त किया। इसके साथ ही जीविका बीपीएम मनोज कुमार से विभिन्न प्रकार के रिपोर्ट की मांग की। वेणुशिल्प ग्रुप से जुडी महिलाएं अधिक से अधिक आमदनी बढ़ा सके इसके लिए बीपीएम को कई प्रकार का दिशा निर्देश भी दिया। अधिकारियों ने कहा कि आवश्यकता अनुसार राशि उपलब्ध कराकर उन्हें एडवांस लेवल प्रशिक्षण करवाने की सलाह दी। इसके साथ ही उत्पाद की मार्केटिंग के बारे में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर जीविका के नीलकमल चौधरी, संचार प्रबंधक पदमाकर मिश्रा, मनोज कुमार, स्वेता स्वराज, मनोज कुमार झा, मिथिलेश कुमार व सभी जीविका दीदी तथा कैडर उपस्थित थे।

# फाइनल मुकाबले में जीत दर्ज, विजेता कप पर कब्जा

प्रात: किरण, संवाददाता



● 125 रनों से मधेपुरा ने फारबिसगंज को हरा जीता मैच

● जेपीएल के आठवें संस्करण का हुआ आयोजन

मुरलीगंज(मधेपुरा) प्रखंड क्षेत्र के जोरगामा पंचायत सरकार भवन मैदान पर आयोजित सात दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल मैच में मधेपुरा की टीम मैच जीतकर विजेता विजेता बनी। टी-20 क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल मैच फारबिसगंज और मधेपुरा टीम के बीच हुआ। टॉस जीतकर मधेपुरा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 10 विकेट खोकर 248 रन बनाई। जवाब में उतरी फारबिसगंज की टीम ने 14वें ओवर में 10 विकेट खोकर मात्र 125 रन ही बनाई। इस प्रकार मधेपुरा ने 125 रन से मैच जीतकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर लिया। वहीं पारितोषिक वितरण समारोह में विजेता टीम मधेपुरा को मुखिया जितेंद्र साह उर्फ टुनटुन साह ने विजेता ट्रॉफी व 11 हजार की नगद राशि प्रदान किया। उपविजेता टीम फारविसगंज को पूर्व मुखिया सोमन ऋषिदेव के द्वारा ट्रॉफी प्रदान किया गया जबकि 5100 की नगद राशि मुखिया जितेंद्र साह ने दिया। मैन ऑफ द सीरीज का कप जदयू नेता सुरेंद्र यादव ने प्रदान किया। फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच रहे सम्मी को मधुर कुमार ने कप प्रदान किया। जोरगामा प्रीमियर लीग का आठवां संस्करण का आयोजन हुआ। जिसमें जिला स्तरीय विभिन्न जगहों के आठ टीमों ने भाग लिया था। टूनार्मेंट में निर्णायक की भूमिका विकास यादव और स्वतंत्र राय निभाई। कमेंट्री शोएब, समशेर और रंजन चौरसिया किये। स्कोरिंग राहुल, ललित और डिजिटल स्कोरिंग रिप्पू वर्मा ने किया। सात दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट को सफल बनाने में जेपीएल के अध्यक्ष ललटू यादव, उपाध्यक्ष रोहित यादव, बिट्टू भूमिहार, कुंदन, गोलू, सिद्धू, दिलखुश, सत्यम, नीतीश, करन आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# भारत लेनिन जगदेव प्रसाद का जयंती मनाया गया



प्रात: किरण, संवाददाता

सहरसा। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) सहरसा के जिलाध्यक्ष महेंद्र शर्मा के आवास पर जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में भारत लेनिन बाबू जगदेव प्रसाद का 102वा जयंती समारोह हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते जिलाध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने कहा सामाजिक, राजनितिक, आर्थिक और सांस्कृतिक असमानता के खिलाफ आजीवन संघर्ष करने वाले बाबू जगदेव प्रसाद पहला विद्रोह बिहार में पचकठिया प्रथा प्रचलन का किए। दस प्रतिशत शोषक और 90 प्रतिशत शोषितों के लिए आजीवन लड़ते रहे। उन्होंने कहा पहली पीढ़ी के लोग मारे जाएंगे, दूसरी पीढ़ी जेल जाएगी, तीसरी पीढ़ी के लोग राज करेंगे। उनकी हत्या प्रशासनिक शोषक के द्वारा कुर्था ब्लॉक के सामने कर दी गई। उनका जीवन शोषितों के लिए प्रेरणादायक है। आज के जयंती कार्यक्रम को नाई संगठन के सभापति तारिणी ठाकुर, महिला जिलाध्यक्ष पूजा चौधरी, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष मोहम्मद इमरान, आईटी सेल जिलाध्यक्ष गगन कुमार, युवा जिलाध्यक्ष संदीप पासवान, पूर्व मुखिया रामस्वरूप पासवान, उदय साफी, महेंद्र साह, रामसेवक कामत, राजेश कुमार रंजन, दिवाकर ठाकुर, बुद्धिनाथ झा, शशिधर पासवान, विवेक कुमार, हरेकृष्ण कुमार, नीतीश कुमार ठाकुर, पूर्व वार्ड पार्षद सोनी महेंद्र शर्मा शामिल रहे।

# सड़क किनारे खड़े बालक की सड़क दुर्घटना में मौत, परिजनों में मचा कोहराम

प्रात: किरण, संवाददाता



कुमारखंड मधेपुरा कुमारखंड प्रखंड के श्रीनगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर भगवती वार्ड 11 में अनियंत्रित बाइक चालक ने सड़क के किनारे खड़े 6 वर्षीय बालक को जबरदस्त रूप से धक्का मार दिया। 6 वर्षीय बालक की घटनास्थल पर मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। घटना की सूचना मिलते ही देखने के लिए सैकड़ो की संख्या में भिड़ उमड़ पड़ी। बताया गया कि लक्ष्मीपुर भगवती वार्ड नंबर 11 निवासी मोहम्मद करीम का 6 वर्षीय पुत्र मोहम्मद सरताज आलम घर के आगे सड़क पर खड़े थे। उसी दौरान अनियंत्रित बाइक चालक ने मोहम्मद सरताज आलम को जबरदस्त रूप से धक्का मार दिया। जिससे सरताज आलम की घटनास्थल पर मौत हो गई। घटना की सूचना लोगों को मिलते ही लोगों की भीड़ देखने के लिए उमड़ पड़ी। सूचना मिलते ही शुक्रवार को श्रीनगर थाना के एसआई नागमणि सिंह पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में कर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मधेपुरा भेज दिया। दरोगा नागमणि सिंह ने बताया सड़क दुर्घटना में 6 वर्षीय बालक की घटनास्थल पर मौत हो गई है। मृतक के परिजनों द्वारा आवेदन मिलते ही कार्यवाही की जाएगी।

### बदमाश को पुलिस किया गिरफ्तार

प्रात: किरण, संवाददाता

सिमरी बख्तियारपुर/सहरसा। लूटपाट के उदेश्य से घूम रहे 02 व्यक्ति 1. प्रदीप कुमार, पिता-स्व० गोपाल दास, सा०-सीतानाबाद वार्ड नं0-11, थाना-सिमरी बख्तियारपुर, जिला-सहरसा 2. सुशील कुमार पिता-दिनेश दास, ग्राम-बराठी वार्ड नं0-14, थाना-सौरबाजार, जिला-सहरसा को विशेष संध्या गस्ती के दौरान गस्ती दल के द्वारा 01 देसी कट्टा, 01 जिंदा कारतुस, 02 मोबाईल एक मोटरसाईकिल के साथ गिरफतार किया गया है। कांड दर्ज विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

# असमाजिक तत्वों ने भगवा झंडा पर लगाया आग, जांच में जुटी पुलिस

प्रात: किरण, संवाददाता



सहरसा। भगवा झंडा पर सामाजिक तत्वों ने आग लगा दिया जिसके बाद काफी बवाल हुआ वही मामले की जानकारी सहरसा सदर थाना पुलिस को मिली पूरा मामला सदर थाना क्षेत्र के हटिया गाछि हनुमान मंदिर की है जहा मंदिर के बाहर में लगे हुए ध्वज को विगत रात्री में असामाजिक तत्वों के द्वारा जला दिया गया है। इस घटना पर स्थानीय लोगों के द्वारा मंदिर पर पहुँचकर आकोश व्यक्त किया। उक्त घटना पर त्वरित संज्ञान लेते हुए जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक सहरसा के द्वारा तत्क्षण घटनास्थल पर पहुँचकर निरीक्षण करते हुये लोगो को समझा-बुझा कर लोगों के आकोश को शांत कराया गया तथा घटना में शामिल असामाजिक तत्वों की पहचान के लिए आसपास के सभी सी०सी०टी०भी० को भी जिला आसूचना टीम के द्वारा खंगाला जा रहा है। इस संबंध में कांड दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया गया। जल्द से जल्द घटना में शामिल असामाजिक तत्वों का पहचान कर गिरफतार कर लिया जायेगा। वही वर्तमान में स्थिति सामान्य है। निगरानी रखी जा रही है।

# बड़े अपराध करने की योजना बना रहे दो अपराधी को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

प्रात: किरण, संवाददाता

सिमरी बख्तियारपुर/सहरसा। बड़े अपराध करने की योजना बना रहे दो बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है एसपी कार्यालय से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है की गुप्त सूचना प्राप्त हुई की डटिया गाछी सिमरी बख्तियारपुर के लिची ग्रगान के समीप स्थित बिरजू कुमार पिता सुरेश यादव के निमार्णाधीन मकान में कुछ अपराधकर्मी एकत्रित होकर किसी बड़े अपराध की घटना कारित करने की योजना बना रहे हैं। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पु०अ०नि० कामख्या नारायण सिंह एवं थाना सशस्त्र बल के द्वारा घटनास्थल पर पहुँचा गया तथा बिरजू यादव के घर का घेराबंदी किया गया। तदोपरांत पुलिस को देखकर अपराधी भागने लगे। जिसमें 02 व्यक्ति क्रमशः 01. बिरजू कुमार पिता-सुरेश यादव, सा०-बैडी थाना-सिमरी बख्तियारपुर जिला-सहरसा एवं 02. सुमन कुमार बबुआन उर्फ सुमन बबुआन पिता-मनीकांत चौधरी सा०-बुमरैल वार्ड नं0-33, थाना व जिला-सहरसा को 01 देशी पिस्तौल, 02 जिन्दा कारतुस एवं 01 चाकु के साथ गिरफतार किया गया तथा इस संबंधा में सिमरी बख्तियारपुर थाना में आर्म्स एक्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है

# इंटर की परीक्षा के पहले दिन एक परीक्षार्थी निष्कासित

प्रात: किरण, संवाददाता



मधेपुरा जिले में इंटरमीडिएट की परीक्षा मधेपुरा के 25 एवं उदाकिशुनगंज अनुमंडल में 12 केंद्रों पर गुरुवार को पहले दिन शांतिपूर्ण संपन्न हुई। शहर के टीपी कालेज केंद्र पर परीक्षार्थियों के लेट से पहुंचने पर केंद्र के अंदर नहीं जाने दिया गया। जिसके बाद वहां हंगामा खड़ा हो गया। जानकारी के मुताबिक कालेज प्रशासन 8:30 बजे से ही इस बात का अनाउंस कर रहा था कि जिसको परीक्षा देना हो जल्दी से जल्दी आ जाए। लेकिन जब 9:15 बजे तक परीक्षार्थी नहीं पहुंचे तो नियमानुसार गेट बंद कर दिया गया। उसके बाद लगभग छह दर्जन से ज्यादा परीक्षार्थी और उनके अभिभावक गेट पीटने लगे। जिसके बाद उपस्थित पुलिस कर्मियों और अभिभावकों में हल्की झड़प हो गई। जिसके बाद पुलिस एक्शन में आते हुए ऐसे छात्रों पर सख्ती बरतना शुरू कर दिया। इस दौरान पुलिस व परीक्षार्थी के बीच हल्की नोक झोंक भी हुई। जिसे पुलिस ने किसी तरह समझा बुझाकर मामले को शांत किया। इस दौरान एक छात्र हंगामा करने के दौरान पुलिस के हत्थे चढ़ गया। हालांकि बाद में छोड़ दिया गया। परीक्षा के पहले दिन पहली सिटिंग में जानकारी के अनुसार लगभग 74 परीक्षार्थी परीक्षा देने से वंचित रह गया। केंद्राधीक्षक सह प्राचार्य डा.कैलाश प्रसाद यादव ने बताया कि प्रशासन का सख्त आदेश था कि हर हाल में नौ बजे केंद्र का मुख्य द्वार को सील कर देना है। जिस कारण से ऐसे लेट से आए परीक्षार्थी को अंदर प्रवेश करने नहीं दिया गया।

विलंब होने पर सौ परीक्षार्थी को नहीं मिला प्रवेश : इंटर की परीक्षा देने आए परीक्षार्थियों को विलंब होने पर शहर के टीपी कालेज परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने नहीं करने दिया गया। इससे आक्रोशित परीक्षार्थियों ने टीपी कालेज के बाहर सड़क पर जमकर प्रदर्शन किया। परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं मिलने से आक्रोशित परीक्षार्थियों ने बताया कि मात्र एक मिनट विलंब होने पर 74 परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया गया है। परीक्षार्थी लगातार प्रशासन से प्रवेश देने की अनुमति की गुहार लगाते रहे। लेकिन परीक्षार्थी को प्रवेश नही दिया गया। देर से आने पर परीक्षा केंद्र नहीं मिलेगा प्रवेश : जिलाधिकारी विजय प्रकाश मीणा ने बताया कि इंटर की परीक्षा दो पालियों में हो रही है। प्रथम पाली के परिक्षार्थियों को नौ बजे तक परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति दी गई है। द्वितीय पाली में डेढ़ बजे तक ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति है। निर्धारित समय कि बाद किसी भी परिस्थिति में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षा केन्द्रों के आस-पास धारा-144 लगाया गया है। उक्त परीक्षा के पर्यवेक्षण के लिए जिला स्तर पर उड़नदस्ता दल का भी गठन किया गया है। डीएम ने कहा कि परीक्षार्थियों से कहा कि परीक्षा केन्द्र पर प्रथम पाली के लिए 09:00 बजे से पहले एवं द्वितीय पाली के लिए 01:30 बजे से पहले पहुंचे। कदाचार के आरोप में एक छात्र निष्काषितः इंटर परीक्षा के दौरान अपग्रेड हाई स्कूल उदाकिशुनगंज में एक छात्र को कदाचार के आरोप में निष्काषित किया। परीक्षा में कुल 14481 परीक्षार्थी को उपस्थित होना था। जिसमें 14035 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। जिसमें 446 अनुपस्थित रहे।

# क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल मैच में सहरसा ने सौर बाजार को हराया

प्रात: किरण, संवाददाता



सौर बाजार/सहरसा - नगर पंचायत सौर बाजार के पुराना हाई स्कूल खेल मैदान पर शुक्रवार को बाबा शशिया महाराज क्रिकेट का टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला सहरसा और सौर बाजार के बीच खेला गया। मैच का उद्घाटन सौर बाजार थाना अध्यक्ष अविनाश कुमार ने फीता काटकर और अतिथियों के द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया गया। मौके पर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज कि इस बदलते युग में एक और जहां बच्चे मोबाइल को गेम में कैद हो रहे हैं। वही समय-समय पर इस तरह का आयोजन से युवाओं और बच्चों को प्रेरणा मिलेगी ।आज पूरे देश में सबसे अधिक पसंद किए जाने वाले खेलों में क्रिकेट टूनार्मेंट से आसपास के खिलाड़ी सहित ग्रामीण खिलाड़ियों भी फायदा मिलेगा। इस फाइनल मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सौर बाजार की टीम ने निर्धारित 11 ओवर 5 गेंद में 100 रन बनाई ।वहीं सहरसा टीम की ओर से मैन ऑफ द मैच चांद आलम को मिला। वहीं सहरसा की टीम 12 ओवर 3 गेंद में 102 रन बनाकर किताब पर कब्जा जमा लिया ।मैच में कमेंटेटर की भूमिका में राकेश कुमार बिंदु शेखर तथा मनीष कुमार थे। जबकि अंपायर की भूमिका में दीपक कुमार और बंटी कुमार थे। मौके पर सैकड़ो दर्शक मैच देखने के लिए जुटे रहे। मौके पर उपस्थित ओम प्रकाश मुन्ना, रामखेलावन शाह ,रविंद्र कुमार, हैदर अली, गफ्फार खान, रमन कुमार रिंकू ,सरवन कुमार और सुरेंद्र बंसल अशोक कुमार शर्मा, राजू शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# किसानों को बिजली के कृषि कनेक्शन देने के लिए कैंप की शुरूआत



प्रात: किरण, संवाददाता

सिकंदरा कृषि कार्य के लिए किसानों को बिजली कनेक्शन आसानी से मिल सके इसको लेकर विद्युत विभाग के द्वारा पंचायतवार कैंप लगाया जा रहा है. सिकंदरा प्रखंड के मंजोष पंचायत से किसानों को बिजली के कृषि कनेक्शन देने के लिए कैंप की शुरूआत की गई है. जानकारी देते हुए विद्युत विभाग के कनीय अभियंता वीरेंद्र कुमार ने बताया कि किसान को राहत देने के लिए एवं आसानी से बिजली के कृषि कनेक्शन देने के लिए सिकंदरा प्रखंड के 13 पंचायत में 2 फरवरी से 16 फरवरी तक कैंप लगाया जाएगा. शुक्रवार को कैंप की शुरूआत मंजोष पंचायत से की गई है. उन्होंने कहा कि कैंप के माध्यम से किसान एवं उपभोक्ताओं को बिजली से जुड़ी समस्याओं का निदान किया जा रहा है. प्रमुखता के साथ किसान से दस्तावेज लेकर निशुल्क बिजली कनेक्शन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर खेत में पानी पहुंचे इसको लेकर किसानों को बिजली कनेक्शन दिया जा रहा है. साथ ही पॉल एवं तार जहां नहीं पहुंची है वहां पहुंचा जाएगा. बिजली की समस्या के समाधान हेतु कैंप में उपभोक्ताओं की फरियाद सुनी गई. कनीय अभियंता ने बताया कि मंजोष पंचायत में कुल 10 किसानों ने दो एचपी एवं 3 एचपी का बिजली कनेक्शन लिया है. कैंप में लाइनमैन मनोज कुमार, छोटू कुमार सहित काफी संख्या में बिजली विभाग के कर्मी एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

# निर्विरोध चुने गये सीपीआईएम के शाखा मंत्री परमेश्वर ,लोगो ने दी बधाई

प्रात: किरण, संवाददाता

अलीगंज । अलीगंज प्रखंड क्षेत्र के एक नीजि भवन मे शुक्रवार को सीपीआईएम के शाखा सम्मेलन आयोजित कर किया गया। जिसकी अध्यक्षता कामरेड कमलेश्वरी प्रसाद यादव ने किया। सम्मेलन मे शाखा मंत्री पद चयन के लिए नाम प्रस्ताव मे देने के लिए आग्रह किया गया। जिसमे मात्र एक नाम परमेश्वर यादव का प्रस्तावित किया गया ।इसलिए एक नाम आने पर परमेश्वर यादव को निर्विरोध चयन किया गया ।सम्मेलन मे पार्टी संगठन को मजबूत और सशक्त बनाने के लिए विचार विमर्श किया गया। वही कामरेड परमेश्वर यादव को पार्टी के शाखा मंत्री निर्विरोध चुने जाने पर जिला महासचिव डा दिनेश कुमार ने नव मनोनीत शाखा मंत्री को बधाई देते हुए कहा कि कामरेड परमेश्वर यादव पार्टी के समर्पित सिपाही है ।वे लगातार गरीब,शोषित पीड़ित की आवाज को बुलंद करते रहे है। उनके इस पद पर मनोनीत होने और मजबूती प्रदान होगी। वही प्रखंड सचिव कामरेड कमलेश्वरी यादव ने कहा सीपीआईएम ही एक पार्टी संगठन है जो समाज के सबसे नीचे दबे,किसान मजदुर,किसान की ज्वलंत समस्याओ के लिए संघर्षरत है ।और उनके आवाज को बुलंद कर लडाई लडकर उनका वाजिब हक और अधिकार के लिए संघर्षरत है ।वही परमेश्वर यादव को शाखा मंत्री बनाये जाने पर जिला सचिव नोखेलाल लाल सिंह,पूर्व मुखिया नागेशवर प्रसाद महतो,डा दिनेश कुमार,कमलेश्वरी प्रसाद यादव,रविन्द्र यादव,विसुनदेव यादव,नरेश यादव,पुनीत यादव,मंटु सिंह, अर्जुन यादव ,बिनो यादव,राजेन्द्र यादव के अलावे कई गणमान्य लोग व पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण
पटना, शनिवार, 3 फरवरी, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### डेरनी थाना में माइक्रो फाइनेंस कर्मी की बैठक हुई आयोजित

दरियापुर। डेरनी थाना परिसर में पुलिस निरीक्षक इंद्रजीत कुमार की अध्यक्षता में माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्मियों की एक बैठक आयोजित की गई ।जिसमे सभी कर्मियों को सुरक्षित तरीके से रूपयो का लेन देन करने का निर्देश दिया गया ।वही थानाध्यक्ष रिंकी कुमारी ने कहा की आप सभी अधिकांश लेन देन ऑनलाइन तरीके से करने का प्रयास कीजिए ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना नही हो ।इसके साथ ही यदि अधिक राशि हो तो पुलिस को सूचित करें ।पुलिस उन्हें गंतव्य स्थान तक सुरक्षित तरीके से पहुंचाने का काम करेगी। विदित हो की माइक्रो फाइनेंस कंपनी के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं का समूह बना कर छोटे व्यवसाय के लिए कर्ज दी जाती है ।जिसकी वसूली कर असुरक्षित तरीके लौटने के क्रम में अक्सर दुर्घटनाएं हो जाती है ।जिसे रोकने के लिए पुलिस का यह कदम काफी सहायक साबित होगा।

### सरण पुलिस ने कुल 14 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

छपरा सदर : 31 जनवरी 2024 को सारण पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के तहत कुल 14 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। जिसमें अपहरण के कांड में एक व्यक्ति गिरफ्तार हुआ, चोरी के कांड में तीन, उत्पादन के कांड में 9 तथा वारंट में एक व्यक्ति की गिरफ्तारी की गई । वहीं वारंट का निष्पादन 26 हुए तथा कुर्की का निष्पादन तीन किया गया । अवैध मादक पदार्थ के रूप में देसी शराब 5 लीटर जप्त किया गया तथा एक पिक एक बुलेट मोटरसाइकिल तथा एक चाकू भी जप्त किया गया।

# लोकसभा चुनाव: डीएम और एसपी ने किया इवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

● सुरक्षा मानकों के अनुपालन के साथ अन्य तैयारियों का दिया निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अमन समीर और पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव मंगला ने शुक्रवार को सदर प्रखंड के निकट अवस्थित इवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया. उन्होंने आसन्न आम चुनाव के मद्देनजर मशीनों के सेग्रीगेशन, संबंधित विधानसभा के कमीशनिंग सेंटर तक प्रेषण आदि के सम्बंध में आवश्यक तैयारियों का निदेश दिया. डीएम ने मुख्य सड़क से गोदाम के पहुंच पथ पर नवनिर्मित पुलिया के अप्रोच रोड को ठीक करने की हिदायत पथ निर्माण विभाग को दिया. वहीं वेयरहाउस के चारों तरफ खाली भूमि को समतल कर फेवर ब्लॉक लगाने का आदेश भवन निर्माण विभाग को दिया. मौके पर मौजूद उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद एकबाल को उन्होंने मशीनों के रख-रखाव और सुरक्षा व्यवस्था में चुनाव आयोग के एसओपी का सख्ती से अनुपालन करने का निदेश दिया. उन्होंने सीसीटीवी के परिचालन का निरीक्षण करते हुए उसके रिकार्डिंग का नियत समय तक बैकअप रखने का आदेश दिया. एसपी डॉ मंगला ने वेयरहाउस पर तैनात स्टैटिक फोर्स को सख्त निदेश देते हुए 24 घंटा सन्तरी ड्युटी करने और किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को कैम्पस में प्रवेश नहीं करने देने का आदेश दिया. इस दौरान सुरक्षा, सफाई, अग्निशमन यंत्र आदि को अपडेट रखने का निदेश दिया गया।

## डीएम : एसपी ने भूमि संबंधी मामलों पर की सुनवाई



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। जिलाधिकारी अमन समीर एवं पुलिस अधीक्षक सारण डॉ गौरव मंगला द्वारा संयुक्त रूप से शुक्रवार को कुल 14 आवेदकों से प्राप्त भूमि विवाद से संबंधित शिकायत के संबंध में 10 आवेदकों की उपस्थिति में भीसी के माध्यम से संबंधित अंचलाधिकारियों एवं थानाध्यक्षों के साथ भूमि विवाद से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई। भीसी के माध्यम से की गई सुनवाई में संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए सभी मामलों को निष्पादित भी किया गया।

## लोक शिकायत निवारण है सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता: डीएम

पांच मामलों पर किया गया आदेश पारित, पदाधिकारिओं को सजग रहने का निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। जिलाधिकारी अमन समीर के द्वारा शुक्रवार को कार्यालय कक्ष से बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत द्वितीय अपील में शिकायतों की सुनवाई की गई, और शिकायत का निवारण किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा लोक शिकायत के कुल 10 मामलों पर सुनवाई किया गया। जिसमें 05 मामलों पर अंतिम रूप से आदेश पारित किया गया तथा शेष 05 मामलों में पूर्ण प्रतिवेदन के साथ अगली तिथि पर लोक प्राधिकार को उपस्थित करने का निर्देश दिया गया। इस मामले पर सुनवाई करते हुए जिला पदाधिकारी अमन समीर ने कहा कि लोक शिकायतों का ससमय तथा गुणवत्तापूर्ण निवारण अत्यावश्यक है। लोक प्राधिकारों को तत्परता से प्रदर्शित करनी होगी। उन्होंने कहा कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 का सफल क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पदाधिकारी इसके लिए सजग, संवेदनशील तथा सक्रिय रहें।

## पेंटिंग प्रतियोगिता में शम्मा, रिया व आराधना अव्वल

प्रात : किरण संवाददाता

इसुआपुर। विश्व आद्र भूमि दिवस के मौके पर सारण वन प्रमंडल छपरा के अंतर्गत मशरक वन प्रक्षेत्र द्वारा प्रखंड के यूएमएस आतानगर में शुक्रवार को पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें वर्ग 6 से 8 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें छात्राओं के प्रदर्शन बेहतर रहे। प्रतियोगिता में वर्ग 7 की शम्मा प्रवीण को प्रथम, वर्ग 8 की रिया कुमारी को द्वितीय तथा वर्ग 6 की अराधना कुमारी को तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया। वहीं वर्ग 6 की शलोनी, वर्ग 8 की नरगिस व खुशी कुमारी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अन्य प्रतिभागियों तथा स्कूल के सभी बच्चों को वन विभाग के पदाधिकारियों ने पेंसिल, रबर, कटर,कलर पेन व टॉफी देकर प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता के आयोजक वन परिसर पदाधिकारी मढ़ौरा मदन कुमार, उप वन परिसर पदाधिकारी इसुआपुर भानु रजक तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुभाष कुमार सिंह ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। साथ ही विश्व आद्र भूमि दिवस के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि यह दिवस 2 फरवरी 1977 से प्रत्येक वर्ष 2 फरवरी को पूरे विश्व में मनाया जाता है। इस दौरान प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया जाता है। इस मौके पर सहायक शिक्षक उपदेव राम, धीरज कुमार मांझी, कुमारी अनामिका, शुभ्रा शालिनी, श्वेता शालिनी, मिथिलेश कुमार सिंह, रिंकू कुमारी व अन्य थे।

## नगरा ओपी लूट कांड के अभियुक्त की हुई गिरफ्तारी

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा सदर : 23 जनवरी को नगरा ओपी अंतर्गत सैदुपुर पुल के पास से एक मोटरसाइकिल पर सवार 4 अपराधियों द्वारा ओ पी क्षेत्र के अफौर गांव निवासी जगन्नाथ प्रसाद के पुत्र पिंटू कुमार का मोबाइल, मोटर-साइकिल, पर्स एवं 11000 रुपया लूट ली गई थी। इस मामले का उद्वेदन नगरा ओ पी पुलिस बल द्वारा कर लिया गया है । जिसमें दो अपराधियों को लूट के एक मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया है । पूछताछ के क्रम में अपराधियों ने इस कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है । अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अग्रतार कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अपराधियों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रामनगर ढ़ाला निवासी अरदास राम का पुत्र पंकज कुमार एवं नेवाजी टोला निवासी मुगल किशोर सिंह का पुत्र अभिषेक सिंह बताया जाता है। इनके पास से छिन गया एक मोबाइल बरामद हुआ है । वही 1 फरवरी को सरण पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में कुल 23 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। जिसमें हत्याकांड में एक, लूट कांड में पांच, चोरी कांड में एक, उत्पाद के कांड में पांच अन्य कांडों में 9, वारंट में दो गिरफ्तारी हुई । वहीं 8 वारंट का निष्पादन तथा एक कुर्की का निष्पादन किया गया। अवैध मादक पदार्थ में विदेशी शराब 1.74 लीटर बड़ा बरामद हुआ साथ ही दो ट्रक,दो मोटरसाइकिल, दो मोबाइल, एक कार्टून दवा तथा एक चाकू को जप्त किया गया।

## जेपीयू में अंतरिम बजट पर हुई चर्चा



●जरूरत पड़ी तो खुले में भी पढ़ाएंगे: कुलपति

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा सदर : शुक्रवार को जे पी यू में अंतरिम बजट पर चर्चा करते हुए विकसित भारत 2047 के संबंध में कुलपति डॉ पी के बाजपेई की अध्यक्षता में सोशल साइंस ब्लाक में अर्थशास्त्र विभाग एवं वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में की गई। बजट पर चर्चा के अन्तर्गत सोशल साइंस ब्लाक में एक परिचर्चा हुई। जिसमें बताया गया कि प्रधानमंत्री के चार स्तंभ युवा,गरीब,महिलाऔरकिसान है ।इस बात पर भी चर्चा हुई कि 2047 में कैसे भारत विकसित हो? प्रो आर पी श्रीवास्तव ने कहा कि आने वाली सदियां इस बजट को याद करेंगी ।प्रोफेसर आर पी श्रीवास्तव ने डेमोग्राफी और डेमोक्रेसी पर भी चर्चा किया ।इतिहास विभाग का प्रतिनिधित्व प्रो सुधीर कुमार सिंह ने किया और बजट पर चर्चा में भाग लिया। डॉ स्निग्धा ने वाणिज्य विभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए बजट पर चर्चा के अन्तर्गत मुख्य बिन्दुओ पर प्रकाश डाला। कुलपति प्रोफेसर पीके बाजपेयी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि हमे यह ध्यान रखना है कि हम जहां हैं वहां क्या बेहतर कर सकते हैं ।भारत के विकास में शिक्षा का योगदान विषय पर बात करते हुए कुलपति ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बहुत आवश्यक है। कुलपति ने कहा कि जयप्रकाशविश्विद्यालय को देश का सबसे बड़ा विश्विद्यालय बनाना है ।बजट पर चर्चा के अन्तर्गत कुलपति ने कहा कि शिक्षा पर बजट में एक करोड़ का प्रावधान शोध और विकास के लिए रखा गया है। पढ़ने की व्यवस्था में परिवर्तन के लिए भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति लाई गई है ।रिसर्च का विषय समाज के हित में होना चाहिए। हमको शिक्षा में भारतीयता लाना है। उन्होंने कहा कि आवश्यकता होगी तो खुले में भी वर्ग का संचालन किया जायेगा ।हमको शिखर पर आना होगा। धन्यवाद ज्ञापन प्रो शंकर शाह ने किया और मंच संचालन प्रो अजीत कुमार तिवारी ने किया।

## बिजली का कनेक्शन काटे जाने से नाराज उपभोक्ताओं का विरोध प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता



भेल्दी (सारण)। अमनौर प्रखंड के सरायबक्स में एक उपभोक्ता के 48 रुपया बिजली बिल एडवांस जमा होने के बाद भी बिजली विभाग द्वारा कनेक्शन काट दी गई। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया। लालबाबू राय, गंगदेव राय, अवधेश राय, रामेश्वर राय, अनामिका राय, दशरथ राय, प्रमोद कुमार उर्फ टीकधारी बाबा सीताराम राय, मुनेश्वर राय उर्फ करेजा जी सत्यालाल राय, विनोद राय, योगेन्द्र राय, अमर प्रसाद यादव, मुकेश राय, भूपेन राय, बुटन राय हरेश कुमार, पूर्व बीडीसी राजकिशोर राय आदि ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग मनमर्जी हो चुकी है ।अभी परीक्षा का समय है ऐसे में प्रतिदिन शाम में बिजली काट ली जाती है ।जिससे बच्चों की पढ़ाई लिखाई बाधित होती है। खाना बनाने में दिक्कत होता है। वही गांव के ही बद्री मुसमात के 48 रूपए एडवांस जमा करने के जमा होने के बाद भी कनेक्शन काट दी गई। इसको लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश से देखने को मिली ग्रामीणों का आरोप था कि बिजली विभाग के वरीय अधिकारियों द्वारा अमनौर जेई पर कार्रवाई की जाए हालांकि इस संबंध में काफी प्रयास करने के बाद अमनौर जेई से बात हुई। उन्होंने गलती से कनेक्शन काटने की बात स्वीकार करते हुए कनेक्शन जोड़ने की बात को ही परंतु समाचार प्रेषण तक बद्री मुसमात का कनेक्शन नहीं जोड़ा जा चुका है।

## दिघवारा में गाँव चलो अभियान कार्यशाला का हुआ आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

दिघवारा नगर। प्रखण्ड क्षेत्र के सितलपुर चकिया टोला गाँव में शुक्रवार को सोनपुर विधानसभा के दिघवारा मंडल अध्यक्ष विपिन सिंह के अध्यक्षता में गाँव चलो अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया ।कार्यशाला का उद्घाटन पूर्व विधायक सह भाजपा अनुशासन समिति के प्रदेश अध्यक्ष विनय सिंह ने किया ।इस दौरान कार्यशाला में उपस्थित कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने आगामी लोकसभा चुनाव की कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा किया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जारी जनकल्याणकारी योजनाओं को हर जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया ।वही कार्यक्रम के आखिर में राजद के कई प्रमुख कार्यकर्ताओ को पूर्व विधायक ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षेत्रीय सह प्रभारी क्रांति यादव,सोनपुर विधानसभा प्रभारी राजेश सिंह,भाजपा नेता हेमनारायण सिंह,पूर्व मंडल अध्यक्ष उमाशंकर सिंह सहित अन्य पदाधिकारीगण व कार्यकर्तागण मौजूद थे।

## जिला खेल पदाधिकारी ने किया उद्घाटन



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। जिला स्तरीय दिव्यांग खेलकूद प्रतियोगिता 2024 का उद्घाटन शुक्रवार को स्थानीय राजेंद्र स्टेडियम छपरा में जिला खेल पदाधिकारी शमीम अंसारी के द्वारा किया गया ।इस खेल में 30 वर्ष तक के आयु के सभी दिव्यांग प्रतियोगिता में भाग लिए । जिला खेल पदाधिकारी शमीम अंसारी ने दिव्यांगों को संबोधित करते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता से चयनित प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खेलने का अवसर प्रदान होगा ।प्रतियोगिता का शुभारंभ टी 37 दिव्यांग ग्रुप 100 मीटर दौड़ से प्रारंभ किया गया जिसमें प्रथम स्थान आदिल कुमार द्वितीय स्थान सैफ आलम एवं तृतीय स्थान रसीदअली को प्राप्त हुआ ।दिव्यांग के टी 46 ग्रुप में 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पर अभिमन्यु कुमार टी 42 मे प्रकाश कुमार टी 13 मे रवि कुमार प्रथम स्थान पर रहे जबकि 100 मीटर टी 30 ग्रुप में प्रथम स्थान परअनिरूद कुमार एवं द्वितीय स्थान रौसन को प्राप्त किया। वही चक्का प्रक्षेपण में एफ 55 वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः अरविंद कुमार ,जितेंद्र राय एवं अरविंद कुमार शर्मा रहे, वही गोला प्रक्षेपण एफ 57में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः पप्पू कुमार ,मुन्ना कुमार एवं चंचल कुमार वही एफ 44 डिस्कस थ्रो में प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर क्रमशः दीपक कुमार सिंह एवं रोहित कुमार को प्राप्त हुआ। तकनीकी पदाधिकारी के रूप में सुजीत कुमार, दीपक कुमार सिंह एवं चंद्र भूषण तिवारी ने भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के सफल संचालन में कार्यालय लिपिक कुंदन कुमार ,खुर्शीद आलम एवं याजदानी जी डब्लू जी अमित कुमार आदि ने सराहनीय भूमिका निभाई।

## जनसुराज की जिला कार्यवाहक समिति की बैठक सम्पन्न



●बैठक में भाग लेते समिति के सदस्य गण

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। जन सुराज जिला कार्यालय परिसर में जिलाध्यक्ष रामपुकार मेहता की अध्यक्षता में जिला कार्यवाहक समिति की बैठक की गयी। जिसमें जिला के सभी अनुमंडल में अनुमंडलीय कार्यालय सहित विभिन्न प्रखण्डों में जन सुराज के कार्यालय खुलने तथा अनुमंडल व प्रखंडो में जन सुराज का सक्रिय रुप से कार्य करने पर बल दिया गया। बैठक में अनुमंडल अध्यक्ष को संबंधित प्रखंड अध्यक्ष के साथ समन्वय स्थापित कर प्रखंड कार्यालय में प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित करने की बात कही गयी ।जिला मुख्य प्रवक्ता कुलदीप महासेठ ने बताया कि जिला कार्यालय खुलने के बाद सारण के सभी अनुमंडल पन्द्रह प्रखण्डों में कार्यालय खुल गया है। बाकी बचे पांच प्रखण्डों में एक सप्ताह के अन्दर खुल जायेंगे। अब सारण में जन सुराज बहुत मजबूती के साथ आगे बढ रही है। जहां लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। उन्होंने बताया कि सारण जिले में किसानों की मुल समस्याओं के निदान दिलाने को लेकर किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुरेश सिंह के पहल पर बड़े आंदोलन आयोजित करने पर चर्चा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से जिला महासचिव अभय सिंह, मुख्य प्रवक्ता कुलदीप महासेठ, अभियान समिति जिला सह संयोजक राहुल सिंह, कार्यालय प्रभारी नवनीत यादव, किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सुरेश सिंह, उपाध्यक्ष मनोरमा कुमारी, आनंद मोहन सिंह, कुमार शिवम, जुनालाल यादव, सम्पत राम राही, उदय शंकर सिंह, कविता सिंह, अमिता सहनी, बच्चा राय आदि सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

## सांसद प्रतिनिधि का हुआ भव्य स्वागत



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। सोनपुर छपरा फोर लाइन से दरियापुर रेल पहिया कारखाना रोड का चौरी करण सांसद राजीव प्रताप रूडी के प्रयास से लगभग एक करोड़ 50 लाख से स्वीकृति मिलने पर आज भाजपा नेता संजय सिंकिह और भाजपा नेता पुष्पेन्द्र उपाध्याय के नेतृत्व मे बाईपास पर सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह का अंग वस्त्र फूल माला से और बुके देकर जोरदार स्वागत किया गया इस अवसर पर भाजपा नेता रंजन विद्यार्थी भाजपा नेता सभापति राय सहित अनेक लोग उपस्थित थे ज्ञात हो की इस रोड को लेकर सांसद रूडी जी कई बार केंद्र सरकार और रेलवे को लेटर लिख चुके थे जिसके बाद आज उनके प्रयास से रोड पास हो गया जिसके लिए सभी लोगो ने इस कार्य के लिए सांसद राजीव प्रताप रूडी जी को धन्यवाद दिया और लोगो ने कहा की रूडी जी अपने छेत्र मे लगातार कार्य करते रहते है।

## आइडियल पब्लिक स्कूल, कोहड़ा बाजार का 18वां वार्षिकोत्सव पूरे धूमधाम से मनाया गया

प्रात : किरण संवाददाता

गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में स्कूल के प्रबंध निदेशक धर्मेंद्र प्रसाद व प्राचार्य चंदन कुमार ने आगत अतिथियों व दर्शकों का स्वागत किया। वहीं समारोह को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि काशीनाथ सिंह, श्रीकांत सिंह व गजेंद्र दास आदि ने कहा कि अच्छी शिक्षा से हीं बच्चों के भविष्य को संवारा जा सकता है। शिक्षा के बिना आत्मनिर्भर व मजबूत राष्ट्र का निर्माण नही किया जा सकता। बेहतर शिक्षा के साथ बच्चों को अच्छे संस्कार शिक्षक व उनके माता- पिता से मिलते हैं। इसलिए विद्यालय के साथ-साथ परिवार का माहौल भी अनुकूल होना चाहिए। समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने जम कर धमाल मचाया। आकर्षक नृत्य व लघु नाटक में बेहतरीन कला का प्रदर्शन कर पलक, प्रतिज्ञा, सोनम, शालू, खुशी, प्रिया, मन्नत, वर्षा, फिजा, तान्या, मुस्कान, साक्षी, रितिका, पीहू, महफूज, अभिज्ञ आदि ने खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम को सफल बनाने व संचालन में शिक्षक मनन कुमार व अंशिका, अदिति, सृष्टि, इलिमा, पलक, नंदनी आदि ने सहयोग किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर रालोजद नेता ओमप्रकाश कुशवाहा, रमाकांत प्रसाद, खेलाड़ी सिंह, अजय शंकर वर्मा, राम नरेश प्रसाद, डॉ. जमीर, राजद नेता गुड्डू कुशवाहा, सुखेन्द्र प्रसाद, रविशंकर राय, सरीखन सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग व अभिभावक मौजूद थे।

## आयोजित हुई शोक सभा

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा सदर : महान रंग कर्मी एवं नाटक तथा साहित्यकार शिक्षाविद अमियनाथ चटर्जी के असामयिक निधन पर साहित्यिक संस्था बच्चू पांडेय कलावीर्थी थी छपरा के तत्वाधान में विधि मंडल परिषद में एक शोक सभा का आयोजन अधिवक्ता मंजूर अहमद की अध्यक्षता में शुक्रवार को किया गया। जिसमें मुख्य रूप से मंजूर अहमद ,सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, शंभू कमलाकर मिश्र,रिपुंजय निशांत, दक्ष निरंजन शंभू, गंगोत्री प्रसाद, चंद्रभूषण वर्मा, रवि शंकर श्रीवास्तव, लालेश्वर बैठा, ध्रुव नारायण सिंह, ज्योतिष पांडेय, विनय कुमार, बसंत कुमार सिंह, अंजनी कुमार पांडेय, सुरेश प्रसाद यादव एवं अन्य उपस्थित थे।

## छपरा की पावन धरती पर दिखी भारत की बहुरंगी संस्कृति की झलक

● देश के विभिन्न राज्यों से आए युवाओं ने निकाली रंगारंग रैली

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। शुक्रवार को युवाओं के सामाजिक टीम फेस ऑफ फ्यूचर इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय युवा विनिमय कार्यक्रम सह अष्टम स्थापना दिवस समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से आए हुए युवाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक रैली का आयोजन किया रैली का शुभारंभ शहर के रामकृष्ण मिशन आश्रम छपरा से किया गया जहां पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी अनुमंडल पदाधिकारी गौरव शंकर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार, अंतरराष्ट्रीय युवा समिति सह राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता अंग्रेज सिंह, रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी अति देवानंद महाराज ,राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व समन्वयक डॉ वी वी त्रिपाठी, समाजसेवी ललित कुमार सिंह एवं अन्य अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर रैली की शुरूआत की विभिन्न राज्यों जैसे जम्मू-कश्मीर, केरल ,झारखंड, पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, छत्तीसगढ़, हरियाणा, दिल्ली, नागालैंड, उड़ीसा, झारखंड , गुजरात,तेलंगाना , महाराष्ट्र ,कर्नाटक,असम,उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश,बिहार आदि से आए हुए युवा अपनी प्रादेशिक वेशभूषा में निकल कर भारत की बहुरंगी संस्कृति की झलक दिखलाई साथ ही साथ युवाओं ने संकल्प लिया कि भले ही हमारी वेशभूषा, भाषा, जाति धर्म, अलग-अलग हो पर हम सभी मिलकर अपनी भारत की एकता एवं अखंडता के लिए सदैव प्रयत्नशील रहेंगे तथा अपने सपनों के भारत का निर्माण करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। इस अवसर पर फेस ऑफ फ्यूचर इंडिया इंडिया के अध्यक्ष राष्ट्रपति से सम्मानित मंटू कुमार यादव ने कहा कि हमारा प्रयास है हम सभी मिलकर अपने सपनों के भारत का निर्माण करेंगे जिसमें ना तो भेदभाव होगा ना ही ऊंची नीच होगी ।भारत वर्षों से एकता एवं अखंडता के लिए जाना जाता है और आगे भी हम सभी मिलकर इस की एकता एवं अखंडता की को बनाए रखेंगे एवं आपस में मिलजुल कर एक नए भारत का निर्माण करेंगे। पदयात्रा में रंजीत कुमार, प्रिंस कुमार, मकेशर पंडित , मीना कुमारी, प्रियंका कुमारी,अंजली कुमारी ,नीतू कुमारी, आदि से आए हुए सैकड़ों युवाओं ने भाग लिया।

## स्वयंसेवकों का दल रवाना

प्रात : किरण संवाददाता

अयोध्या स्थित श्री राम जन्मभूमि पर रामलाल के दर्शन करने हेतु श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों को दर्शन करने के लिए छपरा जंक्शन से शुक्रवार को जिला कार्यवाह संजीव जी तथा बजरंग दल के राहुल मेहता के नेतृत्व में 1344 प्रमुख कार्यकताओं की टोली छपरा से रवाना हुई।

## इसुआपुर के नए थानेदार को अपराधियों की मिली चुनौती

प्रात : किरण संवाददाता

इसुआपुर के थाना अध्यक्ष के पद पर चार्ज लेते ही चोरी व छिंतई की दो घटनाएं घटित कर अपराधियों ने अपराध नियंत्रण को लेकर नए थानेदार के सामने चुनौती दे डाली है। बुधवार की शाम दुकान बंद कर घर जाने के क्रम में इसुआपुर बाजार के थोक अंडा व्यवसायी मुंड़वा खास गांव निवासी अजीत कुमार से अपराधियों ने इसुआपुर गांव से पश्चिम पिस्तौल की नोंक पर 60 हजार रुपए लूट लिए। वहीं पुलिस जब इस मामले के उद्भेदन में लगी थी कि अगले ही दिन शायद पुलिस की इस व्यस्तता का फायदा उठाकर अगले ही दिन गुरुवार की रात इसुआपुर बाजार स्थित ईश्वर आभूषण व वासन भंडार का शटर तोड़ कर लाखों रुपए मूल्य की संपत्ति चोरी कर ली गई। नए थानेदार के चार्ज लेते ही लगातार दो-दो घटनाएं घटित होने पर जहां बाजार के व्यवसाईयों में आक्रोश है, वहीं चोरी की बढ़ती घटनाओं को लेकर पुलिस की कार्यशैली पर भी प्रश्न चिन्ह लग रहा है। हालांकि एसआईटी विभाग से आए युवा व तेज तर्रार थानाध्यक्ष से अपराध नियंत्रण को लेकर लोग काफी आशान्वित हैं। वहीं इस मामले में यह भी कहना न्याय संगत होगा कि छिंतई की घटना के 24 घंटे के भीतर पुलिस ने इस मामले का उद्वेदन कर पीड़ित अंडा व्यवसायी द्वारा किए गए एफआईआर के एक अज्ञात अपराधी को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। वहीं एक अन्य नामजद अपराधी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी भी कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा चले गांव की ओर कार्यक्रम के तहत बैठक संपन्न

आरा।बड़हरा विधानसभा के सलेमपुर मंडल पिपरा महामाया मंदिर के प्रांगण में सलेमपुर मंडल अध्यक्ष धनंजय तिवारी के अध्यक्षता में में एक बैठक किया गया बैठक का एजेंडा भाजपा चले गांव की ओर कार्यक्रम में जिसमें प्रत्येक गांव सभी गांव में प्रवास का कार्यक्रम को मंडल प्रभारी रमाकांत सिंह के द्वारा बताया गया की प्रत्येक बूथ पर एक संयोजक एक प्रवासी रहेंगे और 24 घंटा उसी गांव में प्रवास करेंगे और सभी योजनाओं को बारे में सभी मतदाताओं को अवगत कराएंगे उजाला योजना हो या प्रधानमंत्री समान योजना मंडल अध्यक्ष धनंजय तिवारी के द्वारा प्रधानमंत्री का विभिन्न विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया बैठक में उपस्थित मंडल प्रभारी रमाकांत सिंह मंडल अध्यक्ष धनंजय तिवारी मंडल किसान मोर्चा अध्यक्ष महेंद्र कुमार मिश्रा मंडल अध्यक्ष करोड़पति सिंह मिथिलेश कुमार सिंह सोनू शाह मंडल संयोजक मधुरेंद्र प्रताप सिंह मंडल महामंत्री दीपक दुबे मंडल मंत्री मुन्ना पंडित शक्ति केंद्र प्रमुख तन्ना मिश्रा अरविंद मिश्रा बसंतपुर शक्ति केंद्र प्रमुख बोधनाथ मिश्रा उर्फ मिठाई मिश्रा बूथ अध्यक्ष कामता सिंह भूत अध्यक्ष प्रभु शंकर सिंह मीडिया प्रभारी टिंकू कुमार सिंह एवं मंडल के तमाम भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्ष एवं मंच मोर्चा के सभी पदाधिकारी उपस्थित हुए।

### अवैध बालू लदे ट्रैक्टर के साथ चालक गिरफ्तार

बिक्रमगंज (रोहतास) पुलिस ने अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर के साथ चालक को किया गिरफ्तार, ट्रैक्टर जब्त। जानकारी देते हुए कछवां थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के कंचनपुर टोला से अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया।साथ ही मामले में पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को भी गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने ने कहा कि गिरफ्तार ट्रैक्टर चालक भोजपुर जिला के तरारी थाना क्षेत्र अंतर्गत सदनपुर निवासी शैलेश कुमार बताया जाता है।उन्होंने कहा कि उक्त मामले में कानूनी कार्रवाई करते हुए संबंधित विभाग के वरीय अधिकारियों के पास रिपोर्ट भेज दी गई है।साथ ही साथ जब्त ट्रैक्टर को पुलिस की निगरानी में रखा गया है।

### पुलिस ने ऑटो से 129 लीटर शराब किया बरामद

दावथ (रोहतास) स्थनीय पुलिस ने मलियाबाग में शुक्रवार को दोपहर बाद एक ऑटो से 129 लीटर अग्रेजी शराब बरामद किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि गशित दल को गुप्त सूचना मिली कि,मलियाबाग आरा रोड में श्रीमन के गैरेज में शराब कारोबारी की गाड़ी खड़ी है,जिसमें शराब है।गशित दल से सूचना मिलते ही त्वरित कारवाई हेतु मैं पुलिस बल के साथ गैरेज पहुंच,वहां खड़ी ऑटो का जांच किया।ऑटो के छत में छिपाकर रखे 710 फ्रुटी पैकेट 180 एमएल एटपीएम अंग्रेजी शराब,हायवर्डस 5000 केन बीयर दो पीस,आरएस अंग्रेजी शराब 375 एमएल का एक बोतल कुल 1 सौ 29 लीटर शराब बरामद किया गया। धंधेबाज को चिंहित कर दो नामजद व एक अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर,अग्रेतर कारवाई की जा रही है।

### पुलिस ने बाइक चालक से वसूला जुर्माना

कोचस (रोहतास) स्थानीय पुलिस ने वाहन जांच लगा कर 10 बाइक चालको पर 10 हजार पांच सौ जुमार्ना करते हुए छोड़ा है।इसकी जानकारी देते हुए कोचस थाना अध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के विभिन्न मार्गो पर सघन वाहन जांच चलाया गया।जहा 10 बाइक चालकों के पास हेल्मेट, ड्राइवरी लाइसेंस व एंसोरेंस के कागजात साथ मे ना होनेपर 10 हजार पांच सौ हजार रुपए का जुमार्ना करते हुए छोड़ा है।वही पुलिस की इस कार्यवाई से वाहन चालको मे भय उत्पन हो गया है।

### एसडीएम राकेश कुमार ने पैक्स अध्यक्षों के साथ की समीक्षा बैठक



कैमूर जिले के रामगढ़ प्रखंड कार्यालय के सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार ने प्रखंड के पैक्स अध्यक्षों के साथ धान अधिप्राप्ति को लेकर समीक्षा बैठक कि मिली जानकारी के अनुसार प्रखंड के 19993 एमटी लक्ष्य के विरुद्ध 13968.4 एमटी धान का खरीद हुआ है यानी 69.87 % वही चावल को तेजी से आपूर्ति करने का सभी पैक्स अध्यक्षों को ससमय प्राप्ति करने का निर्देश दिया मौके प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी विकास कुमार पैक्स अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह उर्फ राजू सिंह, दयाशंकर सिंह सत्येंद्र सिंह पप्पू सिंह विजय बहादुर सिंह अजय सिंह अमरनाथ चौधरी संजय सिंह इत्यादि मौजूद है।

# आम बजट झूठ का पुलिंदा- गरीबों, किसानों और सहारा खाताधारकों को निराश करने वाला बजट : क्यामुद्दीन अंसारी

**प्रात: किरण संवाददाता**



आरा, जे।पी स्मारक से मार्च निकालकर आम बजट से निराश लोगों ने पुतला दहन किया गया। देश के आम बजट ने सहारा इंडिया करोड़ो खाताधारकों सहित गरीबों, किसानों, और बेरोजगार युवाओं को निराश करने वाला बजट है,यह झूठ का पुलिंदा है,महंगाई बढाने वाला है।इस बजट से नाखुश महिलाओं और आम गरीबों ने सहारा इंडिया निवेशक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले मार्च आयोजित किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वितमंत्री निर्मला सितारमन का पुतला फूंका। पुतला दहन से पूर्व लोगों को संबोधित करते हुए भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य व इंसाफ मंच के राज्य सचिव क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि देश का बजट महंगाई को बढाएगा,यह झूठ का पुलिंदा है।क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि सहारा इंडिया के करोड़ो खाताधारकों को निराश किया है जो अपनी हाड़तोड मेहनत कर अपने बचत का पैसा अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य के सहारा मे जमा किया था जो डुबने के कागार पर है और सरकार उनके पैसे लौटाने का कोई कार्यक्रम इस बजट मे पेश नहीं किया है।

क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने रेवड़ी-पटरी वालों,ठेला-खोमचा वालों, गरीबों, किसानों और आम नागरिकों को रुलाया है जिन्होंने सहारा इंडिया मे अपना रुपया जमा किया था वे निराश व आक्रोशित है।माले नेता ने कहा कि कौशल विकास मिशन मे मामुली 538 करोड़ रुपया देकर करोड़ो बेरोजगार युवाओं को निराश किया है वहीं गरीबों के की खाद्य सब्सिडी कम है तथा किसानों के लिए यूरिया खाद व पोषक तत्व मे कटौती निन्दनिय है।

भाजपा माले नेता राजुल्ल प्रसाद ने कहा कि कार्पोरेट घरानों के टैक्स बढाने से इंकार कर बजट के राजकोषिय घाट ए को बढाया है वही देश की अर्थ व्यवस्था को तबाही और देश को भारी कर्ज मे ढकेल दिया है। इस कार्यक्रम मे सामिल प्रमुख लोगों मे कृष्णा प्रसाद, सुनिल चौधरी, रंजु देवी,फुलझारो देवी,लक्ष्मीना देवी,शांति देवी,शाहीदा खातुन, कहना खातुन, सुरेन्द्र प्रसाद, मनोज कुमार सिन्हा, सियाराम यादव थे।

# डीएवी बिहार प्रक्षेत्र-'जे' की दो दिवसीय शिक्षण संवर्धन कार्यशाला आरंभ

**प्रात: किरण संवाददाता**



आरा। शिक्षक अधिक से अधिक नवाचार को अपनाएँ अपने शिक्षण कौशल को सतत संवर्धित करना है : वी.आनंद कुमार, प्रक्षेत्रीय अधिकारी, बक्सर स्थानीय बी.एस.डीएवी. प.स्कूल, मिल रोड में डीएवी. बिहार प्रक्षेत्र-'जे' की दो दिवसीय शिक्षण संवर्धन कार्यशाला आरंभ हुई।

कार्यशाला का शुभारंभ पारंपरिक वैदिक हवन-यज्ञ के बाद विद्यालय प्राचार्या द्वारा आगत शिक्षकों-अतिथियों के स्वागत व प्रक्षेत्रीय अधिकारी द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। इस दौरान प्रक्षेत्रीय अधिकारी वी.आनंद कुमार ने उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा विद्यालय प्रबंधन नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या के अनुरूप अपने अपने कौशल, अपनी क्षमता और शिक्षण व्यवस्था को संवर्धित करने के लिए सतत प्रयत्नशील है। इसलिए हम चाहते हैं कि आप सभी अपने-अपने विषयों में बच्चों के लिए नवाचार को अपनाएँ और अधिक से अधिक रोचक, सहज तथा जीवनोपयोगी हो पाए। इस कार्यशाला का उद्देश्य तभी सफल होगा।प्रधानाचार्या नीशू जायसवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय परिवार की उम्मीदें आपसे हीं फलीभूत होंगी। हम सबके साझे व सार्थक प्रयासों से हीं समृद्ध शिक्षण का लक्ष्य हासिल हो सकता है। इस उद्देश्य में सफलता अवश्य मिलेगी, शुभकामनाएँ! 02और 03 फरवरी को निर्धारित इस कार्यशाला में डीएवी.प्रक्षेत्र-'जे' के बक्सर,डुमराँव, मोहनिया, पुसौली, पीरो, शाहपुर और आरा के कुल आठ डीएवी.स्कूलों के मानवीकी,गणित, विज्ञान, समाज विज्ञान, कला और तकनीक आदि के लगभग साढे. तीन सौ शिक्षक-शिक्षिका और अधिकारी शामिल हैं। पहले दिन राष्ट्रीय पाठ्यचर्या , ई पाठ योजना , गतिविधि आधारित शिक्षण , जी.आई.एम.पी. तथा कला समेकित शिक्षण आदि संबंधी कार्यशालाएँ संचालित हुई। सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं में उत्साह है।

# निर्वाचित व्यापार मंडल अध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह ने चौथी बार किया शपथ ग्रहण

**प्रात: किरण संवाददाता**



बिक्रमगंज (रोहतास) चौथी बार निर्विरोध निर्वाचित बिक्रमगंज प्रखंड व्यापार मंडल अध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह और कार्यकारिणी सदस्यों के साथ गुरुवार की शाम शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर बिक्रमगंज बीसीओ अखिलेश्वर कुमार और बजरंगी राय ने शपथ ग्रहण तहत व्यापार मंडल अध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह सहित कार्यकारिणी के सदस्य ललन प्रसाद चौरसिया,ओम प्रकाश सिंह, संजय कुमार सिंह, राहुल सिंह,राम बच्चन चौधरी, मीना देवी,अखिलेश कुमार सिंह को गुरुवार को विधिवत पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए किसान व्यापारियों के हित में कार्य करने का संदेश दिया। वही चौथी बार शपथ ग्रहण करते हुए निर्वाचित व्यापार मंडल अध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह उर्फ जवाहर ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि वह हमेशा व्यापारियों के हित में अपना श्रेष्ठ कार्य करते हुए व्यापारियों को न्याय दिलाने का प्रयास करेंगे। साथ ही साथ बिक्रमगंज और संझौली प्रखंड के किसान हित में किसी भी प्रकार की परेशानी और समस्या होने पर उनके सहयोग व संघर्ष में अग्रसर होते हुए किसानों व व्यापारियों को न्याय दिलवाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर कार्यपालक सहायक असगर अली, भाजपा प्रदेश शिक्षक प्रकोष्ठ महामंत्री डॉ० मनीष रंजन, पहाड़ सिंह, विनोद सिंह, पिंटू सिंह, धनजी सिंह, सुनील सिंह, रिंकू सिंह, हरेंद्र हरियाली, मनमोहन तिवारी, बलवंत सिंह,विवेक कुमार सहित सैकड़ों किसान व व्यापारी उपस्थित थें।

# बेकाबू कार सड़क किनारे खड़ी ट्रक में टकराई, युवक की मौत, तीन जख्मी

**प्रात: किरण संवाददाता**



- तीनों जख्मी इलाज के लिए सदर अस्पताल से पटना रेफर
- पुलिस ने शव का सदर अस्पताल में कराया पोस्टमार्टम

आरा। बक्सर फोरलेन पर भोजपुर के गजराजगंज ओपी अंतर्गत रामपुर मिल्की गांव के समीप शुक्रवार की सुबह बेकाबू कार ने सड़क किनारे खड़ी ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में कार चला रहे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि कार में सवार मृतक के तीन दोस्त गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही।

सूचना पाकर गजराजगंज ओपी इंचार्ज हरी प्रसाद शर्मा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस तीनों जख्मियों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आई, जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को चिंताजनक हालत में पटना रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। जानकारी के अनुसार मृतक भोजपुर के तीयर थाना क्षेत्र के अरैला गांव निवासी स्व. दल सागर यादव का 30 वर्षीय पुत्र मनोज कुमार यादव है। वह पेशे से कपड़ा व्यवसायी है। नागालैंड के कोहिमा में कपड़े की दुकान चलाता है।जबकि जख्मियों में उसी गांव के बालम यादव का 25 वर्षीय पुत्र संजय कुमार यादव, सुग्रीम रजक का 26 वर्षीय पुत्र कृष्ण कुमार एवं नरेश यादव का 25 वर्षीय पुत्र रविंद्र कुमार शामिल है।

# ट्रेन की चपेट में आने से इंटर की परीक्षार्थी की मौत

**प्रात: किरण संवाददाता**




- उदवंतनगर थाना क्षेत्र के श्रीरामपुर रेलवे क्रॉसिंग के समय गुरुवार की शाम घटी घटना

आरा-सासाराम रेलखंड पर उदवंतनगर थाना क्षेत्र के श्रीरामपुर रेलवे क्रॉसिंग के समीप गुरुवार की दोपहर ट्रेन की चपेट में आने से इंटर की परीक्षार्थी की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृत छात्रा गड़हनी थाना क्षेत्र के बगवां गांव वार्ड नंबर-8 निवासी महेश्वर पासवान की 19 वर्षीया पुत्री पूजा कुमारी है। वह इंटर की परीक्षार्थी थी। इधर, मृत छात्रा के चचेरे भाई प्रेम प्रकाश ने बताया कि वह गुरुवार की सुबह आरा शजर स्थित जैन कन्या पाठशाला दूसरी पाली में इंटर की परीक्षा देने आई थी। उसी बीच यह घटना घट गई।

# जीविका हरियाली महिला स्वालंबी संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**प्रात: किरण संवाददाता**



नोखा (रोहतास) जीविका द्वारा हरियाली जीविका महिला स्वालंबी सहकारी समिति का समुदायिक संवाद किया गया। जिस कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के सात पंचायत छतौना, श्रीखिंडा, मौडीहा, कुरी, सिसिरता,चनकी सहित कदवा ग्राम संगठन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ जिला परियोजना प्रबंधक प्रसन्न कुमार, प्रखंड परियोजना प्रबंधक रवि कांत शर्मा,प्रबंधक आईबीसीबी उत्पल कांत ,प्रबंधक एचएनएस अजीत कुमार, पेशेवर सोनाली कुमारी के द्वारा किया गया। जिस कार्यशाला को संबोधित करते हुए बताया गया की वर्त्तमान में कुल 1337 स्वयं सहायता समूह, 89 ग्राम संगठन, 02 संकुल स्तरीय संघ के साथ लगभग 16 हजार परिवार के साथ जीविकोपार्जन का कार्य किया जा रहा है। जो संवाद कार्यक्रम सभी समूहों एवं ग्राम संगठन में अप्रैल माह तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

इससे पूर्व 30 जनवरी को ज्ञानदीप संकुल स्तरीय संघ का संवाद कार्यक्रम पूर्ण किया जा चुका है। मौके पर अनन्या कुमारी ,आरती कुमारी, अनुपम भट्ट, पिंटू कुमार, कुमार सुदीप सहित अन्य लोग मौजूद थें।

# धूमधाम से ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल का मनाया गया वार्षिकोत्सव

**प्रात: किरण संवाददाता**




नावानगर (बक्सर) प्रखंड क्षेत्र के ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल रूपसागर के प्रांगण में तेरहवां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्र छात्राओ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर उपस्थित दर्शकों से जमकर तालियां बटोरी और वाह वाही लूटी। कार्यक्रम का उद्घघाटन एचडीएफसी बैंक प्रबंधक डुमरांव सूर्यभुषण सिंह व विद्यालय निदेशक दीपक कुमार ने फीता काट कर किया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि रूपसागर मुखिया ब्रज कुमार सिंह,नावानगर मुखिया प्रतिनिधि इजाजुल हक समेत सभी विशिष्ट अतिथियों को विद्यालय के निदेशक दीपक कुमार,अध्यक्ष रमेश सिंह,प्राचार्य दिग्विजय नाथ पाण्डेय द्वारा बारी बारी से अंग वस्त्र एवं माला देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में गणेश वंदना कर रोहन की टीम ने कार्यक्रम की शुरूआत की।साथ ही स्वागत शान से स्वागत गीत विवेक कुमार की ने गाकर सभी उपस्थित लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिया। जहां कार्यक्रम में बाकी सब फर्स्ट क्लास है अंशु ने, काला चश्मा में रोहन ने,मैं निकला गड्डी लेके आरती पाण्डेय ने,छोटा बच्चा जान के में ज्योती ने,ये इश्क हाय में अर्चना ने,मैने पायल है छनकाई में ब्यूटी कुमारी ने,पंजाबी सॉन्ग पर आयशा, लेजा लेजा पर आरती पाण्डेय,राधा नाचेगी में अर्चना,राम आयेंगे पर अर्चना की टीम,आजा नचले पर रोहन की टीम,मस्त नजरों से अल्लाह बचाए पर रोहन की टीम,मम्मी नू पसंद नईयों तू पर अर्चना की नाचेंगे सारी रात पर रोहन की टीम,मटक मटक झटक पर अर्चना की टीम ने रिकॉर्डिंग धुन पर डांस की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। जहां छात्र छात्राओं द्वारा कार्यक्रम मे दहेज एक कुप्रथा लघु नाटक में विवेक की टीम द्वारा प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगो को आज के युग के संदर्भ में चरित्र चित्रण किया वही अर्चना कुमारी ने रानी लक्ष्मी बाई की की प्रस्तुति देकर छात्र छात्राओं ने जमकर तालियां बटोरी जहां रोहन की टीम द्वारा कॉमेडी सॉन्ग पर प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में गुलाबी सरारा, सखिय 2.0 में अर्चना कुमारी की टीम द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त शिक्षक शिक्षिकाओ का सहयोग रहा।मौके पर विद्यालय के निदेशक दीपक कुमार,विद्यालय अध्यक्ष रमेश सिंह,विद्यालय प्राचार्य दिग्विजय पाण्डेय समेत विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### अपराधियों ने दलान में सो रहें बुजुर्ग किसान की गोली मार की हत्या

काराकाट (रोहतास) थाना क्षेत्र के गोडारी नगर पंचायत अंतर्गत करूप के जमुआ टोला में अरुण पाण्डेय के पिता 70 वर्षीय किसान हृदयानंद पाण्डेय की बीती रात करीब 1:30 रात में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। घटना की प्रथम दृश्य पहले से चली आ रही विवाद बताया जा रहा है।मृतक के पुत्र ने बताया की उनके लड़की की शादी है उसी संबंध में शादी के कर देने अपने ससुराल गया था। उन्होंने बताया की उनके पिता घर से कुछ दूरी पर स्थित अपने दलान पर सोए हुए थे तभी अपराधियों द्वारा उनके पिता को गोली मर दिया गया और। धटना के बारे में बताया जाता है की गोली की आवाज सुनकर परिजन घर से दलान में पहुंचे जहां देखा खून से पूरी तरह से लथपथ मृत अवस्था में पड़े है। जिसके बाद परिजनों में चिखपुकर मच गई। मृतक के बेटी ने बताया की घटना की त्वरित जानकारी उनके पुत्र अरुण पाण्डेय को मोबाइल द्वारा दिया गाय।

# व्यवसायी से 4 लाख 30 हजार की लूट कर बाइक सवार लुटेंरे हुए फरार

**प्रात: किरण संवाददाता**

- बैंक से रुपए निकसी कर घर लौट रहा था व्यवसायी

सासाराम (रोहतास) नगर थाना क्षेत्र के तकिया ओवरब्रिज पर गुरुवार को बाइक सवार लूटेरों ने दिनदहाड़े धान व्यवसायी व किसान से चार लाख 30 हजार रुपए लूटकर फरार हो गए। बताते हैं कि पहले से घात लगाए बाइक सवार दो अपराधियों ने झपटा मार चलती बाइक से रुपए से भरा थैला लेकर भाग निकले। पीड़ित समरडीहा गांव निवासी धान व्यवसायी रामशंकर राय ने बताया कि वे पीएनबी मुख्य शाखा पुरानी जीटी रोड से 4 लाख 30 हजार रुपए निकाल कर बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान तकिया ओवरब्रिज के बीच में तेजी से आए बाइक सवार अपराधियों ने उनकी बाइक में टक्कर मारने के बाद रुपए से भरा झोला झपट कर तकिया बाजार की तरफ भाग निकले। टक्कर लगने के कारण व्यवसायी ने बाइक समेत अपना संतुलन खो दिया। इसके बाद उन्होंने किसी तरह उठकर शोर मचाया। लुटेरों का पीछा करने की भी कोशिश की। सासाराम एसडीपीओ दिलीप कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। वही नगर थानाध्यक्ष को घटनास्थल पर पहुंचकर जांच करने का निर्देश दिया गया है।

इस लूट के शिकार हुए व्यवसायी ने नगर थाना को अपना आवेदन दे दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और संभावित ठिकानों पर छापेमारी भी कर रही है।

### विद्यालय में लगे समर्सेबल को चोरों ने उड़ाया

कोचस (रोहतास) गुरुवार की रात्रि में कोचस संमता हाई स्कूल में अज्ञात चोरों ने विद्यालय परिसर मे प्रवेश कर समर्सेबल की चोरी कर ली है। इसकी जानकारी देते हुए हाई स्कूल प्रधाना ध्यापिका विमला कुमारी ने बताया कि गुरुवार की रात्रि मे अज्ञात चोरो के द्वारा विद्यालय परिसर में प्रवेश कर समरसेबल की चोरी कर ली है, जबकि चोरी कर भागने के दौरानचोरो ने लोहे की रड, डंडे,से विद्यालय के दरवाजे व लोहे की खिड़की, पाइप जैसे अन्य जगहो पर प्रहार कर अन्य वस्तुओं को तोड़ नष्ट किया है। उन्हो ने यह भी बताया की इससे भी पहले इस विद्यालय मे अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। वही इस संदर्भ में कोचस थाना अध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि पुलिस प्रधानाध्यापिका की तरफ से आवेदन प्राप्त कर ली है, जिसमें आवेदन प्राप्त कर प्राथमिकी दर्ज करते हुए मामले की छानबीन शुरू कर दी है। गौरतलब हो की कई महीनो से प्रखंड में चोरी की घटना बढ़ती जा रही है।

# किशोर की हत्या के बाद उसके गांव अंतिम संस्कार में पहुंचे जिप सदस्य लल्लू पटेल

**प्रात: किरण संवाददाता**



कैमूरः सोनहन थाना क्षेत्र के खैरा गांव में तालाब के पास एक मकान में संदिग्ध अवस्था में एक किशोर का शव मिला है। जानकारी के मुताबिक सोहन थाना क्षेत्र के खैरा गांव निवासी कुमार राम का 17 वर्षीय पुत्र सुजीत कुमार उर्फ मुन्ना बताया जाता है। मृतक के पिता एवं भभुआ जिप सदस्य विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल ने बताया कि गुरुवार की शाम में लड़का के मोबाइल पर किसी का फोन आया। उसके बाद घर पर अपनी मां को बोलकर गया कि हम गांव के बाहर से घूम कर आ रहे हैं। लेकिन घर नहीं पहुंचा तो रात में खोजबीन किया गया तो लगभग रात के 10:00 बजे गांव से पश्चिम दक्षिण लगभग 100 मीटर दूरी पर तालाब के पास एक मकान से उसका शव बरामद किया गया। पिता ने आशंका जताते हुए कहा कि मेरे पुत्र को ईटा पत्थर से कुचकुच कर मौत के हवाले कर दिया गया है। उसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस रात को ही पहुंच कर मामले की जांच को लेकर छानबीन में जुट गई। उसके बाद शव का पंचनामा किया गया। जहां पुलिस ने आज सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया है।

वही सोनहन थाना अध्यक्ष राकेश रौशन ने बताया कि परिजन द्वारा दिए गए आवेदन में कहा गया कि किशोर के सिर पर ईंट से मारकर उसकी हत्या कर दिया गया है। आगे लल्लू पटेल ने कहा कि अंतिम संस्कार में पहुंचकर परिजनों को ढांढस दिया गया और जिला प्रशासन से दोषियों पर कार्रवाई करने को लेकर मांग किया गया है। जहां इस मामले को लेकर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

# बीडीओ ने ठोस-तरल अपशिष्ट प्रबंधन योजना का किया शुभारंभ

**प्रात: किरण संवाददाता**

बिक्रमगंज (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मानी में शुक्रवार को ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन योजना का हुआ शुभारंभ। जिसकी अध्यक्षता उक्त पंचायत के मुखिया लवजी कुमार गौतम एवं संचालन सरपंच अनिल कुमार चंचल ने की। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान फेज 2 के तहत "सक्षम बिहार स्वावलंबी बिहार के अंतर्गत सात निश्चय 2 में लक्षित स्वच्छ गांव-समृद्ध गांव के उद्देश्य की प्राप्ति के लिए प्रखंड अंतर्गत चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में चयनित ग्राम पंचायत मानी में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन एसएलडब्ल्यूएम योजना का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित प्रताप सिंह , अनुमंडल कृषि पदाधिकारी मधुरेंद्र कुमार सिंह, बीपीआरओ सोनाली चतुर्वेदी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलन कर की। तत्पश्चात अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। उक्त दौरान बीडीओ ने अपने संबोधन में आमजनों से उक्त योजना में सार्थक सहयोग करने हेतु अपील की और सफाई कर्मियों को भी पूरी तन्मयता से कार्य को करने के लिए कहा ताकि स्वच्छ, सुंदर एवं निर्मल ग्राम पंचायत मानी का निर्माण हो सके। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित प्रताप सिंह समेत अन्य अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से ई-रिक्शा एवं पैडल रिक्शा को घर-घर से अपशिष्ट संग्रहण करने हेतु हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । मौके पर काराकाट मुखिया सह मुखिया संघ जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह व जनप्रतिनिधिगण सहित वार्ड सदस्य और ग्रामीण जनता व सफाईकर्मी मौजूद थे।

# अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति (एडवा) ने कामरेड रामपति की दूसरी पुण्यतिथि मनाया

**प्रात: किरण संवाददाता**



भभुआ (कैमूर) अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति( एडवा) जिला कमेटी कैमूर की ओर से सीवों गांव में कामरेड रामपति देवी की दूसरी पुण्यतिथि मनाई गई जिसकी अध्यक्षता कामरेड ललिता देवी ने किया। सर्वप्रथम कामरेड रामपति देवी के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया गया, इस बीच कामरेड रामपति देवी को लाल सलाम , कामरेड रामपति देवी अमर रहे, एडवा जिंदाबाद, कामरेड रामपति के अरमानों को मंजिल तक पहुंचाएंगे , सभी गरीबों को 10 डिसमिल जमीन देना होगा आदि पुरजोर नारे लगाए गए , सभा को संबोधित करते हुए बिहार प्रांतीय खेतिहर मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष कामरेड भीम सिंह ने कहा कि मोदी राज्य में मणिपुर में महिलाओं को नंगा घुमाया जा रहा है तो दूसरी तरफ बिलकिस बानो के आरोपियों को छोड़ा जा रहा है जो सरासर गलत है । सीपीएम के जिला मंत्री कामरेड रंगलाल पासवान ने कहा कि नीतीश कुमार विश्व का एक ऐसा व्यक्ति है जो कुर्सी के लिए लगातार पलटी मारते रहते हैं इसलिए जनता इनको पलटू राम कहती है, यह सिर्फ कुर्सी के लिए ही नहीं पलटते हैं बल्कि दीन बंधु उपाध्याय आयोग, अमीर दास आयोग का गठन कर उनकी अनुशंसाओं को लागू करने से भी पलट जाते हैं । उन्होंने दी बंदोपाध्याय आयोग की अनुशंसा को लागू करने की मांग की।एडवा जिला सचिव कामरेड यशोदा देवी ने केंद्र और राज्य सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मोदी जी गरीबों का पक्का मकान बनाने से रहे और 2024 का आम चुनाव मंदिर के नाम पर हिंदू के नाम पर जीतना चाहते हैं लेकिन हमारा संगठन उनका पुरजोर विरोध करेगी।

### एसडीएम राकेश कुमार के नेतृत्व में सड़क से हटाया गया अतिक्रमण

रामगढ़ कैमूर।रामगढ़ नगर पंचायत में दुर्गा चौक एवं आसपास बजारों को मोहनिया अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार के नेतृत्व में अतिक्रमण मुक्त कराया गया। एसडीओ राकेश कुमार ने सभी अतिक्रमारियों को हिदायत देते हुए कहा कि कृपया अतिक्रमण न करें अन्यथा दंड के भागीदारी होंगे। उन्होंने सभी दुकानदारों को हिदायत दिया कि अपने सामने अतिक्रमण न होने दे। इस मौके पर रामगढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी केशव कुमार एवं अंचलाधिकारी अर्चना कुमारी एवं काफी संख्या में पुलिस के जवान मौजूद रहे। अतिक्रमण मुक्त होने से नगर पंचायत वासियों मे खुशी का माहौल है।

# विद्युत कर्मी का विदाई समारोह आयोजित

**प्रात: किरण संवाददाता**

काराकाट (रोहतास) विद्युत आपूर्ति प्रशाखा गोड़ारी में विद्युत कर्मी सारणी पुरुष राजवंश राम का विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया।विदाई समारोह का नेतृत्व कनीय विद्युत अभियंता आशीष कुमार ने किया गया।

विदाई समारोह में नासरीगंज के कनीय विद्युत अभियंता पंकज शर्मा सहित काराकाट व नासरीगंज के विद्युत विभाग के कर्मी रहे। अधिकारियों व कर्मियों ने फूल मालाओं से राजवंश राम का स्वागत किया। वहीं अधिकारी से कर्मी तक शॉल व अंगवस्त्र से सम्मानित किये । विद्युत कनीय अभियंता काराकाट आशीष कुमार, नासरीगंज विद्युत कनीय अभियंता पंकज शर्मा ने इनके कार्य काल में किये गये कार्यो की सराहना किया। बिजली कर्मी विंध्याचल दास , राकेश रंजन, दुर्गेश कुमार, बैजू कुमार, धनंजय कुमार ने इनके कार्यकाल की विस्तार से चर्चा किया। विद्युत अभियंता ने विदाई समारोह को संबोधित करते हुये कहा राजवंश राम विभाग के कार्यो के प्रति काफी संवेदनशील रहे कार्यो के प्रति कभी लापरवाही नहीं बरती जो भी विभाग का कार्य रहा हमेशा तत्पर रहते थे। इनकी भरपाई नहीं कि जा सकती है। विदाई के अवसर पर विभाग के अधिकारी व कर्मियों ने विभिन्न प्रकार के उपहार से सम्मानित किया गया। समारोह के समापन के पूर्व सारणी पुरुष राजवंश राम ने संबोधित करते हुए इनकी आंखें नम हो गई वे सभी बिजली कर्मियों को विभाग के कार्य को दायित्व के साथ कार्य करने का आग्रह किये । वहीं अधिकारियों व कर्मियों ने उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना की ।मौके पर ज्ञानेश्वर चौधरी, अमरीश कुमार, ददन सिंह, अंजनी सिंह, पिंटु साह, पपुन सिंह नासरीगंज विद्युत विभाग के कर्मी वीरेंद्र कुमार, बटेश्वर कुमार, मोतीलाल प्रसाद, बिलिंग स्टाफ टुनटुन कुमार, अनुपम कुमार, धनन्जय कुमार, जीवन लाल, दिनिश गुप्ता थे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, शनिवार , 03 फरवरी, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### गरीब बेसहारा असहाय विधवा को कंबल का किया वितरण



वंशी ,अरवल।सोनभद्र वंशी सूर्यपर प्रखंड क्षेत्र के अनुआँ पंचायत भवन पर राधा स्वामी संगठन के द्वारा अनुआँ पंचायत के मुखिया मनोज कुमार के नेतृत्व में गरीब असहाय विधवा महिलाओं को कम्बल का वितरण किया गया. राष्ट्रीय सामाजिक उत्थान परिषद के बैनर तले कम्बल एवं गर्म चादर वितरण समारोह पूर्वक की गई, इस अवसर पर राष्ट्रीय सामाजिक उत्थान परिषद संस्था के राष्ट्रीय सचिव सह भाजपा जिला उपाध्यक्ष आचार्य सविता शर्मा ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कड़ाके की ठंड को लेकर परिषद की ओर से कम्बल एवं गर्म चादर वितरण कर एक मिशाल कायम किया है. इन्होंने परिषद के बारे में विस्तार से चर्चा की. इन्होंने गरीब लाचार परिवार के लोगो को कड़ाके की ठंड से बचने को नसीहत दी. इन्होंने गरीब परिवार के लोगों को महिला स्वयं सहायता समूह जुटने को अपील की. इस मौके पर बिटु यादव, गया प्रसाद, रमेश यादव, धनंजय चौधरी एवं ग्रामीण जनता उपस्थित रहें।

### श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



औरंगाबाद।पूर्व सांसद बीरेंद्र कुमार सिंह ने नबीनगर के ग्राम साया निवासी सुरेश सिंह एवं सुदर्शन सिंह के पिता स्व. रामाधार सिंह के श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित किया।साथ में जनता दल यूनाइटेड नबीनगर के प्रखंड अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक प्रतिनिधि रामेश्वर सिंह, जिला उपाध्यक्ष सूर्यवंश सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष अजय सिन्हा उमेश सिंह भंडारी, विजय सिंह, बिंदेश्वरी सिंह मुखिया, विजेंद्र सिंह प्रवक्ता, सोनू कुमार सोनी मीडिया प्रभारी, कैसर अली जिला सचिव, भाजपा नेता उदय प्रताप सिंह, वरीय नेता राम लखन सिंह, सत्येंद्र सिंह प्रदीप सिंह उपस्थित थे।

### देश को विकसित भारत का बजट : सांसद

गया।भारत सरकार के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बजट पेश किया गया इसपर बिहार के गया जी सांसद विजय मांझी ने का जो यह अंतरीम बजट हर लोगों का ध्यान दिया गया है।इस बजट में विकास की झलक देखने को मिलेगी,यह बजट युवाओं,किसानो, महिलाओं और गरिबो, किसानो का बजट पेश किया गया है।जो भारत को विश्व के मानचित्र पर आत्मनिर्भर भारत एवं विकसित देशो के श्रेणी में आगे बढ़ेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बजट में हर वर्ग का ख्याल रखा है।

### शहीद जगदेव प्रसाद किसान वर्गों के नेता थे : मनोरमा देवी

गया।महान समाजवादी नेता बाबू जगदेव प्रसाद की जयंती पर आयुक्त कार्यालय स्थित पूर्व एमएलसी सह जदयू नेत्री मनोरमा देवी ने जगदेव प्रसाद के प्रतिमा पर मलयार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की साथ हीं लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा शहीद जगदेव प्रसाद गरीब शोषित वंचित एवं किसान वर्गों के नेता थे इसी कारण से उन्हें लोग बिहार लेनिन के नाम से भी संबोधित करते हैं।

### शायन कुणाल पहुंचे नरमा, कपिलदेव बाबू को दिया श्रद्धांजलि



गया।पूर्व आईपीएस सह महावीर मंदिर पटना ट्रस्ट के सचिव कुणाल किशोर के पुत्र शायन कुणाल शुक्रवार की शाम प्रखंड क्षेत्र के नरमा गांव पहुंच कर दिवंगत कपिलदेव बाबू को श्रद्धांजलि दिया एवं उनकी आत्मा की शांति केलिए भगवान से प्रार्थना की है।इस मौके पर सायन कुणाल ने बताया की कपिलदेव बाबू गृहस्थ आश्रम में रहते हुए खुद को आजीवन संन्यासी के समांतर रखे।बताते चलें कि प्रखंड क्षेत्र के नरमा गांव निवासी कपिलदेव बाबू का निधन बीते 23 जनवरी को हो गया थाजिसके बाद से क्षेत्र में शोक व्याप्त है, एवं कई नेताओं और अधिकारियों ने नरमा पहुंच कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया है।इस मौके पर कपिलदेव बाबू पुत्र बालमुकुंद कुमार एवं श्री शंभु शरण सिंहा पौत्र मनीष कुमार, पौत्र सीआईएसएफ के इंस्पेक्टर रौशन कुमार, पौत्र एलजेपी के राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी कृष्णा प्रपन्ना, अप्पू शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# डीएम ने जनता दरबार में 33 परिवादियों का सुना फरियाद

प्रात : किरण संवाददाता



अरवल। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में लगभग 33 परिवादियों के फरियाद को सुना गया। परिवादियों द्वारा भूमि विवाद, बँटबारा, आवास योजना, राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन, निबंधन, जमाबंदी रसीद, लोहिया स्वच्छ, अतिक्रमण, दुर्घटना, वन विभाग, नाली गली, व्यापार मंडल, परवरिश योजना, विद्युत विभाग, शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों से संबंधित मामले थे। फरियादियों के आवेदन के शीघ्र निष्पादन हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिये गये। कुर्था थाना स्थित ग्राम सबलक सराय निवासी चन्दन कुमार द्वारा बताया गया कि मैं हाथ से विकलांग एवं भूमिहिन हूँ। मैंने राशन कार्ड के लिए आवेदन किया था, पर अबतक राशन कार्ड नहीं बना है। मुझे राशन कार्ड की सख्त जरूरत है। मेरा राशन कार्ड बनवाने की कृपा की जाय। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी कुर्था को नियमानुसार निष्पादन हेतु निर्देश दिया गया। मेहन्दिया थाना स्थित ग्राम कलंदरा निवासी रामइश्वर पंड़ित द्वारा बताया गया कि जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के आदेश के उपरांत भी अंचलाधिकारी कलेर के द्वारा आम रास्ता से अतिक्रमण नहीं हटाया गया है। अतिक्रमण हटवाने की कृपा की जाय। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अरवल एवं अंचलाधिकारी कलेर को नियमानुसार निष्पादन हेतु निदेश दिया गया। करपी थाना स्थित ग्राम नेवना सरमस्तपुर निवासी कमलेश कुमार द्वारा बताया गया कि मेरे घर से सटे लगभग 05 फीट आगे 11 हजार हाइटेंशन बिजली का तार गुजरा है जो काफी जर्जर है। लगभग दो से अधिक बार मेरे परिवार के सदस्य को झटका लग चुका है, जिससे काफी डर बना हुआ रहता है। हाइटेंशन तार हटवाने की कृपा की जाय। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग अरवल को जाँच कर एवं स्पष्ट प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु निदेश दिया गया।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्य समिति का दायित्व मिलने पर दिया बधाई : विकाश

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विकाश कुमार फिर बने प्रदेश कार्य समिति सदस्य। पटना में 26 से 28 जनवरी तक आयोजित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 65वें अधिवेशन में बिहार के कार्यकताओं को नई जवाबदेही दी गई है।

उत्तर दक्षिण बिहार संयुक्त प्रदेश अधिवेशन संपन्न हुआ जिसमें पूरे बिहार से विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने भाग लिया । प्रांतीय अधिवेशन के समापन के समय विभिन्न कार्यकताओं को नए दायित्व मिला । अधिवेशन में अरवल जिले के ग्राम वासिलपुर के छात्र नेता विकास कुमार को प्रदेश कार्य समिति का दायित्व मिला कार्यकारिणी सदस्य बनाए जाने की घोषणा पर प्रदेश कमेटी को भी बधाई दिया है विकास कुमार 2013 से ही छात्र राजनीति में काफी बढ़-चढ़कर एवं सक्रिय रूप में कार्य करते आ रहे हैं । स्कूल एवं कॉलेज कार्यकताओं से अपनी छात्र राजनीति की शुरूआत करते हुए शिवदेनी शाव महाविद्यालय छात्र संघ के विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पर निर्वाचित भी हुए हैं पूर्व में विकास कुमार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकारिणी सदस्य , नगर सह मंत्री ,नगर मंत्री जैसे दायित्वों का निर्वहन किया है इन्होंने सामाजिक कार्य के लिए ब्लड डोनेट एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए युवा तरुणाई को जगाने का भी कार्य किया है प्रशांत व्यक्त करने में अमर कीर्ति कुमार, मिथिलेश कुमार, सूरज कुमार, संजीव कुमार, पूजा कुमारी आरिफ हुसैन, के अलावे अन्य लोग शामिल हैं।

# डीएम ने कृषि यांत्रिकरण-सह-किसान मेला का दीप प्रज्वलित कर किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता



अरवल। कृषि भवन के प्रांगण में दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषि यांत्रिकरण-सह-किसान मेला का आयोजन किया गया, जिसका विधिवत शुभारम्भ जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के द्वारा रिबन काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। उनके द्वारा किसानों को अन्नदाता की संज्ञा दी गई। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा उपजाए हुए अनाज से ही हमलोगों की थाली में भोजन प्राप्त हो पाता है। उनके द्वारा मिट्टी जाँच एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड की अहमियत के बारे में विशेष बल दिया गया। यह भी बताया गया कि कृषि हीं जीवन का आधार है और यही विकास एवं पोषण का सही सुत्रधार है। उर्वरक की उपलब्धता प्रचुर मात्रा में करने हेतु जिला कृषि पदाधिकारी, अरवल को कहा गया। साथ हीं किसानों से अनुरोध किया गया कि गुणवत्तापूर्ण बीज, पारदर्शी तरीके से वितरण में कोई सुझाव हो तो अवश्य दें। क्षेत्रीय कर्मियों को निदेश दिया गया कि किसानों को हर सम्भव मदद करें। क्षेत्र भ्रमण के दौरान किसानों को पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता पर विशेष जानकारी देने की बातें कही गई। उन्होंने कृषि यांत्रिकरण मेला के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि यह एक प्रचार-प्रसार का अहम साधन है, इससे कृषि की नवीनत्तम वैज्ञानिक तकनीकों के साथ-साथ नये कृषि यंत्रों के बारे में किसानों को जानकारी प्राप्त होती है। साथ हीं किसानों से कृषि यंत्र, बीज, उर्वरक एवं अन्य उत्पाद क्रय में अधिक से अधिक डिजिटल लेन-देन का उपयोग करने हेतु सुझाव दिया गया। अंत में जिला पदाधिकारी द्वारा प्रतिबद्धता दोहाराई गई कि किसान अन्नदाता भगवान है. सरकार उनके समग्र विकास हेतु प्रतिबद्ध है एवं आवश्यक मदद कर रही है। इस दौरान जिला पदाधिकारी के द्वारा मेला में किसान-आशुतोष कुमार एवं अनेन्द्र कुमार को एक-एक कस्टम हायरिंग सेन्टर तथा किसान-संजय सिंह को ट्रैक्टर की डेमो चाभी देकर योजना से लाभान्धित किया गया। मेले में कस्टम हायरिंग सेन्टर के कृषि यंत्रों के साथ-साथ कल्टीमेटर, रोटाभेटर, पावर स्प्रेयर, एच०डी०पी०ई० पाईप, राईस मिल, आटा मिल, ब्रस कटर, धातु कोठिला, मिनीकीट यंत्र आदि के कुल-26.74 लाख रुपए के कृषि यंत्रों की बिक्री हुई।

## ओबीसी महासभा बिहार के प्रदेश अध्यक्ष ने जगदेव प्रसाद की जंयती मनाई

गया। बिहार लेनिन स्मृतिशेष अमर शहीद जगदेव प्रसाद के जयंती पर ओबीसी महासभा बिहार के प्रदेश अध्यक्ष एड० बीरेन्द्र कुमार उर्फ बीरेन्द्र गोप के नेतृत्व में गया प्रमण्डल कार्यालय के प्रांगण में अवस्थित जगदेव बाबू के प्रतीमा पर माल्यार्पण किया गया है।इस अवसर पर बीरेन्द्र गोप ने कहा कि जगदेव बाबू के नाम पर राजनीतिक रोटी सेंकने वाले कुछ दल और उसके नेता सत्ता के लालच में उन्हीं के हत्यारों के साथ गलबहियाँ कर रहे हैं जिससे मन बहुत व्यथित होता है। बीरेन्द्र गोप ने दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि बाबू जगदेव प्रसाद के बलिदान को उनके ही अनुयायी अपने स्वार्थ में जाया कर रहे हैं।

## बिहटा औरंगाबाद रेलवे लाइन का बनने का रास्ता साफ : मनोज यादव

प्रात : किरण संवाददाता



● बिहटा औरंगाबाद रेलवे लाइन में 2024 के बजट में सरकार ने 326 करोड़ राशि दिए

अरवल। बिहटा औरंगाबाद रेलवे लाइन में केंद्रीय बजट 2024 में मोदी सरकार ने 326 करोड़ राशि देने का कार्य किया जिससे बिहटा औरंगाबाद रेलवे लाइन का बनने का रास्ता साफ हो गया ज्ञातव्य है कि पिछले बजट 2023 में केंद्रीय सरकार ने 25 करोड़ राशि देकर बंद पड़ा परियोजना को चालू करने के लिए सर्व एवं डीपीआर के लिए नए तरीका से 3 करोड़ रूपया का 17 अप्रैल 2023 को टेंडर करने का काम किया था जो टेंडर जनवरी 2024 तक पूरा कर लिया गया रेलवे संघर्ष समिति के द्वारा 9 वर्षों से लगातार आंदोलन किया जा रहा है 1980 में पास परियोजना को 16 अक्टूबर 2007 को पालीगंज खेल मैदान में श्री लालू प्रसाद में रेल मंत्री रहते हुए शिलान्यास करने का काम किया था मात्र दो करोड़ रुपया देकर केवल सर्वे का जो परियोजना बंद हो गया था, लेकिन मोदी सरकार ने लगातार राशि देते हुए 413 करोड़ राशि इस परियोजना में अभी तक देने का कार्य किया, बिहटा औरंगाबाद रेलवे लाइन बनने से 90 लाख जनता को लाभान्वित होगा, जिसमें तीन जिला और चार संसदीय क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा पाटलिपुत्र के पालीगंज विक्रम महाबलीपुरम अरवल जिले के कलर मेहंदिया प्रसाद इंग्लिश औरंगाबाद जिले के दाउदनगर ओबरा जिनोरिया भरतोली बारुण को अधिक लाभ होगा

**12 रेलवे स्टेशन बनाए जाने हैं:** बंद पड़ा परियोजना को खुलवाने के लिए औरंगाबाद अरवल और पालीगंज के लोग रेलवे संघर्ष समिति बनाकर 2014 से संघर्ष कर रहे हैं मुख्य संयोजक मनोज सिंह यादव ने लगातार जनता के सहयोग से संघर्ष करते हुए हाजीपुर जीएम कार्यालय हो या दानापुर डीआरएम कार्यालय दिल्ली का जंतर मंतर हो सत्याग्रह एवं अनशन करने का कार्य किया तीन बार पदयात्रा दो बार रेल रोको आंदोलन भी किया गया।

## अंतरिम बजट आम जन विरोधी : कुमार वैभव शर्मा

अरवल। अखिल भारतीय छात्र संघ के जिला अध्यक्ष कुमार वैभव शर्मा अधिवक्ता व सचिव राकेश रही संयुक्त रूप से प्रेस बयान जारी कर कहा है की देश के अंतरिम बजट ने आम छात्र नौजवानो निराश किया। इस बजट मे रोजगार और शिक्षा को अनदेखा किया गया है तथा शिक्षा के व्यवसायिक करण करने का तेज प्रयास है। इससे गरीब बंचित छात्र को उच्च शिक्षा पाने मे पहले से भी ज्यादा मुश्किल होगी। इस बजट मे रोजगार के लिये कुछ व्यवस्थित प्रयास नही किया गया है। किसान के लिये भी इस बजट मे कुछ नही है। कृषि को लाभकारी बनाने तथा किसानो को लाभ पहुंचाने का कोई इरादा नही दिख रहा है। मंहगाई कम करनेपर इस बजट मे कोई पहल नही किया गया है। तमाम सैक्टर मे विनिवेश की बात कही गई है। जिससे निजीकरण और तेजी से होगा। माननीया मंत्री ने तीन सं यूनिट बिजली फ्री करने की जो बात कही वह एक छलावा है। इसमे सोलर पैनल लगाकर अतिरिक्त बिजली पैदा करने पर यह बिजली मुफ्त होगी। किसानो के उपकरण और अन्य कृषीय यंत्र पर कोई चर्चा नही है। किसानो को कृषि मूल्य और उत्पादन मे होने वाली खर्च पर कोई चर्चा नही है। यह बजट देश के और अंतरराष्ट्रीय बडे बडे कंपनियों के हित मे लाया गया है। यह आम जन को निराश करने वाला बजट है।

# इंटरमीडिएट परीक्षा के दूसरे दिन 5 मुन्ना भाई निष्कासित

## प्रथम पाली में 164 व द्वितीय पाली मे 88 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। इंटरमीडिएट वार्षिक (सैद्धांतिक) परीक्षा 2024 का सफल संचालन किया गया। प्रथम पाली में जी ए उच्च विद्यालय अरवल से कूल विद्यार्थियों की संख्या 424 के विरूद्ध 410 उपस्थित 14 अनुपस्थित रहे, असेम्बली ऑफ गॉड विद्यालय मे कुल विद्यार्थियों की संख्या 364 के विरूद्ध 358 उपस्थित 06 अनुपस्थित, बालिका उच्च विद्यालय अरवल से कुल विद्यार्थियों की संख्या 524 के विरूद्ध 517 उपस्थित 07 अनुपस्थित, एसएसएसजीएस कॉलेज अरवल से कुल विद्यार्थियों की संख्या 423 के विरूद्ध 423 उपस्थित, पायस मिशन विद्यालय से कुल विद्यार्थियों की संख्या 474 के विरुद्ध 467 उपस्थित 07 अनुपस्थित, फतेहपुर संडा कॉलेज अरवल से कुल विद्यार्थियों की संख्या 801 के विरूद्ध 796 उपस्थित 05 अनुपस्थित, उमैराबाद उच्च विद्यालय से कुल विद्यार्थियों की संख्या 642 के विरुद्ध 628 उपस्थित 14 अनुपस्थित, उच्च विद्यालय इटवीं से कुल विद्यार्थियों की संख्या 698 के विरूद्ध 683 उपस्थित 15 अनुपस्थित, उच्च विद्यालय दरियापुर से कुल विद्यार्थियों की संख्या 397 के विरुद्ध 390 उपस्थित 07 अनुपस्थित, उच्च विद्यालय करपी से कुल विद्यार्थियों की संख्या 665 के विरूद्ध 648 उपस्थित 17 अनुपस्थित, उच्च विद्यालय शहर तेलपा से कुल विद्यार्थियों की संख्या 551 के विरूद्ध 541 उपस्थित 10 अनुपस्थित, उच्च विद्यालय मिजापुर से कुल विद्यार्थियों की संख्या 431 के विरूद्ध 427 उपस्थित 04 अनुपस्थित, उच्च विद्यालय किंजर से कुल विद्यार्थियों की संख्या 881 के विरुद्ध 867 उपस्थित 14 अनुपस्थित, एसजेएस कॉलेज कुर्था से कुल विद्यार्थियों की संख्या 1020 के विरुद्ध 999 उपस्थित 21 अनुपस्थित, उच्च विद्यालय कुर्था से कुल विद्यार्थियों की संख्या 598 के विरूद्ध 589 उपस्थित 09 अनुपस्थित, आरसीएस कॉलेज कुर्था से कुल विद्यार्थियों की संख्या 622 के विरूद्ध 608 उपस्थित 14 अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में जी ए उच्च विद्यालय अरवल से कुल विद्यार्थियों की संख्या 125 के विरूद्ध 113 उपस्थित 12 अनुपस्थित, असेम्बली ऑफ गॉड विद्यालय अरवल से कुल विद्यार्थियों की संख्या 67 के विरूद्ध 66 उपस्थित 01 अनुपस्थित, बालिका उच्च विद्यालय अरवल से कुल विद्यार्थियों की संख्या 391 के विरूद्ध 382 उपस्थित 09 अनुपस्थित, एसएसएसजीएस कॉलेज अरवल से कुल विद्यार्थियों की संख्या 202 के विरूद्ध 196 उपस्थित 06 अनुपस्थित, पायस मिशन विद्यालय से कुल विद्यार्थियों की संख्या 59 के विरूद्ध 57 उपस्थित 02 अनुपस्थित, फतेहपुर सडा कॉलेज अरवल से कुल विद्यार्थियों की संख्या 492 के विरूद्ध 485 उपस्थित 07 अनुपस्थित, उमैराबाद उच्च विद्यालय से कुल विद्यार्थियों की संख्या 142 के विरुद्ध 137 उपस्थित 05 अनुपस्थित, उच्च विद्यालय इटवाँ से कुल विद्यार्थियों की संख्या 167 के विरूद्ध 165 उपस्थित 02 अनुपस्थित, उच्च विद्यालय दरियापुर से कुल विद्यार्थियों की संख्या 65 के विरूद्ध 64 उपस्थित 01 अनुपस्थित, उच्च विद्यालय करपी से कुल विद्यार्थियों की संख्या 184 के विरूद्ध 179 उपस्थित 05 अनुपस्थित, उच्च विद्यालय शहर तेलपा से कुल विद्यार्थियों की संख्या 128 के विरूद्ध 123 उपस्थित 05 अनुपस्थित, उच्च विद्यालय मिजार्पुर से कुल विद्यार्थियों की संख्या 115 के विरूद्ध 112 उपस्थित 03 अनुपस्थित, उच्च विद्यालय किंजर से कुल विद्यार्थियों की संख्या 142 के विरूद्ध 137 उपस्थित 05 अनुपस्थित, एसजेएस कॉलेज कुर्था से कुल विद्यार्थियों की संख्या 149 के विरूद्ध 139 उपस्थित 10 अनुपस्थित, उच्च विद्यालय कुर्था से कुल विद्यार्थियों की संख्या 240 के विरूद्ध 232 उपस्थित 08 अनुपस्थित, आरसीएस कॉलेज कुर्था से कुल विद्यार्थियों की संख्या 73 के विरूद्ध 66 उपस्थित 07 अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में कुल विद्यार्थियों की संख्या 9515 के विरूद्ध 9351 उपस्थित रहे एवं 164 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में कुल विद्यार्थियों की संख्या 2741 के विरूद्ध 2653 उपस्थित रहे एवं 88 अनुपस्थित रहे। इस दौरान परीक्षा केन्द्र पायस मिशन विद्यालय अरवल से प्रथम पाली में एक परीक्षार्थी एवं एसजेएस कॉलेज कुर्था से एक फर्जी परीक्षार्थी को निष्कासित किया गया। वहीं द्वितीय पाली में एसजेएस कॉलेज कुर्था में 03 फर्जी परीक्षार्थी को निष्कासित किया गया।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन द्वारा अमर शहीद जगदेव प्रसाद की मनाई गई जंयती

प्रात : किरण संवाददाता



गया । अमर शहीद जगदेव प्रसाद के जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के द्वारा आयुक्त कार्यालय जाकर इनके मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सह भाजपा नेता डा. मनीष पंकज मिश्रा, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राणा रंजीत सिंह, सुनील बम्बई, विकी वर्णवाल,महेश यादव,पिंटू सिंह, बबलू गुप्ता, ने माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया गया है। इस अवसर पर भाजपा नेता डा.मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि शहीद जगदेव बाबू हमेशा शोषितों, वंचितों के अधिकार के लिए लड़ते रहे और इसके कारण ही शहीद हुए ऐसे महान क्रांतिकारी के विचारों को जन जन तक पहुँचाने के लिए हम सभी तैयार है। और ऐसे महान जगदेव बाबू को भारत रत्न अवॉर्ड मिलना चाहिए। इस अवसर पर भाजपा नेता राणा रंजीत सिंह एवं सुनील बम्बई ने कहा कि वे बचपन से ही ज्योतिबा फुले, पेरियार साहेब भीमराव अंबेडकर जी के विचारों से प्रभावित थे और उनके द्वारा जातिवाद, नशामुक्ति, और भूदान आंदोलन में बढ़ चढ़ कर भाग लिया है।इस अवसर वक्ताओ ने जयंती समारोह आयोजित करने वाले वैंकटेश कुमार एवं अरविंद कुमार वर्मा यशराज ,नागमणी, कुड़ल वर्मा,को धन्यवाद दिया गया है।

## सभी वर्गो का बजट पेश किया गया : जिलाअध्यक्ष

गया।लोकसभा चुनाव के पूर्व भारत के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन के द्वारा लोकसभा में 2024 का वित्त बजट पेश करते हुए प्रत्येक व्यक्तियों को ख्याल रखते हुए ये बजट लाया गया है भारत के प्रमुख समस्या जल जीवन, मनरेगा, आयुष्मान भारत के महिलाओं युवाओं एवं छात्रों का विशेष ध्यान रखा गया है भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए विशेष रूप से बजट में प्रावधान किया गया है तीन नए रेल कॉरिडोर वंदे भारत जैसा रेल कोच 40000 बनाया जाएगा महिलाओं के लिए 3 करोड़ लखपति दीदी बनाई जाएगी 2 करोड़ आवास बनाया जाएगा एवं1लाख करोड़ लोगों को मुफ्त में लोन दिया जाएगा यह बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू ने कहा कि नरेंद्र भाई मोदी जी के द्वारा विकसित भारत बनाने का जो संकल्प लिया था।

## लधु उधोग के प्रदेश प्रभारी ने एनडीए सरकार को बधाई दी

प्रात : किरण संवाददाता



गया।बिहार में पुनः राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार बनने पर भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी ई.शम्भु केसरी के आवास पर भाजपा कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं और बधाई दिए इस मौके पर भाजपा नेता पूर्व अध्यक्ष बिजय गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष प्रभात गुप्ता, महामंत्री शिव बल्लभ मिश्रा , जिला मंत्री भुवन मोहनी, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि काली विश्वकर्मा,रवि कुमार, दीपक दीक्षित सहित कार्यकर्ता ने कहा कि बिहार में पुनः एक बार डबल इंजन की सरकार में विकास में तेजी आएगी एवं प्रदेश में अपराधी गतिविधियों में लगाम लगेगा! २०२४ के लोकसभा चुनाव में ४० में ४० सीटें जीतेंगे ! बिहार में पुनः सरकार बनने पर प्रधानमंत्री मंत्री नरेन्द्र मोदी जी, गृह मंत्री अमित शाह, प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी जी सहित सभी केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व को बधाई दिए!

## मुख्यमंत्री ने पंचायती राज और नगर निकाय मे पिछडों को शामिल किया

गया ।जदयू कार्यालय गया में बिहार लेलिन दवे पिछड़ों की आवाज शहिद जगदेव प्रसाद की जयंती मनाई गई है। इस अवसर पर जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल ने कहा की बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जगदेव प्रसाद के विचारधारा से काफी प्रभावित हैं, और उनके सपनों को साकार करने में लगे हुए हैं। जगदेव बाबू का सपना था की दवे पिछड़ों को मुख्य धारा में शामिल करके उनको अधिकार दिया जाय। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पंचायती राज और नगर निकाय एवं सरकारी नौकरी में आरक्षण देकर बिहार में दवे पिछड़ों को आगे बढ़ाने का काम किया है। इस अवसर पर प्रदेश सचिव कुंडल वर्मा, अरुण राव, कार्यालय प्रभारी आसिफ जफर, पुष्पेंदु पुष्प, अजीत शर्मा एवं पार्टी के कई साथी उपस्थित थे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कृषि टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। श्रीकान्त शास्त्री जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कृषि टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। सबसे पहले कृषि विभाग में चल रही योजनाओं की गहन समीक्षा किया गया। जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कृषि यांत्रिकरण योजना अन्तर्गत 793 किसानों को स्वीकृति पत्र निर्गत किया गया था जिसके आलोक में 395 किसानों के द्वारा क्रय किया गया है एवं शेष किसानों द्वारा भी क्रय किया जा रहा है। आगामी गरमा मूँग लगाने की तैयारी की जा रही है। जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रधानमंत्री किसान सामान निधि योजनान्तर्गत एन0पी0सी0आई, ई0के0वाई0सी0 एवं अन्य चलाई जा रही सभी योजनाओं का यथाशीघ्र कार्य कराना सुनिश्चित करें। यदि कोई कृषि समन्वयक एंव किसान सलाहाकर के द्वारा ससमय कार्य नहीं किया जा रहा है तो उसको तुरन्त कार्रवाई हेतु संचिका उपस्थापित करें। रबी मौसम में किसी भी प्रखंड में उर्वरकों की कमी नहीं होनी चाहिए तथा किसानों को उचित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध हो इसे जिला कृषि पदिधकारी सुनिश्चित करायेंगे। जिला पदाधिकारी द्वारा सहायक निदेषक, भूमि सरंक्षण से पृच्छा के क्रम में पक्का चेक डैम, अमृत सरोवर एवं अन्य योजनाओं का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निदेश दिया गया। पशुपालन पदाधिकारी, गव्य विकास पदाधिकारी, मत्सय पदाधिकारी, सहायक निदेशक (उद्यान) आदि सभी पदिधकारी को निदेश दिया गया कि अपने अपने विभाग से सम्बंधित कार्यो का प्रचार-प्रसार कर सही किसानों को लाभान्वित कराना सुनिश्चित करे। साथ ही कृषि टास्क फोर्स की बैठक में उपस्थिति सभी पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि वित्तीय वर्ष समाप्ति पर है इसलिए यथाशीघ्र लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि करना सुनिश्चित करें।

## अमर शहीद जगदेव प्रसाद के सपनों को साकार पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने की

प्रात : किरण संवाददाता



गया।अमर शहीद जगदेव प्रसाद की 102 सी जयंती राष्ट्रीय जनता दल के तथावधान में जिला अध्यक्ष मोहम्मद मुर्शीद आलम उर्फ निजाम भाई की अध्यक्षता में श्रद्धापूर्वक पूर्ण लोकसभा प्रत्याशी अशोक आजाद के आवासीय कार्यालय में मनाई गई, राष्ट्रीय जनता दल के सभी पदाधिकारी नेता एवं कार्यकर्ता ने मगध परमंडी ले आयुक्त कार्यालय परिसर स्थित अमर शहीद जगदेव प्रसाद के प्रतिमा पर जाकर पुष्पांजलि अर्पित की किया पुष्पांजलि के उपरांत नेताओं ने संबोधित करते हुए कहां की आज से 50 साल पूर्व ही सामाजिक बनावट को परिभाषित करते हुए जगदेव प्रसाद ने कहा था 100 में विश्वजीत शोषितों ने ललकारा है धन धरती और राज पाठ में 90 भाग हमारा है इस इस नारे को बुलंद भी किया था कि जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी पिछले 17 महीना में बिहार सरकार में शामिल होने के बाद राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बाबू जगदेव प्रसाद के उसे सपने को सरकार करने हेतु जातीय जनगणना करवाई जाति जनगणना के उपरांत सभी वर्गो के लिए उत्कृष्ट पढ़ाई बीमारी के लिए उसकी अस्पताल एवं दवाई बेरोजगारों की नौकरी की व्यवस्था करने पर उनके लिए कमाई खेतों के लिए सिंचाई पीड़ितों के लिए सनी दोषियों के ऊपर कारवाई करने के अपने वादों पर अमल कर रहे थे लेकिन केंद्र में बैठी हुई सरकार द्वारा तिडकम बढ़ाकर बिहार से राष्ट्रीय जनता दल को अलग कर दिया गया यह नहीं जगदेव बाबू के विचारों को लागू करने का ही परिणाम प्रतिफल रहा की पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को केंद्रीय एजेंटीयों के माध्यम से परेशान करने का काम किया जा रहा है लेकिन देश की जनता राज की जनता इन बातों को अब समझ गई है।

आने वाले चुनाव में जगदेव बाबू के मानने वाले लोग भारतीय जनता पार्टी को इसका जवाब देंगे उन्हें सतासे उखाड़ फेंकेंगे इस अवसर पर कानपुर विधायक सतीश कुमार दास प्रधान महासचिव सुभाष यादव प्रदेश महासचिव वीरेंद्र गोप अशोक आजाद औरंगाबाद लोकसभा के वरिष्ठ रजत नेता अजय डांगी जिला मीडिया प्रभारी मोहम्मद हामिद अंसारी घंटा पासवान विजय चंद्रवंशी विजय जनजाति प्रजापति रंजन यादव अखिलेश सिंह रवि रंजन प्रमोद यादव आदि काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जमाबंदी रद्दीकरण वादों में सुनवाई

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। अपर समाहर्ता औरंगाबाद द्वारा विभिन्न जमाबंदी रद्दीकरण वादों में सुनवाई उपरांत आदेश पारित करते हुए जमाबंदी रद्द कर दिया गया। जमाबंदी रद्द वाद संख्या 11/2023-24 अंचल अधिकारी, देव द्वारा संधारित करने के पश्चात जमाबंदी रद्द करने हेतु अनुशंसा के साथ अपर समाहर्ता कार्यालय में भेजा गया था। उक्त भूमि अंचल देव के अंतर्गत मौजा-दुलारे, थाना संख्या-952 के खाता संख्या-68, कुल रकबा 7.14 एकड़ की है जोकि सर्वे खतियान में गैरमजरूआ मालिक परती कदीम खाते की है। अंचल अधिकारी द्वारा उक्त भूमि की जांच राजस्व कर्मचारी से करवाया गया एवं राजस्व कर्मचारी के प्रतिवेदन के पश्चात जमाबंदी रद्दीकरण हेतु अनुशंसा सहित अपर समाहर्ता कार्यालय को प्राप्त हुआ था। बिहार भूमि दाखिल खारिज अधिनियम 2011 के खंड 9 के अंतर्गत अपर समाहर्ता को जमाबंदी रद्दीकरण की शक्ति प्राप्त है। इस संदर्भ में अपर समाहर्ता द्वारा विपक्षी को अपना पक्ष रखने का मौका दिया गया। परंतु विपक्षी अपना पक्ष रखने में असफल रहे। उक्त भूमि पर जमाबंदी विपक्षी सुरेश यादव के दादा के नाम से कायम है। जमाबंदी पंजी के अवलोकन करने पर पाया गया कि जमाबंदी पुराना डिमांड से आया है लेकिन इसकी डिमांड संख्या अंकित नहीं पाया गया। साथ ही यह जमाबंदी कि सक्षम प्राधिकार द्वारा काम किया गया है यह भी स्पष्ट नहीं पाया गया। अतः अंचल अधिकारी, देव के अनुशंसा के आलोक में अपर समाहर्ता द्वारा उक्त वाद में कुल 7.14 एकड़ सरकारी भूमि पर चल रही अवैध जमाबंदी को रद्द कर दिया। इसी प्रकार अलग-अलग अंचल अधिकारी से प्राप्त अनुशंसा सहित जमाबंदी रद्दीकरण वादों में अपर समाहर्ता, औरंगाबाद द्वारा सुनवाई की गई। इस क्रम में अंचल अधिकारी, ओबरा से प्राप्त वाद में मौजा भरूब में कुल 0.49 1/2 एकड़ भूमि, मौजा-ओबरा में कुल-60 डिसमिल भूमि एवं अंचल अधिकारी, नबीनगर से प्राप्त वाद मौजा- सलैया में कुल रकबा 0.15 एकड़ भूमि पर चल रही अवैध जमाबंदी को रद्द कर दिया। अपर समाहर्ता महोदय ने बताया कि सरकारी भूमि पर कब्जा करना गलत है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व उपमुख्यमंत्री से जेड प्लस सुरक्षा वापस लेना बदले की भावना: प्रो. विनय

सदर मुंगेर। बिहार सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की जेड प्लस सुरक्षा वापस लिए जाने पर राजद बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव प्रोफेसर विनय कुमार सुमन ने इसे बदले की भावना से की गई कार्रवाई बताया है। उन्होंने कहा कि बिहार के दोनों उपमुख्यमंत्री को जेड प्लस की सुरक्षा दी गई है उपमुख्यमंत्री का पद कैबिनेट मंत्री के ही पद के समान है वहीं नेता विरोधी दल को भी कैबिनेट मंत्री के समान सुविधा प्राप्त है। ऐसी स्थिति में तेजस्वी यादव का जेड प्लस सुरक्षा वापस लेना कहीं से भी न्यायोचित नहीं है। तेजस्वी यादव बिहार के सबसे बड़े दल के नेता हैं जिस कारण वे भाजपा एवं आरएसएस के उग्र विचारधारा वाले कार्यकताओं के निशाने पर हैं। सांसद राजीव प्रताप रूढ़ी को केंद्रीय मंत्री के रूप में दी गई जेड प्लस सुरक्षा मंत्री नहीं रहने के बावजूद भी बरकरार रखी गई है तो फिर तेजस्वी यादव की जेड प्लस सुरक्षा बरकरार रखने में क्या दिक्कत थी। यह इस बात को दर्शाती है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है।

### आधार सीडिंग नहीं करने वाले उपभोक्ता का राशन कार्ड से कटेगा नाम

जमालपुर (मुंगेर)। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में जमालपुर प्रखंड में राशन कार्ड में अंकित उपभोक्ता का आधार सीडिंग नहीं करने पर उसका नाम काट दिया जाएगा। इसको लेकर सदर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा दिशा निर्देश जारी किया गया है। इस आशय की जानकारी जमालपुर के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी नितेश कुमार ने बुधवार को दी उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की योजना के अंतर्गत अगले 05 वर्षों तक उपभोक्ताओं को निशुल्क खाद्यान्न की आपूर्ति की जानी है इसके लिए यह आवश्यक किया गया है कि किसी गृहणी के राशन कार्ड में जितने सदस्यों का नाम अंकित किया गया है उन तमाम सदस्यों का आधार कार्ड को राशन कार्ड से सीडिंग कराया जाना अनिवार्य कर दिया गया है उन्होंने कहा कि जमालपुर प्रखंड के अंतर्गत कुल जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं की संख्या 88 है जिनके द्वारा प्रखंड के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के लगभग 27हजार राशन कार्ड धारी को खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाता है परंतु आप यदि एक सप्ताह के अंदर राशन कार्ड के तमाम सदस्यों का आधार सीडिंग नहीं कराया जाता है तो ऐसे सदस्यों का नाम राशन कार्ड से विलोपित कर दिया जाएगा।

### मुख्यमंत्री आवास योजना एवं आंगनबाड़ी केंद्र की जांच करने का बीडीओ ने दिया निर्देश

बरियारपुर (मुंगेर)। प्रखंड विकास पदाधिकारी शशि भूषण कुमार द्वारा नीरपुर पंचायत में संचालित आवास एवं आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया गया। बीडीओ ने मुख्यमंत्री आवास योजना से बन रहे आवास का लाभुकों के घर पहुंचकर निरीक्षण करते हुए कहा कि जितने भी लाभुक हैं सभी निर्धारित समय पर आवास का निर्माण पूर्ण करा ले जिसकी प्रथम किस्त की राशि उक्त योजना के लाभुकों को उपलब्ध करा दी गई है कई लाभुकों को द्वितीय किस्त की राशी भी उपलब्ध करा दी गई है द्वितीय किस्त की राशि ले लेने वाले लाभुक अपने मकान का ढलाई कर तीसरी किस्त की भी राशि जल्द प्राप्त कर ले साथ ही साथ उन्होंने कुमारपुर नजीरा में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 10 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में 40 बच्चों में मात्र 18 बच्चे ही उपस्थित पाए गए। जिसमें 7 बच्चे ड्रेस में थे अन्य बिना ड्रेस के थे। केंद्र में लगे मीनू चार्ट के अनुसार बच्चों को दूध दिया जाना था, लेकिन बच्चों को दूध नहीं दिया गया था। दाल में कद्दू या साग दिया जाना था जो नहीं दिया गया।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की इकाई भंग, नई का किया गया गठन

प्रात: किरण संवाददाता



हवेली खड़गपुर (कोर्ट)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बैठक स्थानीय हरि सिंह कॉलेज में हुई। जिसमें पुरानी इकाई को भंग कर नई इकाई का गठन किया गया। बैठक प्रारंभ के पूर्व परिषद गीत नगर सह मंत्री नितेश मिश्रा के द्वारा गाया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला संयोजक अंकित जायसवाल ने कहा कि अभाविप अपने कार्य पद्धति के बदौलत ही आज विश्व की सबसे बड़ी छात्र संगठन बनीं है। परिषद कार्यकर्ता गुरु-शिष्य की परंपरा का ख्याल रखती है। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शुभम केसरी ने कहा कि अभाविप व्यक्ति निर्माण की पाठशाला है जिसमें व्यक्ति निर्माण के साथ ही छात्र युवा राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाते हैं प्रांत सोशल मीडिया सह संयोजक सत्यम कुमार निराला ने कहा कि परिषद कार्यकर्ता हर परिस्थिति में काम करना जानते हैं। गठित नई इकाई में कॉलेज अध्यक्ष पिंकेश कुमार, उपाध्यक्ष अर्पित कुमार,सैलाब झा, एवं प्राची बंधु. कॉलेज मंत्री विकास कुमार सिंह व कॉलेज सह मंत्री मोनी कुमारी एवं शिवम कुमार केसरी को बनाया गया. एसएफडी प्रमुख खुशी कुमारी सह एसएफडी प्रमुख पुष्पांजलि कुमारी एवं अंजली कुमारी. छात्रा प्रमुख मौसम कुमारी सह छात्रा प्रमुख काजल कुमारी, खेल प्रमुख देव कुमार. एनसीसी प्रमुख वर्षा कुमारी सह एनसीसी प्रमुख पीयूष रावत राष्ट्रीय कला मंच प्रमुख गौरव झा. एसएफएस प्रमुख प्रताभ भास्कर सह.एसएफएस प्रमुख आदर्श राज को बनाया गया वहीं महाविद्यालय कार्यकारिणी मे साक्षी,मनीषा,जूली अंश, स्वाती, बाबुल, अनुराग, सचिन निशा,रजनी, कशिश,अर्पण शामिल हैं। बैठक का संचालन नगर सह मंत्री राजीव नयन एवं सोनू झा के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान सभी नवदायित्वान कार्यकताओं को माला पहनाकर बधाई दिया गया।धन्यवाद ज्ञापन नगर सह मंत्री राजीव आनंद के द्वारा किया गया। मौके पर नगर खेल प्रमुख सौरभ झा नगर कार्यकारिणी शुभम कुमार सहित अन्य छात्र छात्रा एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मुंगेर सदर प्रखंड के वाल्मीकि मैदान, शीतलपुर में शुरू हुआ क्रिकेट टूनार्मेंट

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। गुरुवार से सदर मुंगेर प्रखंड अंतर्गत वाल्मीकि मैदान, शीतलपुर में जावा येज्दी ऑटोमोबाइल क्रिकेट टूनार्मेंट शुरू हुआ। यह टूनार्मेंट वार्ड स्तर पर खेला जा रहा है और टूनार्मेंट में कटरिया पंचायत के 10 वार्डों की टीमें भाग ले रही हैं। इसमें वार्ड नंबर- 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 14, 15 एवं 16 की टीम शामिल है। इस टूनार्मेंट का प्रायोजक प्रशांत ऑटोमोबाइल, मुंगेर है। टूनार्मेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व सदर मुंगेर प्रखंड प्रमुख सह प्रखंड प्रमुख संघ संरक्षक विभांशु निराला एवं जमालपुर प्रखंड के बांक पंचायत के मुखिया सह प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि जयराज गौतम ने फीता काटकर किया। उसके बाद दोनों अतिथियों ने मैदान पर जाकर दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और एक बॉल खेलकर मैच की शुरूआत की। उद्घाटन के दिन दो मैच खेले गए। पहला मैच वार्ड नंबर- 7, बाकरपुर एवं वार्ड नंबर- 15, हसनपुर की टीम के बीच खेला गया। जबकि, दूसरा मैच वार्ड नंबर- 11, हसनपुर एवं वार्ड नंबर- 12, कल्याणचक की टीम के बीच खेला गया। पहला मैच वार्ड नंबर- 15, हसनपुर की टीम ने जीता। इस मैच के मैन ऑफ द मैच बॉलर आकाश कुमार बने। वहीं, दूसरा मैच वार्ड नंबर- 11, हसनपुर की टीम ने जीता। इस मैच के मैन ऑफ द मैच ऑल राउंडर अरुण कुमार को घोषित किया गया। पहले मैच के अंपायर डॉ सुभाष तांती एवं प्रदीप राम थे। जबकि, दूसरे मैच के अंपायर बिट्टू कुमार एवं मुन्ना कुमार थे इस संबंध में जानकारी देते हुए वार्ड नंबर- 15 के वार्ड सदस्य दीपक कुमार निषाद ने बताया कि, दोनों मैच के दौरान मैदान पर दोनों टीमों के समर्थकों के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण भी भारी संख्या में मौजूद रहे। इसके साथ ही मौके पर प्रशांत ऑटोमोबाइल के प्रोपराइटर भी मौजूद थे। आज वार्ड नंबर- 9 एवं 14 के बीच मैच खेला जाएगा।

# सेवानिवृत्त होने के बाद विदाई सह सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



सदर मुंगेर। दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक मुख्य शाखा मुंगेर में बुधवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त सहायक प्रबंधक अजय कुमार गोंड के सम्मान में कर्मियों की ओर से उपहार भेंट कर विदाई दी गई । मौके पर सेवानिवृत्त सहायक प्रबंधक अजय कुमार गोंड ने अपने संबोधन में कहा कि इस शाखा में अपने कार्य काल के दौरान उन्हें सहयोगी कर्मचारियों समेत वरीय पदाधिकारियों का सराहनीय योगदान रहा।उन्होंने अपनी सराहनीय एवं सेवा बैंकिंग को दी। उन्होंने कहा कि गरीबों एवं अनपढ़ की सेवा को प्रथम प्राथमिकता दी ।जिसके कारण ग्राहकों के चहेते रहे । ग्राहकों की हित के लिए पूरी ईमानदारी से काम किया समारोह के दौरान बैंक के वर्तमान और निवर्तमान बैंक कर्मी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे ।सभी ने उनके कार्यकाल की भूरि भूरि प्रशंसा की । इस मौके पर शाखा की मुख्य प्रबंधक दिवाकर कुमार ,ग्रामीण बैंक के जिला समन्वयक सिम्युअल बेसरा सहायक प्रबंधक अनजान विश्वास, अमित कुमार, रितिका रानी, सहायक कर्मी बी नागराजू के साथ-साथ जिला सर्टिफिकेट ऑफिसर सुनील कुमार सिंह वित्तीय समावेशन अधिकारी नरेंद्र कुमार उपस्थित रहे।

# मुंगेर पॉलिटेक्निक कॉलेज में व्यापक गड़बड़ी मौजूद : कांग्रेस अध्यक्ष

प्रात: किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर) । बिहार में शराबबंदी कानून लागू है लेकिन मुंगेर के पॉलिटेक्निक कॉलेज में कॉलेज कर्मचारियों द्वारा कॉलेज के अंदर नशे का इस्तेमाल शाम के समय में किया जा रहा है जिससे छात्रावास में रह रहे छात्रों पर इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है और कॉलेज की प्राचार्य से लेकर विभाग के के सचिव ने इस घटना को लेकर आज तक कोई कार्रवाई नहीं कर पाए हैं। उपर्युक्त बातें हवेली खड़गपुर के प्रखंड कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप मंडल ने एक प्रेस बयान जारी कर राज्य के पॉलिटेक्निक विभाग पर आरोप लगाया है कि प्रचार और राज्य के पॉलिटेक्निक विभाग के सचिव शराब पीने वाले कर्मचारियों पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं। श्री मंडल का आरोप है कि राज्य के मुख्यमंत्री शराब मुक्त बिहार बनाना और महिलाओं के द्वारा शराब मुक्त बिहार बनाने में आम भूमिका निभा रही हैं वहीं आश्चर्य की बात है कि कॉलेज की प्राचार्य महिला होने के बावजूद भी कॉलेज में स्थाई कर्मचारियों द्वारा शराब का सेवन की जानकारी होने पर भी ना तो उक्त कर्मचारी पर आज तक स्थानांतरण की कार्रवाई ही किया गया है और ना ही शराब कानून के तहत कार्रवाई की गई है इस संबंध में श्री मंडल ने सरकार से मांग की है कि सरकार को अगर अपना दामन बचाना है तो सर्वदलीय समिति बहाल कर इसकी जांच कराई जाए।

### अविश्वास प्रस्ताव की मांग को ले बीडियो को सौपा ज्ञापन

जगदीशपुर (भागलपुर)। इन दिनों राज्य भर में चल रहे राजनीति क्षेत्र में उथल पुथल माहौल का असर स्थानीय जिला स्तर पर भी सीधा असर पड़ता दिख रहा है। जिला क्षेत्र इलाके में जगह जगह स्थानीय जनप्रतिनिधियों के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव की गतिविधियों को लेकर कई मामले सामने आते दिख रहा है। इसी कड़ी में एक और मामला जगदीशपुर प्रखंड के चांदपुर पंचायत के उप मुखिया राजकुमार साह खिलाफ पंचायत के 12 वार्ड सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव लगाने हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन दे दिया गया है। वही क्षेत्र के संबंधित वार्ड सदस्यों का कहना है कि वर्तमान उप मुखिया पंचायत के विकास कार्य में बाधा डालते रहते चल रहे हैं, उनके द्वारा हमेशा विकास कार्य में संचालित हर काम में पिटीशन बाजी करते रहे हैं।

# कड़ी सुरक्षा एवं कदाचार मुक्त माहौल में इंटर की परीक्षा प्रारंभ

प्रात: किरण ब्यूरो



मुंगेर। जिले में इंटर की परीक्षा कड़ी सुरक्षा एवं कदाचार मुक्त माहौल में आज से प्रारंभ हुई। सदर अनुमंडल मुंगेर अंतर्गत सभी 15 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थी स-समय परीक्षा में शामिल हुए। इस बीच जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद द्वारा संयुक्त रूप से विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर जाकर संचालित परीक्षा एवं वहां की स्थिति का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी द्वारा मुंगेर के आदर्श परीक्षा केंद्र बैजनाथ बालिका उच्च विद्यालय, उपेंद्र ट्रेनिंग एकेडमी, डीएवी पब्लिक स्कूल जमालपुर, एनसी घोष बालिका उच्च विद्यालय सहित अन्य विद्यालयों में संचालित परीक्षा का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके द्वारा छात्र छात्राओं को कदाचारमुक्त परीक्षा देने की हिदायत दी गई। साथ ही उन्होंने कहा कि आप अपनी प्रतिभा की पहचान बनाएं और मेहनत के दम पर परीक्षा अच्छे अंक से उत्तीर्ण करें। उन्होंने सभी केंद्राधीक्षकों और विक्षकों को भी सख्ती पूर्वक निगरानी का निर्देश दिया।

### 55 स्वयंसेवक संघ आस्था स्पेशल ट्रेन से हुआ रवाना

नवगछिया (भागलपुर)। श्री राम की पावन नगरी अयोध्या के दर्शनार्थ आस्था स्पेशल ट्रेन से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख स्वयंसेवक गुरुवार को अयोध्या धाम यात्रा के लिए रवाना हुए। नवगछिया के जिला संघचालक विनोद केजरीवाल ने बताया कि यह ट्रेन कटिहार से अयोध्या धाम के लिए चालू की गई है, जिसमें विभिन्न स्टेशनों से संघ के सम्मानित स्वयंसेवक इस ट्रेन से अयोध्या जायेंगे। जिसमें कटिहार से 216, नवगछिया से 55, खगड़िया से 173, बेगुसराय से 65, बरौनी से 02, समस्तीपुर से 176, मुजफ्फरपुर से 452, हाजीपुर से 59, छपरा से 54, सिवान से 92 , 20 कोच वाली इस ट्रेन में कुल 1344 स्वयंसेवक यात्रा करेंगे। बताते चलें कि नवगछिया से 20 स्वयंसेवक यात्रा कर रहे हैं।

# अपनी ऊर्जा को संरक्षित एवं संवर्धन करने की सार्थक है सूक्ष्म विधियां: प्रशिक्षक

प्रात: किरण संवाददाता

**समारोह**

- युवा सशक्तीकरण कार्यक्रम का विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ

नवगछिया (भागलपुर)। अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग, नवगछिया के प्रांगण में आर्ट ऑफ लिविंग के द्वारा युवा सशक्तीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के नामांकित प्रशिक्षुओं के अतिरिक्त भागलपुर, पूर्णिया, बी एन मंडल विश्वविद्यालय के तकरीबन 350 छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत अर्जुन कॉलेज की अध्यक्षा नीलम देवी, नवगछिया मुख्यालय डीएसपी सुनील कुमार पांडे, आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षक साकेत कुमार एवं भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण समिति के निदेशक राजीव रंजन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से उद्घाटन किया।

इस मौके पर पुलिस उपाध्यक्ष सुनील कुमार पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि युवा अपनी संकल्प शक्ति से असीम ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाकर अपने लक्ष्य को सुगमता से हासिल कर सकते हैं। वही प्रशिक्षक साकेत कुमार ने अपनी ऊर्जा को संरक्षित एवं संवर्धन करने की सूक्ष्म विधियां प्रतिभागियों को बताया है। इस दौरान सभी प्रतिभागियों को मानव शरीर के सभी अंगों का सूक्ष्म व्यायाम कराया एवं उनके सदैव स्वस्थ रखने के तरीके बताए गये थे। इसी क्रम में प्रशिक्षक ने जानकारी देते हुए कहा कि उज्जयई श्वास लेने की विधि एवं उनके कई तरह के फायदे है। वही भस्त्रीका प्राणायाम सीखा एवं उनके फायदे को प्रतिभागियों से अवगत करते हुए कहा कि भस्त्रीका प्राणायाम से फेफड़ों में शुद्ध हवा का प्रवाह होता है, एवं चंचल मन पर नियंत्रण रखा जा सकता है। वही योग निद्रा प्राणायाम करने की विधि बताते हुए कहा कि इस क्रिया विधि से मन को असीम शांति मिलती है।

इस क्रिया विधि के नियमित तौर पर प्रयोग करते रहने चाहिए क्योंकि आज के तनावपूर्ण जीवन को बेहतर तरीके से सुदृढ़ता के साथ आनंदित जीवन ऊर्जा के साथ आगे बढ़ते रहे, ये क्रिया प्राणायाम बहुत ही प्रभावी है। इस मौके पर अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग के युवा शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया था। वही कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के संजय कुमार, रौशन कुमार, मुकेश कुमार, अनंत सिंह, शुभाशीष ठाकुर, ई. अमित शर्मा, लड्डू सिंह, अखिलेश कुमार, प्रो. सरिता कुमारी, प्रो. ज्ञानेश त्रिपाठी, प्रो. सृष्टि, प्रो. राजेश यादव, प्रो. विक्रम सिंह, प्रो. लुसीता झा की भूमिका सराहनी रही थी।

# दो शातिर चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

भागलपुर। कहलगॉव अनुमण्डल परिक्षेत्र अन्तर्गत कहलगॉव थाना क्षेत्र में विगत रात्रि तकरीबन 01:00 बजे स्थानीय मोबाईल दुकान में सेंधमारी कर मोबाईल चोरी की घटना कारित किए जाने की सुचना प्राप्त हुई। उक्त सुचना के प्राप्त होते ही पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए रात्रि गश्ती टीम पुलिस द्वारा भाग रहे सेंधमारो का पिछा कर दो सेंधमार शातिर चोर को धरदबोचा गया है। वही पुलिस टीम द्वारा गिरफ्त में आए दोनो चोरों की तलाशी जांच के क्रम में पास से चोरी की गई कुल 36 मोबाईल अन्य उपकरण एवं एक पिट्ठु बैग के अन्दर सेंधमारी का एक लोहे का उपकरण बरामद किया गया है। वही पुलिस टीम ने दोनो गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से एक चोरी की गई मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। इस दौरान गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान विमल कुमार यादव पिता हीरालाल यादव साकिन विशनपुर जिच्छो थाना लोदीपुर जिला भागलपुर व दूसरे अभियुक्त ने जितु कुमार पिता चेथरू यादव साकिन विशनपुर जिच्छो थाना लोदीपुर जिला भागलपुर बताया है। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों के पास से एक मोटरसाइकिल चोरी किया हुआ, मोबाईल 36, स्पीकर एवं अन्य उपकरण कुल 13, डमी मोबाईल कुल 7, नगद - 3 हजार रुपये के अलावा एक पिट्ठु बैग के अन्दर सेंधमारी का एक लोहे का उपकरण बरामदगी की गई है। उक्त आशय की जानकारी एसएसपी आनन्द कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है।

# उर्स ए पाक की जोर शोर से की जा रही तैयारी

प्रात: किरण संवाददाता



नवगछिया (भागलपुर)। बिहपुर स्थित खानका ए आलिया फरिदिया मोहब्बतिया बिहपुर शरीफ में धर्म गुरू (सुफी संत) हजरत बाबू हुजूर नेहाल अहमद खाँ फरीदी रहमतुल्लाह अलैहे का सालाना दो दिवसीय उर्स ए पाक व जश्न ए मेराज मुस्तफा आगामी सात फरवरी को मनाया जायेगा। जिसकी तैयारी को लेकर खानका में जोर शोर कार्य चल रहा है।

उक्त आशय की जानकारी साझा करते हुए खानका के सज्जादानशी हजरत अली कौनैन खाँ फरीदी एवं नायव सज्जादानशीं हजरत मौलाना शब्बर खाँ फरीदी ने कहा कि हजरत सैयदना बाबू हुजूर नेहाल अहमद खाँ फरीदी रहमतुल्लाह अलैहे 12 वर्ष की उम्र में ही सज्जादानशीं बन गये थे। उन्होंने बताया कि आगामी सात फरवरी को सुबह के समय में सर्वप्रथम कुरान खानी, इशा की नमाज के बाद खानकाही कब्बाली के बाद बाबू हुजूर के मजार शरीफ पर चादर पोशी की कार्यक्रम के साथ शुरूआत की जाएगी, इस दौरान गुल पोशी, फुल पोशी व नियाज फातिहा का भी आयोजन किया जायेगा। फिर उसके बाद देर शाम शानदार जलसा का आयोजन किया जायेगा। आयोजित जलसे में कई राज्य के औलमाए कराम व शायरे इस्लाम तशरीफ ला रहे है।

वही आगामी 8 फरवरी को सुबह मे कुल शरीफ, महफिलें शमा व खानकाही कब्बाली का भव्य आयोजन होगा। उर्स ए पाक के मौके पर कई जगहो से मुरीदीन (शिष्य) जायरीन शिरकत करेंगे।

# दिनदहाड़े बदमाशों ने महिला से उड़ाये ढ़ाई लाख रुपए के जेवरात

प्रात: किरण संवाददाता

**आरोप**

- घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच जांच में जुटी पुलिस
- वरीय अधिकारियों की टीम घटना स्थल पर पहुंच की मामले की जांच

भागलपुर। जिले भर में जहाँ एक तरफ पुलिस मुख्यालय स्तर पर प्रशासन स्तर पर वृहद पैमाने पर तबादला हो रहा है तो वहीं दूसरी तरफ अपराधी सक्रिय भूमिका में अपनी आपराधिक मामलों को खुलेआम अंजाम देने की होड़ मचा दी है। इसी कड़ी में एक और अपराधियों का कारनामा सामने आया है जहाँ बेलगाम अपराधी द्वारा दिन दहाड़े लूटपाट की घटनाएं को सरेआम अंजाम दिया है। घटना को लेकर मिली जानकारी के मुताबिक बेलगाम अपराधियों ने दिनदहाड़े राहगीर एक महिला के साथ लूटपाट की घटना को अंजाम दिया है। यह घटना तकरीबन 11:30 बजे की बताई जा रही हैं, इस दौरान अपराधियों ने योजनाबद्ध तरीके से पहले महिला को बीच रास्ते में रोक कविता नाम के डॉक्टर का पता परिचय पूछाताछ की और बहला फुसला कर उस महिला से तकरीबन ढाई लाख रुपए के गहने लूट लिया, वही घटना को लेकर तातारपुर थाना क्षेत्र स्थित ओम टावर में रहने वाली नूतन गुप्ता नामक महिला के साथ तातारपुर के रामसर चौक इलाके में बीच मुख्य सड़क मार्ग पर घटना को अंजाम देने की बात कही जा रही हैं। वही घटना को लेकर पीड़ित नूतन गुप्ता ने बताया कि मैं किसी काम से अपने अपार्टमेंट से निकल कर कोतवाली की ओर अपने किराना दुकान जा रही थी, इसी दौरान एक युवक मेरे पास आया और डॉक्टर कविता का नाम बता उनका पता पूछने लगा मैंने उस युवक से कहा कि मुझे इस कविता नाम के संबंधित किसी भी डॉक्टर का कोई पता नहीं मालूम है, तब तक जबरन मेरे से अंगूठी चेन और कान की बाली खुलवा लिया और उसने मेरे बैग में रखते हुए मुझे पीछे घूमने को कहा और मेरे बैग को लेकर चंपत हो गया है।

जिसकी जानकारी मैंने स्थानीय ततारपुर थाना पुलिस को दे दी है। वहीं महिला ने बताया कि चैन अंगूठी और कान की बाली का तकरीबन ढाई लाख रुपए से अधिक कीमत मूल्य की जेवरात है। अब देखने वाली बात है कि पुलिस इस घटना को लेकर क्या रुख अपनाती है। ज्ञात हो कि उक्त इलाके में पूर्व में भी कई तरह के बड़े अपराधी घटना घटित हो चुकी हैं। वही दूसरी तरफ इस घटना को लेकर पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बनती दिख रही हैं।

# नवगठित नगर पंचायत संग्रामपुर में विकास कार्य बाधित, पंचायत प्रतिनिधियों ने की बैठक

प्रात: किरण संवाददाता



संग्रामपुर (मुंगेर)। प्रखंड मुख्यालय स्थित नवगठित संग्रामपुर नगर पंचायत के कार्यालय में नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा बैठक आयोजित कर नगर पंचायत के विकास कार्य ठप रहने को लेकर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे वार्ड संख्या 10 के वार्ड पार्षद सह पार्षद संघ के अध्यक्ष सरोजनी देवी ने कहा कि नवगठित नगर पंचायत में किसी भी प्रकार के विकास कार्य नहीं होने को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों में नाराजगी है। जिसको लेकर सर्व सम्मति से नगर विकास विभाग के सचिव को हस्ताक्षर युक्त आवेदन दिया गया है। जिसमें नव सृजित नगर पंचायत का कार्य पूर्ण रूप से बाधित रहने की बात कही गई है। उन्होंने कहा की नवगठित संग्रामपुर नगर पंचायत का गठन को करीब 1 वर्ष होने को है लेकिन अभी तक किसी भी प्रकार के विकास कार्य नहीं होने से पंचायत प्रतिनिधियों के साथ-साथ आम नागरिकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। नगर पंचायत में ऐसे कई कार्य हैं जो जन उपयोगी है। कहीं नाली का निर्माण करना है, कहीं गली का पक्का निर्माण करना है, कही पेयजल की समस्या है। कई ऐसे जनकल्याणकारी योजना है जिसे जल्द से जल्द करने की आवश्यकता है। विकास के कार्य नहीं होने से आम लोगों का का गुस्सा हम जनप्रतिनिधियों को झेलनी पड़ रही है। नगर पंचायत में विकास कार्य किस कारण से बाधित है इसे स्पष्ट करने की जरूरत है। विकास कार्य बाधित रहने का कारण आज तक कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा नहीं बताया गया है। इन सभी बातों की ओर विभाग को ध्यान केंद्रित करने के लिए आवेदन भेजा गया है। इतना ही नहीं नगर पंचायत में नियुक्त कार्यपालक पदाधिकारी संग्रामपुर के लिए ईद का चांद साबित हो गया है। जो संग्रामपुर के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं। और कभी भी संग्रामपुर नहीं आते हैं और ना ही सामान्य बोर्ड की बैठक उनके द्वारा की जाती है। बैठक में मुख्य पार्षद प्रतिनिधि नंदकिशोर यादव, उपमुख पार्षद मनोज शाह, वार्ड पार्षद सरोजनी देवी, मुकेश कुमार, वंदना कुमारी, कुमारी दीपिका, राधा देवी सहित पार्षद प्रतिनिधि मौजूद थे।

### बारियारपुर पहुंचे पदाधिकारी ने किया फसल का सर्वे

बरियारपुर (मुंगेर )। पायलट प्रोजेक्ट के तहत संयुक्त निदेशक सह मुंगेर प्रमंडल मुंगेर टीम की ओर से रतनपुर में जिला कृषि पदाधिकारी ब्रजकिशोर एवं जेडीए के द्वारा क्रॉप सर्वे किया गया। एएसओ हिमांशु शेखर कुमार, सहायक निदेशक गुड्डू कुमार, समन्वयक भाविनी भूषण प्रसाद सिंह, ज्योति कुमारी आदि टीम में शामिल थे। इस क्रम में टीम को उपलब्ध कराए गए राजस्व ग्राम प्लॉट नंबर के आधार पर किसानों के भूमि पर पहुंचकर टीम ने फसल की जानकारी ली। उक्त योजना के तहत किस प्लाट में किस फसल की खेती हो रही है । इसकी जानकारी लेकर फसल के सही आकलन हेतु क्रॉप सर्वे किया गया। अधिकारियों ने बताया कि फसल के सही आकलन हेतु पायलट प्रोजेक्ट के तहत क्रॉप सर्वे किया जा रहा है। इससे फसल उत्पादन की सही जानकारी विभाग को प्राप्त हो सकेगी मौके पर एएसओ हिमांशु शेखर कुमार, सहायक निदेशक गुड्डू कुमार, समन्वयक भाविनी भूषण प्रसाद सिंह, ज्योति कुमारी कृषि सलाहकार राजीव कुमार, रंजन कुमार आदि मौजूद थे।

# बेलहर बीसीसी ने धनकुण्डा वाई सीसी 11 को 52 रनों से पराजित किया

प्रात: किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। बेलहर बीसीसी ने धनकुण्डा वाई सीसी 11 को 52 रनों से पराजित कर कप पर कब्जा किया।प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत दिदारगंज पंचायत के कनाडा मैदान में क्रिकेट टुनामेंट का फाइनल मुकाबला बीबीसी बेलहर एवं वाईसीसी11धनकुण्डा के बीच खेला गया।जिसमें बीसीसी बेलहर के कप्तान रवि राणा ने टांस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लेते हुए निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 204 रन का लक्ष्य वाई सीसी धनकुण्डा को दिया।जबाव में उतरे धनकुण्डा के टीम ने 18.3 बांल पर 152 रन बनाकर औल आउट हो गया। बेलहर की और से प्रियरंजन जहां 22 गेंद पर 4 चौका एवं 5 चौके की मदद से 46 रन बनाया जबकि 4 ओवर में 20 रन देकर 3 विकेट लिए और उसे मैन ऑफ द मैच दिया गया गया।वही बेलहर के विश्वजीत कुमार को मैन ऑफ द सीरीज दिया गया।दीपू डेन्जर ने 35 रन बनाया और 3 विकेट लिए,रवि राणा ने 21 रन बनाया और 1 विकेट अपने नाम किया।वही धनकुण्डा के कप्तान विराट सिंह राजपूत की टीम की शुरूआत अच्छी नही रहने से 18.3 बांल पर 152 रन बनाकर आउट हो गया।विजेता टीम को पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सोनू कुमार ने 15 हजार नगद राशि एवं कप का वितरण किया।जबकि उप विजेता टीम को 10 हजार नगद की राशि भी मुखिया प्रतिनिधि द्वारा दिया गया।इस खेल का आंखो देखा हाल गौरव गोयल कर रहे थे।तो एम्पायर की भुमिका रवि कुमार एवं रजनीश कुमार कर रहे थे।जबकि स्कोरल की भुमिका कुन्दन कुमार निभा रहे थे।

### इंटर परीक्षा केंद्रों का जिला पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

मुंगेर। जिले में कड़ी सुरक्षा के बीच चल रही इंटर परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इस कड़ी में शुक्रवार को जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद द्वारा संयुक्त रूप से विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर जाकर संचालित परीक्षा एवं वहां की स्थिति का निरीक्षण किया। पदाधिकारी द्वय द्वारा शुक्रवार को विश्वनाथ सिंह विधि संस्थान, बीआरएम कॉलेज सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। पदाधिकारी द्वय द्वारा परीक्षा केंद्र पर उपस्थित छात्र छात्राओं का भौतिक निरीक्षण भी कराया गया। जिला पदाधिकारी ने सभी परीक्षार्थियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि परीक्षा में किसी भी प्रकार का कदाचार बर्दास्त नहीं किया जायेगा। कदाचार में लिप्त पाए जाने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि सदर अनुमंडल मुंगेर अंतर्गत सभी 15 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न कराई जा रही है।

# दूसरे टेस्ट का पहला दिन यशस्वी के नाम

## जायसवाल 179 पर नाबाद लौटे, बशीर-रेहान को 2-2 विकेट,भारत का स्कोर 336/6

**विशाखापट्?टनम(एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मुकाबले का पहला दिन भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल के नाम रहा है। उन्होंने टेस्ट करियर का दूसरा शतक जमाया। जायसवाल की पारी के दम पर भारतीय टीम ने शुक्रवार को पहली पारी में 6 विकेट पर 336 रन बना लिए हैं। जायसवाल 179 रन पर नाबाद हैं, जबकि रविचंद्रन अश्विन 5 रन पर नॉटआउट हैं।

विशाखापट्?टनम के वाईएस राजशेखर रेड्डी क्रिकेट स्टेडियम में शुक्रवार को भारतीय टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया, लेकिन ओपनिंग करने उतरे भारतीय कप्तान इस फैसले को सही साबित नहीं कर सके। वे 40 रन के टीम स्कोर पर 14 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें डेब्यू कर रहे बॉलर शोएब बशीर ने ओली पोप के हाथों कैच कराया। केएस भरत (17 रन), अक्षर पटेल (27 रन), ?डेब्यू मैच खेल रहे रजत पाटीदार 32, श्रेयस अय्यर 27, शुभमन गिल 34 और कप्तान रोहित शर्मा 14 रन बनाकर आउट हुए। शोएब बशीर और रेहान अहमद ने दो-दो विकेट लिए। टॉम हार्टले और एंडरसन ने एक-एक विकेट लिए।

### इंग्लैंड के प्लेइंग-11 में एंडरसन की वापसी

इंग्लिश टीम दूसरे मैच के लिए प्लेइंग-11 का ऐलान एक दिन पहले ही कर दी थी। टीम में तेज गेंदबाज मार्क वुड की जगह जेम्स एंडरसन की वापसी हुई है। वहीं स्पिनर जैक लीच के बाहर हो जाने के बाद शोएब बशीर डेब्यू करेंगे। लीच हैदराबाद में पहले टेस्ट के दौरान इंजर्ड हो गए थे। फील्डिंग के दौरान उनके घुटने में चोट लगी थी।



# क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने सालाना पुरस्कारों का ऐलान किया

## मार्श को एलन बॉर्डर मेडल, गार्डनर को बेलिंडा क्लार्क अवॉर्ड



**मेलबर्न (एजेंसी)।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने साल 2023 के एनुअल अवॉर्ड्स का ऐलान कर दिया है। यहां मेलबर्न के क्राउन कैसीनो में बुधवार को एक समारोह में ऑस्ट्रेलियाई बोर्ड ने अपने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। ऑलराउंडर मिचेल मार्श को एलन बॉर्डर मेडल मिला, जबकि एश्ले गार्डनर को बेलिंडा क्लार्क अवॉर्ड से नवाजा किया। ये दोनों ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के सबसे बड़े अवॉर्ड हैं, जो अंपायर्स, खिलाड़ियों और मीडिया की वोटिंग के आधार पर दिए जाते हैं।

**मार्श को सबसे ज्यादा 223 वोट-** ऑलराउंडर मिचेल मार्श ने एलन बॉर्डर मेडल के लिए सबसे ज्यादा 223 वोट मिले। उन्होंने इस मेडल की रेस में कप्तान पैट कमिंस को 79 वोट से पीछे छोड़ा। कंगारू टीम को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप और वर्ल्ड कप जिताने वाले कप्तान कमिंस को 144 वोट मिले। इन दोनों के अलावा, बल्लेबाज स्टीव स्मिथ के खाते में 141 वोट आए। तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क चौथे स्थान पर रहे। उन्हें 135 वोट मिले। इस सूची में ट्रेविस हेड (134 वोट) 5वें नंबर पर रहे।

# पूर्व इंटरनेशनल क्रिकेटर प्रशांत वैद्य चेक बाउंस मामले में गिरफ्तार

## निजी मुचलके पर रिहा भी हुए, नागपुर के स्थानीय व्यापारी से स्टील खरीदा था



**नागपुर (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज प्रशांत वैद्य बुधवार को चेक बाउंस मामले में गिरफ्तार किए गए। उन्हें नागपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया और फिर न्यायालय ने एक निजी मुचलके पर रिहा कर दिया। नागपुर पुलिस ने 56 साल के वैद्य के खिलाफ यह कार्रवाई गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट पर की।

वैद्य वर्तमान में विदर्भ क्रिकेट संघ की क्रिकेट विकास समिति के प्रमुख हैं। उन्होंने 90 के दशक में भारत की ओर से चार वनडे मैच खेला है। वे 1995 एशिया कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा रहे हैं।

**चेक बाउंस होने पर व्यापारी को पैसे देने से इंकार किया-** बजाज नगर पुलिस स्टेशन के निरीक्षक विट्ठल सिंह राजपूत ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद वैद्य को अदालत में पेश किया गया। फिर अदालत ने उन्हें निजी मुचलके पर रिहा कर दिया।

# क्रिकेटर शेफाली वर्मा की टी-20 रैंकिंग सुधरी

## विश्व की टॉप 16 महिला बल्लेबाजों में सुमार हुईं; एक पायदान की बढ़ोतरी

**रोहतक (एजेंसी)।** रोहतक की रहने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की प्लेयर शेफाली वर्मा के बेहतर प्रदर्शन की बदौलत टी20 रैंकिंग में सुधार आया है। अब शेफाली वर्मा टी20 में विश्व के 16 महिला बल्लेबाजों में शामिल हो गई हैं। उनकी रैंकिंग में एक पायदान का सुधार व बढ़ोतरी हुई है। पहले शेफाली वर्मा टी20 क्रिकेट में महिला बल्लेबाजों में 17वें पायदान पर थीं। वहीं, अब उनकी रैंकिंग 16 हो गई है।



शेफाली वर्मा बल्लेबाजी के साथ-साथ गेंदबाजी में भी अपना हाथ आजमा रही हैं। ऑल राउंडर बल्लेबाजी की बदौलत कई बार टीम को जीत हासिल करवा चुकी हैं। वहीं, महिला टी20 की ऑल राउंडर रैंकिंग में 104 अंकों के साथ 39वें स्थान पर हैं। जबकि, वन-डे में बल्लेबाजी की बात करें तो शेफाली वर्मा 355 रेटिंग के साथ 54वें स्थान पर हैं।

# ओपन-नेशनल में गोल्ड जीतकर पेश की भारतीय टीम की दावेदारी

## मंजू के पिता ने जमीन गिरवी रखी, साहिल के पिता ने कर्ज लेकर दिलाए जूते

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब की वॉक रेसर मंजू रानी और साहिल ने यहां चंडीगढ़ में आयोजित ओपन नेशनल वॉक रेसिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करके भारतीय मिक्स्ड टीम के लिए दावेदारी पेश की। यह टीम अप्रैल महीने में तुर्की में होने वाली वर्ल्ड



वॉकिंग चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी, जो पेरिस ओलिंपिक 2024 का क्वालिफाइंग इवेंट है। पेरिस ओलिंपिक में वॉक रेस की मिक्स्ड कैटेगरी को शामिल किया गया है।

मंजू नेशनल चैंपियनशिप की 20 किमी और 10 किमी में नंबर-1 रही, जबकि साहिल ने 10 किमी में पहला और 20 किमी में 5वां स्थान हासिल किया। 2 साल की उम्र में मां को खोने वाली मंजू के पिता को जमीन भी गिरवी रखनी पड़ी। उन्हें 5 साल पहले खराब प्रदर्शन की वजह से साई के भोपाल सेंटर से बाहर कर दिया गया था। दूसरी ओर, साहिल के पिता को उनके डाइट के लिए लोगों से कर्ज लेने पड़े।

**साल की उम्र में मां गुजर गईं, पिता ने साथ दिया-** एशियन गेम्स की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट मंजू अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता को देती हैं। वे कहती हैं कि अगर पापा का नहीं मिलता, तो शायद मेरा देश के लिए इंटरनेशनल मेडल (मंजू ने एशियन गेम्स में रामबाबू के साथ 35 चरू मिक्स्ड रेस में ब्रॉन्ज जीता) जीतने का सपना पूरा नहीं होता।

वे बताती हैं- मैं जब 2 साल की थी, तब मेरी मां का देहांत हो गया। तब मेरा भाई-5 साल का था। मेरे पिता ने हम दोनों को पाला और हर जरूरतों को पूरा किया। जब मैंने उनसे बाहर जाकर ट्रेनिंग करने का अनुरोध किया। तब गांव वालों ने पिता को मना भी किया। यहां तक की कई रिश्तेदारों ने भी ताने मारे। लोगों ने यहां तक कहा कि बिना मां की बेटी है, बाहर ट्रेनिंग के लिए भेजना सही नहीं है। मेरे पिता ने सबको नजर अंदाज करते हुए मेरा साथ दिया। मुझे ट्रेनिंग के लिए बाहर भेजा।

**डाइट के लिए पिता को जमीन गिरवी रखनी पड़ी -** डाइट के लिए पिता को जमीन गिरवी रखनी पड़ी शुरुआत में डाइट और खेल के बुनियादी सुविधाओं के लिए भी संघर्ष करना पड़ा। मेरे पिता किसान थे। ऐसे में यह सब जुटाना उनके लिए कठिन था।

# डब्ल्यूसीएल में एक साथ खेलेंगे युवराज, ब्रेट ली और रैना

## फिल्म एक्टर अजय देवगन ब्रांड एंबेसडर, जुलाई में इंग्लैंड में खेली जाएगी लीग

**एजबेस्टन (एजेंसी)।** युवराज सिंह, सुरेश रैना, शाहिद अफरीदी, केविन पीटरसन और ब्रेट ली जैसे दिग्गज क्रिकेटर्स एक बार फिर खेलते नजर आएंगे। ये सभी सितारे इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड से मान्यता प्राप्त वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लिजेंड्स में एक साथ खेलते नजर आएंगे। यह लीग में 3 से 18 जुलाई तक इंग्लैंड के एजबेस्टन में मैदान पर होगी।

इस लीग से जाने माने फिल्म एक्टर अजय देवगन का नाम भी जुड़ गया है। वे इस लीग के ब्रांड एंबेसडर बने हैं। उन्होंने कहा- एक क्रिकेट प्रेमी के तौर पर लीजेंड्स क्रिकेटर्स को



फिर से एक्शन में देखना एक सपना है। जो सच हो गया। यह टूर्नामेंट न केवल क्रिकेट की पुरानी यादों को सामने लाता है, बल्कि सिनेमा और क्रिकेट के बीच एक अद्वितीय सहयोग का भी प्रतीक है।

**बड़ी क्रिकेटिंग कंट्रीज के खिलाड़ी शामिल होंगे-** इस लीग में भारत, पाकिस्तान और इंग्लैंड के अलावा ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज से भी ऐसे खिलाड़ी शिरकत कर सकेंगे जो या तो रिटायर हो चुके हैं या इस समय किसी बोर्ड के कॉन्ट्रैक्ट में नहीं बंधे हैं।

# पृथ्वी शॉ रणजी ट्रॉफी के लिए फिट

## मुंबई ने रेड बॉल स्क्वॉड में शामिल किया, 2 फरवरी को बंगाल से मुकाबला



**मुंबई (एजेंसी)।** टीम इंडिया के विस्फोटक ओपनर पृथ्वी शॉ कमबैक के लिए तैयार हैं। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एनसीए) ने उन्हें रणजी ट्रॉफी के स्क्वॉड में शामिल किया है। इंजरी से रिकवरी करने के बाद 24 साल के बैटर पूरी तरह फिट हैं और 2 फरवरी को ईडन गार्डन्स स्टेडियम में बंगाल के खिलाफ मैच भी खेलेंगे।

**एनसीए से मिला क्लियरेंस-** पृथ्वी शॉ पिछले साल सितंबर में इंजर्ड हो गए थे। इंग्लैंड में वनडे कप खेलने के दौरान उनका घुटना चोटिल हो गया। तब से वह बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) में इलाज करा रहे थे। 5 महीने की रिकवरी के बाद अब एनसीए ने उन्हें पूरी तरह फिट घोषित कर दिया है।

# आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन ने केएस भरत को सम्मानित किया

## घर में टेस्ट खेलने वाले राज्य के दूसरे खिलाड़ी, कहा- टीम पर प्रेशर नहीं

**विशाखापट्टनम (एजेंसी)।** टीम इंडिया के विकेटकीपर केएस भरत को गुरुवार को वाईएस राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) ने सम्मानित किया। भरत अपने घर में इंटरनेशनल टेस्ट खेलने वाले राज्य के दूसरे क्रिकेटर होंगे। इससे पहले हनुमा विहारी 2 अक्टूबर 2019 को साउथ अफ्रीका के खिलाफ विशाखापट्टनम में खेले थे।

केएस भरत ने प्री मैच कॉन्फ्रेंस में कहा कि पहला टेस्ट हारने के बाद भारतीय टीम घबराई नहीं है। टीम के ऊपर कोई प्रेशर नहीं है। टीम इंडिया को हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड के खिलाफ 28 रन से हार मिली थी। भारत ने दूसरे टेस्ट के लिए प्लेइंग इलेवन घोषित नहीं की है, लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक भरत का दूसरा टेस्ट खेलना लगभग तय है।

**आंध्र के तीन खिलाड़ी भारत से खेले-** केएस भरत सहित आंध्र के केवल तीन खिलाड़ी टेस्ट में भारत की ओर से खेल पाए हैं, जिसमें एमएसके प्रसाद और हनुमा विहारी शामिल हैं।

सीरीज बड़ी है, हमें प्रेशर नहीं - भरत



गेम के बाद माहौल बिल्कुल रिलेक्स्ड था। कोच ने हमसे प्रेशर में नहीं आने को कहा। यह एक लंबी टेस्ट सीरीज है, और हमने कई ऐसी टेस्ट सीरीज खेली हैं।

भरत ने टीम की बैटिंग अप्रोच के बारे में कहा कि बल्लेबाजी को लेकर हम क्लियर है। हमे फ्रीडम से बैटिंग करनी है। नेट्स पर बैटर्स ने बॉलिंग और बॉलर्स ने बैटिंग की प्रैक्टिस भी की। हालांकि, बड़ा स्कोर खड़ा करना बल्लेबाजों का काम है।

# खेल बजट में 45 करोड़ रुपए का इजाफा, खेलो इंडिया पर ज्यादा फोक्स

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** खेल मंत्रालय को गुरुवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए अंतरिम बजट में 3,442.32 करोड़ रुपए आवंटित किए गए जिसमें पिछले साल की तुलना में 45.36 करोड़ रुपए का इजाफा किया गया। पिछले बजट में खेल मंत्रालय को 3,396.96 करोड़ रुपए आवंटित हुए थे। इस 2024-25 वित्तीय वर्ष के दौरान देश का मुख्य ध्यान पेरिस में 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले ओलिम्पिक खेल पर लगा होगा।

खेलो इंडिया को पिछले बजट में 20 करोड़ रुपए का इजाफा कर 900 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे। राष्ट्रीय शिविर आयोजित करने वाले, खिलाड़ियों को बुनियादी ढांचा और उपकरण मुहैया कराने वाले और कोचों की नियुक्ति के अलावा अन्य काम करने वाले भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के बजट में पिछले साल की तुलना में 26.83 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी की गई जिससे अब यह 795.77 करोड़ रुपए का होगा। राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) के 2023-24 के 325 करोड़ रुपए बजट में इस दफा 15 करोड़ रुपए का इजाफा किया गया।

राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) को इस अंतरिम बजट में 22.30 करोड़ रुपए



आवंटित किए गए जो 2023-24 वित्तीय वर्ष में 21.73 करोड़ रुपए का था। राष्ट्रीय डोप जांच प्रयोगशाला (एनडीटीएल) को पिछले बजट की तुलना में ढाई करोड़ रुपए ज्यादा 22 करोड़ रुपए आवंटित किए गए। राष्ट्रीय खेल विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र के बजट को 10 करोड़ रुपए से घटाकर 8 करोड़ रुपए कर दिया गया जबकि राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय के लिए पिछली बार के 83.21 करोड़ रुपए के बजट को बढ़ाकर 91.90 करोड़ रुपए कर दिया गया। खिलाड़ियों को मिलने वाले भत्ते के बजट में काफी घटोतरी की गई जो 84 करोड़ से 39 करोड़ रुपए कर दिया गया।

राष्ट्रीय खेल विकास कोष के बजट में भी कटौती की गई जिसे 46 करोड़ से घटाकर 18 करोड़ रुपए कर दिया गया। पिछले बजट में राष्ट्रमंडल खेलों के लिए 15 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे जिसे अब 0.01 करोड़ रुपए कर दिया गया क्योंकि इस वर्ष इनका आयोजन नहीं किया जाएगा। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) अध्यक्ष पीटी ऊषा ने कहा कि कोष में बढ़ोतरी से खिलाड़ियों को विशेष ट्रेनिंग कार्यक्रम लेने में मदद मिलेगी।

# मेट्रो, रैपिडेक्स और रेल; दिल्ली-एनसीआरकी तेज होने वाली है रफ्तार, बजट में मिला पैसा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-मेरठ के बाद नमो भारत के दूसरे रूटों को भी रफ्तार मिलेगी। बजट भाषण में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इसका उल्लेख किया है। नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (एनसीआरटीसी) को गत वर्ष की तरह इस बार भी 3596 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। दिल्ली-मेरठ रूट के बाद दिल्ली अलवर रूट पर काम शुरू होना है।

बजट भाषण में केंद्र सरकार ने दर्शाया है कि शहरों के बीच आसान सफर के लिए नमो भारत ट्रेन उसकी प्राथमिकता में शामिल है। इससे नमो भारत के दूसरे ट्रैक पर जल्दी काम शुरू होने की उम्मीद है। दिल्ली-मेरठ रूट पर 17 किलोमीटर की दूरी में नमो भारत का संचालन हो रहा है। अगले वर्ष तक सरायकाले खां से मेरठ के बीच नमो भारत दौड़ने लगेगी। एनसीआरटीसी ने इसके साथ दिल्ली-अलवर रूट पर तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए गुरुग्राम में रूट बदला जा रहा है। एयरोसिटी के बाद नमो भारत का संचालन यहां एनएच पर ही होगा। इस ट्रैक को जल्द ही केंद्र सरकार से मंजूरी मिलने की उम्मीद है। नमो भारत ट्रेन सरकार की प्राथमिकता में शामिल हैं। इसे वर्ष 22-23 में 4710 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे। 2023-24 और 2024-25 में प्रतिवर्ष 3596 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि लगातार काम चल रहा है और भविष्य में दूसरे ट्रैक पर काम शुरू होने पर आवंटन बढ़ सकता है। राजधानी में रेलवे से संबंधित विकास कार्यों और सुरक्षा के लिए केंद्र ने बजट में 2577 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का दावा है कि यूपीए-2 सरकार के समय में दिल्ली रेलवे को मिलने वाली राशि का यह 25 गुना से भी ज्यादा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024-25 के लिए दिल्ली डिवीजन को मिले बजट से दिल्ली से अलवर के बीच 104 किलोमीटर का नया ट्रैक बनाया जाएगा। नई दिल्ली से तिलक ब्रिज के बीच 5वीं और छठी लाइन बनाई जाएगी, जिसकी लंबाई 2.65 किलोमीटर है। बजट में मेट्रो विस्तार को गति देने के ऐलान के बाद साहिबाबाद से नोएडा सेक्टर-62 तक मेट्रो रूट की उम्मीद भी जगी है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) इस योजना पर लंबे समय से काम कर रहा है। जीडीए मेट्रो की रेड और ब्लू लाइन को जोड़ने में जुटा है। इसे लेकर प्राधिकरण ने दिल्ली मेट्रो



रेल कॉरपोरेशन से संशोधित डीपीआर तैयार कराई है। जीडीए ने संशोधित डीपीआर शासन को भेज दी है। अब शासन स्तर से इस संशोधित डीपीआर को अप्रूवल दिया जाएगा। अंतरिम बजट से गौतमबुद्ध नगर की मेट्रो, नमो भारत ट्रेन और जेवर से चोला, खुर्जा और पलवल तक ट्रेन लाइन परियोजना को गति मिलेगी। ग्रेनो वेस्ट मेट्रो, सेक्टर-142 मेट्रो रूट के लिए फंड का इंतजाम हो सकेगा। इसी तरह गाजियाबाद से जेवर एयरपोर्ट तक प्रस्तावित नमो भारत ट्रेन में फंड की कमी आड़े नहीं आएगी। नमो भारत ट्रेन गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट तक 72.2 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर पर चलेगी। नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड कंपनी एक्वा लाइन मेट्रो का विस्तार करेगी। एनसीआर प्लानिंग बोर्ड के लिए बजट में 55 करोड़ रुपए दिए गए हैं। पिछले वर्ष एनसीआर प्लानिंग बोर्ड को 65 करोड़ रुपए आवंटित हुए थे। लेकिन संशोधित बजट में इसे घटाकर 55 करोड़ कर दिया गया। दिल्ली में अर्बन आर्ट कमीशन को 5.25 करोड़ रुपए का आवंटन बजट में किया गया है।

## एलएसी पर टकराव की स्थिति में उचित तरीके से निपटा जाता है, चरवाहों-चीनी सैनिकों के विरोध पर विदेश मंत्रालय का जवाब

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के निकट भारतीय चरवाहों व चीनी सैनिकों के बीच टकराव की स्थिति पैदा होने पर गुरुवार को विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्ष सीमावर्ती क्षेत्रों में पारंपरिक चरागाह क्षेत्रों से अवगत हैं और टकराव की स्थिति में मौजूदा तंत्र के तहत निपटा जाता है। यह जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने पत्रकार वार्ता में पूछे गए सवाल में दी। गत माह पूर्वी लद्दाख में चीनी सैनिकों ने भारतीय चरवाहों को रोक दिया था। घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ था। इस दौरान हाल ही में काबुल में तालिबान द्वारा आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन में भागीदारी के सवाल पर उन्होंने कहा कि इसे भारत की अफगान लोगों के साथ लंबे समय से चली आ रही दोस्ती के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। हम अफगानिस्तान में क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न प्रारूपों में कई बैठकों में भाग लेते रहे हैं। इस दौरान उन्होंने मालदीव की आंतरिक राजनीतिक स्थिति पर प्रतिक्रिया देने से इन्कार कर दिया। वर्तमान में द्वीप राष्ट्र राजनीतिक उथल-पुथल से जूझ रहा है। म्यांमार में सैन्य तख्तापलट के तीन साल पूरे होने के सवाल पर उन्होंने कहा एक पड़ोसी देश और म्यांमार के मित्र के रूप में भारत लंबे समय से हिंसा की पूर्ण समाप्ति और समावेशी संघीय लोकतंत्र की ओर म्यांमार के परिवर्तन की वकालत करता रहा है। भारत, म्यांमार में शांति और स्थिरता की वापसी चाहता है। शामिल होने के इजरायल के आरोप के बाद विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने गुरुवार को कहा कि भारत फलस्तीन की द्विपक्षीय और संयुक्त राष्ट्र दोनों माध्यमों से मदद जारी रखेगा।

## बजट से जगी अपने घर की उम्मीद, एनसीआर के इस शहर में सवा लाख लोगों को मिलेगा आशियाना

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अंतरिम बजट के बाद गाजियाबाद में अनियमित घरों में रहने वाले करीब सवा लाख परिवारों के घर का सपना पूरा होने की उम्मीद जगी है। वहीं, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को मकान मिलने का सपना साकार हो सकता है। दिल्ली एनसीआर में नौकरी करने वालों में बड़ी संख्या में लोग गाजियाबाद में रहना पसंद करते हैं। ऐसे में यहां मकान की काफी मांग रहती है। इसी मांग को पूरा करने के लिए जनपद में हर वक्त ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट तैयार हो रहे हैं।

बजट में मध्य वर्ग के लिए योजना बनाने की घोषणा से यहां अनियमित घरों में रहने वाले लोगों को राहत मिलेगी। उनके घर का सपना पूरा होने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। बिल्डरों के संगठन क्रेडाई एनसीआर के अध्यक्ष मनोज गौड़ का कहना है कि मध्य वर्ग के घर का सपना पूरा करने के लिए बजट में योजना बनाने की बात कही गई है। ऐसे में अफोर्डेबल हाउसिंग को फायदा होगा। नई योजना बनने से ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट आएंगे, जिससे लोगों के घर का सपना भी पूरा होगा। यह बजट इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने वाला है।

## यूसीसी लागू करने वाला पहला राज्य बनेगा उत्तराखंड, कमेटी ने सौंपा ड्राफ्ट, सरकार 6 फरवरी को पेश करेगी विधेयक

**देहरादून, एजेंसी।** सीएम पुष्कर सिंह धामी सरकार ने उत्तराखंड में समान नागरिक सहिता-यूनीफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) लागू करने की तैयारी लगभग पूरी कर ली है। यूसीसी के ड्राफ्ट को तैयार करने के लिए गठित विशेषज्ञ कमेटी 2 फरवरी को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को रिपोर्ट सौंप दी है। सीएम धामी सरकार की 03 फरवरी को कैबिनेट बैठक में मंजूरी के बाद 06 फरवरी को विधानसभा सत्र में विधेयक लाएगी। अगर ऐसा होता है तो यूसीसी लगू करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य बना जाएगा। उत्तराखंड विधानसभा सत्र 05 फरवरी से शुरू हो रहा है। आपको बता दें कि धामी ने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान उत्तराखंड में यूसीसी को लागू करने का वादा किया था। सीएम धामी सरकार उत्तराखंड में यूसीसी लागू करने के लिए सरकार एक कदम और आगे बढ़ गई है। विदित हो कि सीएम धामी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता



में पांच सदस्यीय कमेटी गठित की थी। मई 2022 में गठित कमेटी को उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता का ड्राफ्ट तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। विशेषज्ञ कमेटी ने ड्राफ्ट तैयार करने से पहले 143 बैठकें कीं और 2.31 लाख से ज्यादा लोगों से सुझाव लिए गए थे। सरकार ने पिछली बार सितंबर में कमेटी का कार्यकाल चार महीने के लिए बढ़ा दिया था, जो समय सीमा अब 25 जनवरी को समाप्त हो गई थी। इसके बाद सरकार ने फिर इसका कार्यकाल बढ़ाया। पहले माना जा रहा है कि अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बाद राज्य सरकार को रिपोर्ट मिल जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ था। सीएम धामी का कहना था कि यूसीसी पर राज्य की जनता से किए गए वादे को भी पूरा किया जा रहा है। विदित हो कि समान नागरिक संहिता पर बनाई गई कमेटी का विगत दिनों कार्यकाल बढ़ाया गया था, लेकिन सीएम धामी के संकेत के बाद माना जा रहा है कि उत्तराखंड में यूसीसी लागू हो सकता है। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी की अध्यक्षता में तीन फरवरी को कैबिनेट बैठक होने जा रही है। सचिव गोपन शैलेश बगोली ने मंगलवार को सभी मंत्रियों को इसकी सूचना भेज दी है। कैबिनेट बैठक में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर विधेयक लाने की मंजूरी, नई आबकारी नीति पर मुहर के साथ ही अन्य कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को हरी झंडी मिल सकती है।

## टेस्ट ट्यूब बेबी भी बन गया पिता, एक ही अस्पताल में पैदा हुए बाप और बेटा

**मुंबई, एजेंसी।** 30 साल पहले चेंबूर के एक कपल ने मुंबई के अस्पताल में टेस्ट ट्यूब बेबी को जन्म दिया था। अब वह टेस्ट ट्यूब बेबी लव सिंह भी पिता बन गए हैं। गौर करने वाली बात है कि लव सिंह की पत्नी हरलीन कौर में उसी अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया है जिसमें लव का जन्म हुआ था। लव के माता-पिता चेंबूर के रहने वाले थे। उन्होंने मुंबई के जसलोक अस्पताल में ही टेस्ट ट्यूब तकनीक की मदद से लव को जन्म दिया था। उस सयम यह तकनीक काफी नई थी। उनसे आठ साल पहले टेस्ट ट्यूब तकनीक से हर्षा चावड़ा शाह का जन्म हो चुका था। हालांकि लव का जन्म इंट्रासाइटोप्लाज्मिक स्पर्म इंजेक्शन (आईसीएसआई) से कराया गया जो कि और एडवांस तकनीक थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक लव सिंह अब एक प्रॉपर्टी ऐडवोकेट हैं। 28 जनवरी को वह भी जसलोक अस्पातल में ही पिता बन गए।

## इमरान की पार्टी के 39 कार्यकर्ता गिरफ्तार, कराची पुलिस ने पुलिसकर्मियों पर हमला करने का दिया हवाला

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में पुलिस ने एक रैली के दौरान हिंसा को लेकर इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआइ) के कार्यकर्ताओं के विरुद्ध कार्रवाई तेज कर दी है। कराची पुलिस के प्रवक्ता ने कहा कि दंगा, पुलिसकर्मियों पर हमला और सरकारी वाहनों में तोड़फोड़ के आरोप में 39 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। तीन दिन में पीटीआइ के 72 कार्यकर्ता गिरफ्तार किए गए हैं। आम चुनाव से महज एक सप्ताह पहले कानून प्रवर्तन एजेंसियां कराची में पीटीआइ कार्यकर्ताओं की



गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।इधर, पाकिस्तान निर्वाचन आयोग खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांतों में बिगड़ रही कानून एवं व्यवस्था को लेकर बैठक करेगा। दोनों राज्यों में रैलियों, कार्यालयों और प्रत्याशियों पर हमले तेज हो गए हैं। इसके साथ ही आतंकी घटनाएं भी बढ़ गई हैं। बलूचिस्तान के ग्वादर जिले में पासानी तहसील में बडोक जांच चौकी पर बीबीए पांचवें सेमेस्टर के छात्र महबूब को सुरक्षा बलों ने बस से उतारकर हिरासत में ले लिया। इसके विरोध में बलूच छात्रों ने सड़क जाम कर दिया। इससे वाहनों की आवाजाही अवरुद्ध हो गई। इसके अलावा राज्य के खारान जिले से अख्तर ल्पांजाई नामक युवक को हिरासत में लेकर अज्ञात स्थान पर ले गया है।

# इजरायल-हमास युद्धः शांति वार्ता के लिए काहिरा पहुंचे हमास नेता

**तेल अवीव, एजेंसी।** हमास के राजनीतिक प्रमुख इस्माइल हानियेह के नेतृत्व में वरिष्ठ नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल गाजा पट्टी में इजरायल के साथ चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए शांति वार्ता के लिए मिस्त्र की राजधानी काहिरा पहुंच गया है। प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ नेता मूसा अबू मरज़ूक और खलील अल हया भी शामिल हैं। गुरुवार को काहिरा पहुंचे और अपने खुफिया प्रमुख मेजर जनरल अब्बास कामेल के नेतृत्व में मिस्त्र के अधिकारियों के साथ बैठकें कीं।

मिस्त्र के सूत्रों के अनुसार, चर्चा पिछले सप्ताह पेरिस में चल रही शांति वार्ता पर केंद्रित है, इसमें कतर, मिस्त्र, अमेरिका और इजरायली अधिकारियों ने भाग लिया था। पेरिस चर्चा के अनुसार, हमास की हिरासत में बंधकों की रिहाई के लिए एक व्यापक रूपरेखा पर सहमति बनी है, इसके तहत पहले चरण में 35 बंधकों को रिहा किया जाएगा, जिसमें बूढ़े, बीमार और महिला कैदी शामिल हैं। जहां हमास युद्ध को स्थायी रूप से रोकना चाहता था, वहीं इजरायल ने इस प्रस्ताव को



सिरे से खारिज कर दिया था।

इज़रायली प्रधान मंत्री कार्यालय (पीएमओ) के सूत्रों के अनुसार, इज़राइल पक्ष पहले चरण में छह सप्ताह के संघर्ष विराम के लिए सहमत हो गया है, जिसमें 35 बंधकों को रिहा किया जाएगा। जबकि हमास चाहता है कि इज़रायली जेलों में बड़ी संख्या में फ़िलिस्तीनियों को इज़रायली बंधकों के बदले दिया जाए, लेकिन इज़रायल इस पर सहमत नहीं है।

अधिकारियों के मुताबिक, इजरायल ने कहा है कि वह जितने इजरायली बंधकों को रिहा करेगा, उससे तीन गुना ज्यादा बंधकों को रिहा करेगा। पिछले साल 24 नवंबर से 1 दिसंबर तक इज़राइल और हमास के बीच एक सप्ताह के शांति संघर्ष में, हमास द्वारा बंधक बनाए गए 105 बंधकों को रिहा कर दिया गया।

## नाराज हैं यूरोप के किसान, बेल्जियम की राजधानी में ट्रैक्टर्स से सड़कें की जाम, आगजनी

**ब्रुसेल्स, एजेंसी।** यूरोपीय देशों में इन दिनों किसान विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और सड़कों पर उतरे हुए हैं। गुरुवार को यूरोपीय यूनियन की बैठक हुई, जिसमें यूक्रेन को और आर्थिक मदद देने का एलान किया गया। वहीं बेल्जियम की राजधानी ब्रुसेल्स में किसान सड़कों पर उतरे और शहर की कई सड़कों को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारी किसानों ने ट्रैक्टर्स से पूरे शहर में मार्च किया और इस दौरान सड़कों पर अंडे फेंके गए, जगह-जगह आगजनी हुई। यूरोपीय देशों में किसान संगठन नाराज चल रहे हैं। किसानों का आरोप है कि उन्हें खेती के लिए अच्छे पैसे नहीं मिल रहे हैं। साथ ही उन पर टैक्स लादे जा रहे हैं। पर्यावरण संबंधी प्रतिबंधों ने उन्हें और परेशान कर दिया है। यूरोप के किसानों की ये भी शिकायत है कि उन्हें विदेश से कड़ी प्रतिस्पर्धा का भी सामना करना पड़ रहा है। खासकर यूक्रेन से आने वाले सस्ते आयात से उनकी परेशानी कई गुना बढ़ गई है। बता दें कि रूस यूक्रेन युद्ध के चलते यूरोपीय देशों ने यूक्रेन से आने वाले कृषि आयात को कई छूट दी हैं, जिससे यूक्रेन समेत अन्य देशों से सस्ती कृषि उपज यूरोप के बाजारों में आ रही है, जिससे स्थानीय किसानों को कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है इससे वे नाराज हैं। गुरुवार को बेल्जियम की राजधानी ब्रुसेल्स में करीब एक हजार ट्रैक्टर्स सड़कों पर उतरे। किसान यूरोपीय यूनियन पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं ताकि उनकी परेशानी पर भी ध्यान दिया जाए और उनके लिए आर्थिक मदद का एलान किया जाए। गौरतलब है कि प्रदर्शन के बाद बेल्जियम के प्रधानमंत्री ने भी किसानों की परेशानियों पर चिंता जाहिर की है और इस मुद्दे पर चर्चा की बात कही है।

## अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में पिछड़ीं निक्की हेली, बाइडन-ट्रंप को बताया खड़ूस

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद की दावेदार भारतीय मूल की निक्की हेली ने रिपब्लिकन पार्टी में अपने प्रतिद्वंदी डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेट पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के दावेदार मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन की बढ़ती उम्र पर निशाना साधा है। निक्की हेली साउथ कैरोलिना में प्रचार में जुटी हैं, जहां 24 फरवरी को प्राइमरी चुनाव होंगे। साउथ कैरोलिना, निक्की हेली का गढ़ है और वहीं से वे गवर्नर रही हैं। यही वजह है कि वह साउथ कैरोलिना में जोर-शोर से अपना चुनाव अभियान चला रही हैं। निक्की हेली ने अपने प्रचार अभियान में डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडन को गुस्सैल बुजुर्ग बताया है। हेली ने सोशल मीडिया पर भी एक तस्वीर साझा कर दोनों नेताओं की



बढ़ती उम्र को निशाना बनाया है। जो बाइडन 81 साल के हैं और डोनाल्ड ट्रंप 77 साल के। हेली की प्रचार अभियान टीम ने बयान जारी कहा है कि ट्रंप कहते हैं कि वह 20 साल पहले जितने तेज थे, उससे ज्यादा अब दिमागी तौर पर तेज हैं, लेकिन अगर ऐसा है तो वे निक्की हेली से डिबेट क्यों नहीं कर रहे इसकी वजह साफ है कि बुजुर्ग नेता मुश्किल सवालों के जवाब नहीं देना चाहते। निक्की हेली, साउथ कैरोलिना में ट्रंप से 26 पॉइंट पीछे चल रही हैं। वहीं राष्ट्रीय स्तर पर भी निक्की हेली, ट्रंप से 54 पॉइंट पीछे हैं। गौरतलब है कि अगर जो बाइडन और निक्की हेली के बीच राष्ट्रपति चुनाव की टक्कर होती है तो निक्की हेली, बाइडन से काफी आगे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### केरल में जज को धमकी देने के आरोप में चार गिरफ्तार, पुलिस ने बढ़ाई सुरक्षा

**अलाप्पुझा।** केरल पुलिस ने भाजपा ओबीसी मोर्चा के नेता रंजीत श्रीनिवासन की हत्या के मामले में फैसला सुनाने वाले जज को धमकी देने के आरोप में चार व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। केरल पुलिस ने बुधवार को मावेलिक्कारा के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वीजी श्रीदेवी को मिली धमकियों को गंभीरता से लेते हुए उनकी सुरक्षा बढ़ा दी है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी जल्द ही सामने आएगी, क्योंकि जांच अभी भी जारी है। अदालत ने मंगलवार को अलप्पुझा जिले में 2021 में हुई भाजपा नेता की हत्या के मामले में अब प्रतिबंधित संगठन पीएफआइ से जुड़े 15 लोगों को मौत की सजा सुनाई थी। इसके बाद इंटरनेट मीडिया में न्यायाधीश के खिलाफ अपमानजनक पोस्ट सामने आए और प्रसारित किए गए।

### छत्तीसगढ़ में पहली बार किसी नाबालिग को आजीवन कारावास की सजा

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के इतिहास में यह पहला मामला है जिसमें किसी नाबालिग को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। यह मामला बालौदाबाजार का है, जहां 7 साल की नाबालिग से रेप और उसकी हत्या के मामले में कोर्ट ने सजा सुनाते हुए तीन लोगों को आजीवन कारावास में भेज दिया है। कोर्ट ने मामले में इस केस में अरेस्ट हुए एक नाबालिग समेत उसकी मां और पड़ोसी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह घटना 25 मई साल 2021 की है, जिले के पौंसरी गांव के एक कुंए में बच्ची की शव मिला था। जब पुलिस की मौजूदगी में बच्ची के शव को निकाला गया तो उसके हाथ पैर बंधे हुए थे। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरु कर दी थी। पुलिस की जांच में पता चला कि बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ है फिर उसकी हत्या की गई है। पुलिस को पूछताछ में पता चला कि बच्ची अपने पड़ोसी के घर खेलने गई थी।

### बजट में बढ़ती हुई महंगाई से त्रस्त जनजीवन को नकारना दुखदः मायावती

**लखनऊ, एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने संसद में पेश हुए केंद्रीय बजट पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा चुनाव से पूर्व, संसद में पेश बजट जमीनी वास्तविकता से दूर, चुनावी लुभावने वाला ज्यादा है। बजट में देश की गरीबी, बेरोजगारी व बढ़ती हुई महंगाई से त्रस्त जनजीवन को नकारना दुखद व चिंतनीय है। उन्होंने लिखा, देश की अर्थव्यवस्था व विकास संबंधी सरकारी दावों व वादों में जमीनी सच्चाई होती तो देश के 80 करोड़ से अधिक लोगों को फ्री में राशन का मोहताज बनकर जीवन जीने को मजबूर नहीं होना पड़ता। गौरतलब है कि केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को वित्तवर्ष 24-2025 का अंतरिम बजट पेश किया। इसमें कई योजनाओं की घोषणा की गई है।

### चंडीगढ़ मेयर चुनाव मामले में सुनवाई को तैयार सुप्रीम कोर्ट

**चंडीगढ़, एजेंसी।** चंडीगढ़ में 30 जनवरी को हुए मेयर चुनाव में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने मिलकर चुनाव लड़ा था। इसके बावजूद भाजपा प्रत्याशी को जीत हासिल हुई थी। आप ने चुनाव में धांधली का आरोप लगाया और हाई कोर्ट का रुख किया। हालांकि हाई कोर्ट ने सुनवाई से इनकार करते हुए याचिका खारिज कर दी। इसके बाद आम आदमी पार्टी सुप्रीम कोर्ट पहुंची। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट याचिका पर सुनवाई को तैयार हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि याचिका मेल पर भेज दो। दोपहर 1 बजे वह सुनवाई करेंगे। बता दें कि आम आदमी पार्टी ने पहले चंडीगढ़ हाई कोर्ट में चुनाव के नतीजों पर रोक लगाने के लिए याचिका दी थी। हालांकि हाई कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी। इसके बाद पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया।ृक्क पार्षद की मांग है कि मेयर चुनाव के नतीजे रद्द कर दिए जाएं। इसके अलावा चुनाव से जुड़े पूरे रिकॉर्ड को सील कर दिया जाए। वहीं चुनावी प्रक्रिया में हुई गड़बड़ी की जांच की जाए।

## पुरानी रंजिश के चलते दिल्ली में कत्ल, युवक के सीने पर चाकू से ताबड़तोड़ वार; मौत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** न्यू उस्मानपुर इलाके में पुरानी रंजिश में बदमाशों ने दो दोस्तों पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में 19 वर्षीय मयंक की मौत हो गई। उसके सीने पर चाकू से कई वार किए गए हैं। वहीं, उसका 24 वर्षीय दोस्त लवकुश बुरी तरह घायल हो गया। उसके पेट में चाकू से हमला किया गया है। फिलहाल घायल का जीटीबी अस्पताल में ईलाज चल रहा है। वहीं, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की पहचान कुनाल, शिवम, अमन और एक अन्य के रूप में हुई है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। मृतक मयंक उस्मानपुर पुस्ता एक के पास चौधरी चंद्र गली स्थित कैथवाड़ा ए-485 में परिवार के साथ रहता था। वहीं, लवकुश ब्रह्मपुरी स्थित मोनिका मंदिर गली संख्या 10 के ए-39 में परिवार के साथ रहता है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129